जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**The Chair Of Inspirations**

"This is the place where Dr. Ambedkar sat and wrote the Constitution of India. I sit here so that it can inspire me to do constructive work." - Raj Kapoor

**When the why walks away**

A certain class of Test cricket, the kind that moved philosophers and CEOs alike, has drawn its curtain

# मेघालय के मु.मंत्री खुश हैं, हनीमूनर्स की वारदात से उनके टूरिज़्म पर आँच नहीं आयेगी

## उनकी खुशी का कारण है, वारदात "उन नॉर्थ इण्डियन्स" का आपसी मामला निकला, मेघालय की जनता का उस वारदात से कुछ लेना-देना नहीं था

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 जून। क्या सोनम बेवफा थी?

इंदौर के जोड़े की रहस्यमय हत्या की इस गुत्थी ने पूरे देश को झकझोर दिया है।

घटना को लेकर सदमा, अविश्वास और दुख है तथा यह सवाल पूछा जा रहा है कि समाज कितना नीचे गिर चुका है, और क्या यह जातिगत राजनीति (कास्ट पॉलिटिक्स) का परिणाम है, जो उन परिवारों में निभाई जाती है, जहाँ एक उच्च जाति की लड़की को निम्न जाति के अपने प्रेमी से शादी करने की इजाज़त नहीं दी जाती। ज्यादातर मामलों में, टियर 2-3 शहरों में माता-पिता अपनी बेटियों को परिवार की इज्जत, और समाज में अपनी स्थिति की वजह से अपनी ही जाति के लड़के शादी करने के लिए मजबूर करते हैं।

क्या सोनम के साथ यही हुआ?

- **पर, क्या यह जानकर, कि सोनम ने सुपारी देकर, अपने पति की हत्या करवायी, इस काण्ड की इतिश्री मान ली जाएगी, जो इस समय पूरे देश को झकझोरे हुए है?**
- **पर, इस काण्ड का असली गुनाहगार वह जात (कास्ट सिस्टम) है, जिसके कारण एक संभ्रांत परिवार सामाजिक इज़्ज़त की वजह से अपनी बेटी के प्रेम संबंध को स्वीकार नहीं कर पाता, क्योंकि उनकी पुत्री का प्रेमी नीची जात का व्यक्ति है।**
- **प्रेम संबंध फलीभूत न होता देख, प्रेमी युगल कुण्ठा में, इस तरह की घिनौनी हत्या को अंजाम देता है।**
- **ऐसी सामाजिक इज़्ज़त को बचाने के प्रयास की घटनाएं आम तो नहीं हैं, नॉर्थ इंडिया" में, पर अनहोनी भी नहीं हैं, छोटे-छोटे शहरों और कस्बों में।**

सोनम और राजा, इंदौर के एक जोड़े ने शादी की और मेघालय हनीमून पर गए।

बाद में पति राजा गायब हो गया और मृत पाया गया।

आज उसकी पत्नी सोनम गाज़ीपुर में पाई गई है और उसका दावा है कि उसे अगवा किया गया और वहां छोड़ दिया गया। लेकिन सोनम का एक प्रेमी है, राज कुशवाहा है, जो पिछड़ी जाति से है, और कथित रूप से दो सुपारी किलर हैं, जिन्होंने राज और सोनम के निर्देश पर पति राजा की हत्या कर दी।

सोनम अपने हनीमून पर जाते समय शादी में मिले सोने के सारे जेवर लेकर गई थी और अपने पिता के खाते से 10 लाख रुपये भी निकाल लिए थे। अब सोनम के पिता सी.बी.आई. जांच की मांग कर रहे हैं।

पुलिस का दावा है कि सोनम और राज इस हत्या में शामिल थे। आगे की पूछताछ से और तथ्य सामने आएंगे।

जब इस जोड़े की गुमशुदगी और राजा रघुवंशी की हत्या की खबरें सुर्खियों में आईं, तो मेघालय के मुख्यमंत्री ने अपने शीर्ष पुलिस अधिकारी को फोन कर जांच तेज़ करने को कहा।

मेघालय सरकार नहीं चाहती थी कि यह संदेश जाए कि इस प्रकरण में स्थानीय लोगों का हाथ है, क्योंकि इससे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## टाइगर के हमले में जैन मंदिर के चौकीदार की मौत

सवाई माधोपुर, 9 जून (निसं)। प्रदेश के सबसे बड़े रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघ ने सोमवार को फिर एक जिंदगी छीन ली। रणथंभौर किले में टाइगर ने जैन मंदिर के चौकीदार को मार डाला। करीब पौने दो माह में टाइगर अटैक के कारण होने वाली यह तीसरी मौत है।

घटना को लेकर रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि रणथंभौर में वन विभाग का सिस्टम बिलकुल फेल है। यहां अधिकारी सिर्फ टाइगर को प्रमुखता

- **गत पौने दो माह में टाइगर के हमले से हुई यह तीसरी मौत है।**
- **स्थानीय लोगों ने रणथंभौर में वन विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि गणेश धाम आने वाले भक्तों को सुरक्षा के भी कोई इतंज़ाम नहीं हैं।**

देते हैं, लोगों की सुरक्षा को नहीं। पहले टाइगर ने एक बालक को मार डाला, फिर वन विभाग के एक कर्मचारी को और फिर आज एक मंदिर के चौकीदार को। लोगों का कहना है कि वन विभाग या पुरातत्व विभाग सुरक्षा के कोई कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वन विभाग गणेश भक्तों की सुरक्षा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# "बाहरी" व्यक्तियों को खदेड़ने के खिलाफ अमेरिका में भारी विरोध व प्रदर्शन

## ट्रम्प ने सशस्त्र "नैशनल गार्ड", अर्द्ध सैनिक बल को लॉस एंजलिस भेजा प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने के लिए, उनके एक उच्चाधिकारी ने "मरीन्स" को प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए तैयार रहने के आदेश भी दिये बताये

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 जून। अब तक उम्मीदों और सपनों की धरती रहा अमेरिका, एक दुःस्वप्न में बदल गया है। देश के सबसे प्रसिद्ध शहरों में से एक, लॉस एंजलिस में संघीय आप्रवासन (फैडरल इमिग्रेशन) अधिकारियों की ज़ोर जबरदस्ती के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन देखे गए हैं।

लॉस एंजलिस में विरोध प्रदर्शन भड़क उठा है, लेकिन देश के ऐसे कई अन्य हिस्से भी हैं, जहां हालात संवेदनशील हैं। जिनके पास वैध दस्तावेज हैं, वे भी सड़कों पर उतर आए हैं, क्योंकि उन्हें भी टारगैट किया जा रहा है।

लेकिन वर्तमान प्रदर्शनों को दबाने के लिए जो उपाय किए गए हैं, वे अब मूल समस्या से भी बदतर साबित हो रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों के साथ स्थिति को और जटिल बना दिया है। ट्रंप ने प्रदर्शनों को कंट्रोल करने के लिए, स्थानीय प्रशासन को दरकिनार करते हुए, नैशनल गाड्र्स को तैनात करने की बात कही है, जो एक पैरा मिलिटरी फोर्स है।

- **अपनी जनता से अपने ही देश में इतनी भारी सख्ती देखकर अचंभित व क्षुब्ध हैं, अमेरिकावासी।**
- **पर, देर रात प्राप्त जानकारी के अनुसार, इयॉन मस्क, जिनसे ट्रम्प का सार्वजनिक झगड़ा हुआ था, ने भी ट्रम्प की इस सख्ती का समर्थन किया है।**
- **अमेरिका के वैस्ट कोस्ट पर बसे इस जाने-माने शहर की गवर्नर, डेमौक्रेटिक पार्टी से सम्बद्ध राजनीतिज्ञ हैं, अतः ट्रम्प को आशंका थी कि शायद प्रदशनकारियों से उनका कुछ सहानुभूति पूर्ण रवैया होगा, इसीलिए ट्रंप ने अर्द्ध सैनिक बल (पैरामिलिटरी फोर्स) भेजने का निर्णय लिया।**
- **पर, यह सवाल पूरे देश में गूंज रहा है, क्या प्रदर्शनकारियों से इतनी बेरहमी से पेश आना जरूरी था। क्योंकि, ऐसे प्रदर्शन अब व्यापक रूप से फैलने की प्रबल आशंका बनी हुई है तथा अमेरिका में पढ़ने व काम करने के इच्छुक विदेशी विद्यार्थियों के अब अमेरिका जाने पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लग गया है।**

अब इस बात पर बहस हो रही है कि क्या विरोध प्रदर्शनों की घटनाएं,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मोदी जी ने, 11 जून को भाजपा कवर करने वाले पत्रकारों को लंच पर आमंत्रित किया था

## पर, अचानक सूचना आयी, वे लंच पर मौजूद नहीं रहेंगे, उनके स्थान पर राजनाथ सिंह मेज़बानी करेंगे

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जो 11 जून को अपनी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा को कवर करने वाले पत्रकारों और संपादकों के लिए दोपहर भोज का आयोजन कर रहे थे, अब लगता है कि उन्होंने अपना मन बदल लिया है।

यह समझा जा रहा है कि वे स्वयं भोज ने उपस्थित नहीं होंगे, बल्कि उन्होंने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को दोपहर भोज की मेजबानी के लिए नियुक्त किया है।

इसकी अटकलें तब शुरू हुई, जब मोदी ने सत्ता में अपने 11 वर्षों का जश्न मनाने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की (जो कि उनकी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस थी), और फिर बात संपादकों और भाजपा कवर करने वाले पत्रकारों के लिए भोज आयोजित करने तक आ गई।

अब सात रेस कोर्स रोड से आई ताज़ा सूचना यह है कि प्रधानमंत्री स्वयं अनुपस्थित रह सकते हैं और राजनाथ सिंह को अपना प्रतिनिधि बना सकते हैं।

पार्टी और सरकार के भीतर वास्तव में क्या चल रहा है, यह बदलाव उसके बारे में बहुत कुछ कहता है।

- **अवसर महत्वपूर्ण था, क्योंकि मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर सरकार अपने शासन की उपलब्धियाँ व विशेषताओं पर चर्चा करना चाहती थी, पत्रकारों से।**
- **पर, कई तरह के सवाल भी उठाये जा सकते थे, जैसे, क्या भाजपा व संघ में मतैक्यता बन गई है, नये पार्टी अध्यक्ष के प्रश्न पर।**
- **क्या इसी कारण मंत्रिमंडल में फेरबदल अटका हुआ है।**
- **भारत बार-बार ट्रंप की ज्यादतियों व बड़बोलेपन को क्यों स्वीकार कर रहा है। ट्रंप बार-बार यह कह रहे हैं कि उन्होंने भारत-पाक को व्यापार न करने की धमकी देकर, "सीज़फायर" करवायी तथा जब भी चाहा, भारत पर काफी कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।**

अगले भाजपा अध्यक्ष को लेकर भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के बीच कोई आम सहमति नहीं बन पाई है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## एसआई पेपर लीक केस में 3 दर्जन आरोपियों ने जमानत याचिका लगाई

जयपुर, 9 जून। एसआई भर्ती पेपर लीक-2021 मामले में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे करीब तीन दर्जन आरोपियों ने हाईकोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं पेश कर अंतरिम जमानत और जमानत पर रिहा करने की गुहार की। अदालत ने सभी याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए मामले की सुनवाई 2 जुलाई को तय की है। जस्टिस आनंद शर्मा की अवकाशकालीन

- **किसी ने बेटे या बेटी की शादी का कारण दिया तो महिला आरोपी ने गर्भावस्था को वजह बताकर जमानत मांगी।**

एकलपीठ ने ये आदेश दिए।

आरोपी ट्रेनी एसआई मोनिका की ओर से अधिवक्ता धर्मेन्द्र फगोरिया ने अंतरिम जमानत अर्जी पेश कर कहा कि वह छह माह की गर्भवती है। ऐसे में उसे उचित देखभाल और चिकित्सा सुविधा की जरूरत है। इसलिए उसे अंतरिम जमानत का लाभ दिया जाए। वहीं, एक अन्य आरोपी श्रवण की ओर से कहा गया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# '11 साल का कार्यकाल 11 साल का सेवाकाल है, जिसमें क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं'

## प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि, उनकी एनडीए सरकार "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास" के सिद्धांत पर काम करती है

नई दिल्ली, 09 जून। मोदी सरकार ने सोमवार को सत्ता में 11 साल पूरे कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने, शासन काल को " 11 साल का सेवा काल" बताया और भारत में हुए क्रांतिकारी बदलाव पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल में देश ने 140 करोड़ लोगों की सामूहिक भागीदारी से सुशासन के बल पर विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखा है, जिससे तेजी से प्रगति हुई है और 'जीवन में सुगमता' आयी है।

मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु परिवर्तन और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज़ भी बन गया है।

- **प्रधानमंत्री ने लोगों से नमो ऐप के जरिए भारत की विकास यात्रा देखने का भी आह्वान किया।**
- **प्रधानमंत्री ने कहा, 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद तथा सामूहिक भागीदारी के बल, भारत ने सभी क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखे हैं। हम एक नए विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास तथा संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।**

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में राजग सरकार के केन्द्र की सत्ता में आने के बाद मोदी ने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" के सिद्धांत से प्रेरित होकर राजग सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं।

मोदी ने कहा है कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, सरकार ने जन-केन्द्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने कहा कि भारत आज न केवल सबसे तेजी से बढ़ ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है लेकिन इसके साथ ही, हम आशा व विश्वास के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि पिछले 11 वर्षों में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं और जीवन की सुगमता को बढ़ावा मिला है।

मोदी ने सरकार की उपलब्धियों को संवाद-शैली के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली नमो ऐप के माध्यम से इस परिवर्तनकारी यात्रा के बारे में जानकारी जुटाने के लिए देशवासियों को प्रोत्साहित भी किया है। इस ऐप के जरिए इंटरैक्टिव गेम, क्विज़, सर्वेक्षण और अन्य प्रारूपों के माध्यम से प्रेरणादायी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

प्रधानमंत्री ने लोगों को नमो ऐप और आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध वीडियो, इन्फोग्राफिक्स और लेखों जैसे विभिन्न आकर्षक प्रारूपों के माध्यम से भारत की विकास यात्रा के बारे में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजा हत्याकांड के तीन आरोपी इंदौर से गिरफ्तार

इंदौर, 09 जून। मध्यप्रदेश के इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की मेघालय के शिलांग में हुई हत्या के मामले में राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी के उत्तरप्रदेश के गाजीपुर से बरामद होने के बाद, तीन अन्य आरोपियों को इंदौर से हिरासत में लिया गया है, जिनसे मेघालय पुलिस पूछताछ कर रही है।

इंदौर पुलिस के एक वरिष्ठ

- **तीनों आरोपियों से मेघालय पुलिस पूछताछ कर रही है, एक अभी भी फरार है उसकी तलाश जारी है।**

अधिकारी ने इस संबंध में बताया कि 23 मई को रघुवंशी दंपति के लापता होने के बाद, परिजनों के आग्रह पर यहां एक विशेष टीम तैनात की गई। दो जून को राजा रघुवंशी का शव बरामद होने के बाद इस मामले में शिलांग के ईस्ट सोहरा के सोहरा थाने में प्रकरण दर्ज हुआ।

उन्होंने बताया कि कल देर रात इंदौर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# महागठबंधन (आर.जे.डी., कांग्रेस, वामपंथी पार्टियाँ आदि) दो-तिहाई बहुमत की आशा कर रहा है

## महागठबंधन का मानना है कि एन.डी.ए. में काफी अंदरूनी खींचतान है तथा नीतीश कुल 243 सीटों में से 122 सीटों की मांग पर अडिग हैं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 9 जून। भारतीय जनता पार्टी बिहार में अपनी भविष्य की संभावनाओं को लेकर बढ़ती जा रही अंदरूनी चिंताओं से जूझ रही है। दरअसल, आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सीट-शेयरिंग को लेकर अपने प्रमुख सहयोगी दल जनता दल (यू) के साथ उसका तनाव बढ़ता ही जा रहा है।

भाजपा के अंदरूनी सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की कि पार्टी नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 243 विधानसभा सीटों के बड़े हिस्से की माँग पर अड़े होने से अप्रसन्न हैं। बताया जा रहा है कि वे अपनी पार्टी के लिये कम से कम 122 सीटें दिये जाने पर अडिग हैं।

इस गतिरोध के कारण एनडीए खेमे के अंदर का माहौल बड़ा असहज हो गया है। इस स्थिति ने उस समय एक नाटकीय मोड़ ले लिया, जब लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने एक साहसिक बयान देते हुए सभी 243 सीटों पर एनडीए को पूरा समर्थन एवं सहयोग देने की घोषणा कर दी।

जहाँ चिराग पासवान के इस बयान को एनडीए की एकता की छलाँग के रूप में प्रोजैक्ट किया गया, वहीं जाने-माने पत्रकार अशोक ठाकुर ने इसके महत्व को खारिज कर दिया। ठाकुर ने कहा, "चिराग की यह घोषणा अखबारों की सुर्खियों का हिस्सा तो बन सकती है, लेकिन चिराग में वोटरों को बड़ी संख्या में भाजपा के पक्ष में लाने की क्षमता नहीं है।" इस घोषणा को पासवान के अल्पकालीन फिल्मी कैरियर के समकक्ष बताते हुए, ठाकुर ने भविष्यवाणी की कि उनके राजनैतिक हस्तक्षेप का भी वही हश्र होना है।

- **साथ ही, अभी भी कोई चेहरा व व्यक्तित्व नहीं, जो भाजपा की ओर से मु.मंत्री के रूप में पेश किया जा सके।**
- **साथ ही, महागठबंधन में कोई मतभेद नहीं है कि उनकी ओर से तेजस्वी यादव मु.मंत्री पद के उम्मीदवार हैं।**
- **तथा, तेजस्वी यादव व राहुल गांधी में खूब पट रही है तथा दोनों का जोर युवा, महिला, ओबीसी व अल्पसंख्यकों पर है, तथा वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक से खफा मुस्लिम समुदाय का झुकाव भी महागठबंधन की ओर हो रहा है।**

दूसरी तरफ, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी), कांग्रेस, कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) तथा अन्य वामपंथी दलों से मिलकर बना "महागठबंधन" अच्छी गति पकड़ता दिखाई दे रहा है। छोटे-छोटे राजनैतिक दल, जैसे पशुपति पारस के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, भी विपक्षी गठबंधन के सम्पर्क में बताये जाते हैं, जो भाजपा के खिलाफ एक बड़ी एकता एवं जमावड़े का संकेत हैं।

महागठबंधन ने अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई अस्पष्टता नहीं है। आरजेडी के तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच काम करने का एक नज़दीकी तालमेल बन चुका है तथा आगामी महीनों में पूरे बिहार में संयुक्त रैलियाँ आयोजित करने की योजना विचाराधीन है। आरजेडी के एक वरिष्ठ रणनीतिकार ने कहा, "राहुल और तेजस्वी के बीच मिलकर काम करने का रूझान बड़ा स्वाभाविक, अनौपचारिकतापूर्ण एवं प्रभावी प्रतीत हो रहा है। उनके प्रचार की गूँज युवाओं, महिलाओं और पिछड़े समुदायों के मन घर बनाती जा रही है।"

जमीनी हकीकत मतदाता की सोच में एक स्पष्ट बदलाव का संकेत दे रही

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुंबई में लोकल ट्रेन से गिरे यात्री

मुंबई, 9 जून। महाराष्ट्र के मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर कसारा से आने वाली एक भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरने से सोमवार को पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए।

मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने यह जानकारी दी। शिंदे ने कहा, यह दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे हुई और हमें सवा नौ बजे सूचना मिली और हम मौके पर पहुंचे तो पाया कि करीब सात लोग

- **मुंब्रा स्टेशन पर हुए इस हादसे में 5 की मौत हो गई व 7 घायल हो गए।**

घायल हैं और कम से कम पांच लोगों की मौत हो चुकी है। घायलों और मृतकों को तुरंत नजदीकी छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा ले जाया गया, जिनमें से चार घायल खुद जुपिटर अस्पताल चले गए।

उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि घटना के दौरान 10 से 12 यात्री ट्रेन से गिरे थे। अधिकारियों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

CMYK

## विचार बिन्दु

**ऐश्वर्य उपाधि में नहीं बल्कि इस चेतना में है कि हम उसके योग्य हैं। –अरस्तु**

# सरकारी कार्यालय - जनता की दृष्टि में

मैं समय-समय पर इसी संपादकीय स्तंभ में सीधे जनता से संपर्क वाले विभागों की कार्यशैली और व्यवहार के बारे में लिखता रहा हूं। जनता का कार्य समय पर और चक्कर लगाए बिना करते रहने की आवश्यकता पर बल देता रहा हूँ। ऐसा करने हेतु विभिन्न प्रकार के सुझाव भी समय-समय पर इसी स्तंभ के माध्यम से दिए गए हैं ।

इसी परिप्रेक्ष्य में यह आलेख, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के राजस्थान चैप्टर के माध्यम से किए गए सर्वे के परिणामों से पाठकों और सरकार को अवगत कराने के उद्देश्य से लिखा गया है। यह इस धारणा को जांचने का भी एक प्रयास था कि विभागों में पारदर्शिता की कमी कैसे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है।

हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के राजस्थान चैप्टर द्वारा, जयपुर स्थित जनता से सीधे संपर्क वाले कार्यालयों में विभिन्न कामों से आने वाले सामान्य लोगों का अनुभव क्या रहा है, यह पता करने हेतु एक सर्वेक्षण किया गया। यह उल्लेखनीय है कि ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल, बर्लिन स्थित एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है जो प्रतिवर्ष विभिन्न राष्ट्रों में भ्रष्टाचार के स्तर का सर्वेक्षण करा के रैंकिंग जारी करती है। कुछ वर्षों से भारत का स्थान लगभग 100 के आसपास रहा है ।

इस सर्वेक्षण के लिए राजस्थान चैप्टर द्वारा जिन प्रमुख सरकारी कार्यालयों का सर्वेक्षण हेतु चयन किया गया वे हैं - नगर निगम लाल कोठी, जयपुर विकास प्राधिकरण, आरटीओ ऑफिस झालाना, कलेक्ट्रेट रजिस्ट्रेशन ऑफिस और कलेक्ट्रेट कार्यालय।

यह सर्वे उन व्यक्तियों से किया गया जो इन कार्यालयों से बाहर निकल रहे थे। यह सर्वे जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों के माध्यम से किया गया। इसके लिए एक प्रश्नावली तैयार की गई। कार्यालयों से बाहर निकलने वाले नागरिकों से बात करने के लिए एवं कार्यालय में उनके अनुभव को ज्ञात करने हेतु पांच-पांच व्यक्तियों के पांच दल बनाए गए। जिन व्यक्तियों का सर्वेक्षण के लिए चयन किया गया वे प्रबंधन के विद्यार्थी थे। इन्हें अच्छी तरह इस बारे में पहले ब्रीफ किया गया था । उनसे यह अपेक्षा की गई थी कि वे उन्हीं से बात करें जो इस बारे में बात करना चाहें । उन्हें आश्वस्त किया जाए कि उनके द्वारा दी गई जानकारी का कोई नुकसान उन्हें नहीं होगा, न ही उनकी पहचान को सार्वजनिक किया जाएगा । इन विद्यार्थियों को एक प्रश्नावली दी गई, जिसमें मुख्य रूप से पूछे जाने वाले निम्न प्रश्न थे:–

आप इस कार्यालय में किस कार्य से आए थे?
आपको अपने कार्य हेतु कितनी बार आना पड़ा?
क्या आपका कार्य पूरा हो गया है?
क्या आपसे किसी ने रिश्वत की मांग की?
क्या आपको अपने काम के लिए किसी एजेंट के पास भेजा गया?

आपके साथ कार्यालय में किस प्रकार का व्यवहार था? क्या आप इस कार्यालय में प्राप्त अनुभव से पूर्णतया संतुष्ट हैं, संतुष्ट हैं, असंतुष्ट हैं अथवा नितांत असंतुष्ट हैं?

यह सर्वेक्षण एक दिन में 5-6 घंटे में किया गया ।

इसमें कुल 25 विद्यार्थी सम्मिलित थे जिन में लगभग आधी छात्राएं थीं। इन लोगों के द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर जो जानकारी प्राप्त हुई इसका संक्षिप्त विवरण कार्यालय वार निम्न प्रकार है :–

1.नगर निगम कार्यालय, लाल कोठी, जयपुर

कुल 57 व्यक्तियों से चर्चा की गई। 65% व्यक्तियों ने यह बताया कि वे नगर निगम के कार्य से असंतुष्ट अथवा अति असंतुष्ट थे। 33% ने कहा कि वे सन्तुष्ट थे है और 2% ने कहा कि वे बहुत संतुष्ट थे। इस कार्यालय में आने वाले व्यक्तियों में से अधिकांश का कार्य कोई प्रमाण पत्र जैसे जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना, आधार कार्ड से संबंधित अथवा भूमि की समस्या के बारे में था। 42% व्यक्तियों ने बताया कि उन्हें नगर निगम के 5 से लेकर 30 बार तक चक्कर लगाने पड़े। जिन व्यक्तियों से बात की गई, उनमें से 80% का काम अभी तक नगर निगम में लंबित था।

इस कार्यालय मैं आने वाले 80% व्यक्तियों ने कहा कि उनसे कोई रिश्वत नहीं मांगी गई, 20₹ से 15000 तक की रिश्वत ली गई।

2. जयपुर विकास प्राधिकरण

यहां अधिकांश व्यक्ति रजिस्ट्रेशन के लिए, भूमि संबंधी विवाद के लिए तथा शिकायत लेकर आए थे। इनमें से 65% ऐसे थे जो अपने अनुभव से असंतुष्ट अथवा बहुत ही अधिक असंतुष्ट थे। केवल 35% ऐसे थे जो अनुभव से संतुष्ट थे। लगभग 28% व्यक्तियों का काम न्यूनतम 6 माह से अधिक समय से लंबित था। जेडीए में अपने काम के लिए 32% लोगों को पांच बार, 7% लोगों को 10 बार और 9% लोगों को 30 बार तक आना पड़ा था। जेडीए में 21%लोगों ने कहा कि उनसे रिश्वत की मांग की गई, जबकि 79%लोगों ने कहा कि उनसे रिश्वत की मांग नहीं की गई।

3. आर टीओ झालाना

**यह सर्वे हालांकि एक ही दिन में किया गया और कुल 347 व्यक्तियों से ही किया गया, किंतु इससे यह संकेत तो मिलता है कि जनता को इन पांच कार्यालयों से काम कराने में कितनी कठिनाई होती है। परिवहन कार्यालय में शायद अधिकांश लोग एजेंट के माध्यम से काम कराते हैं अतः वहां पर संतुष्टि का स्तर अपेक्षाकृत अधिक पाया गया। प्रश्न फिर भी यही है कि क्यों एजेंट के पास जाने की आवश्यकता होती है ?**

इस कार्यालय के संबंध में कुल 71 व्यक्तियों से बात की गई। यहां आने वाले लोगों में 50% वाहन के स्थानांतरण के लिए, 30% ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए एवं शेष जप्त वाहन को छुड़ाने एवं वाहन के पंजीकरण के लिए आए थे। इस कार्यालय के अनुभव से 57%व्यक्ति संतुष्ट थे जब कि 43% असंतुष्ट थे। जिन व्यक्तियों से बात की गई उनमें से 70% का काम लंबित था और 30% का हो चुका था। आरटीओ में 70% व्यक्तियों का काम 6 महीने या उससे अधिक समय से लंबित था। लगभग 51% व्यक्तियों को पांच बार तक एवं 18% को 30 बार तक कार्यालय के चक्कर लगाना पड़े थे। 21% ने कहा कि उनसे रिश्वत मांगी गई जबकि 79% ने कहा कि उनसे रिश्वत की मांग नहीं की गई।

4. कलेक्ट्रेट कार्यालय (रजिस्ट्रेशन)

यहां कुल 78 व्यक्तियों से बात की गई । इनमें से 58% व्यक्ति असंतुष्ट थे जबकि 12% अति असंतुष्ट थे। इसके विपरीत 30% ऐसे थे जो या तो संतुष्ट अथवा बहुत ही संतुष्ट थे। जिनसे बात की गई उनमें से 38%का काम हो चुका था एवं 62% का काम लंबित था। जिनका काम लंबित था उनमें से 90% का काम 1 महीने से कम समय से एवं शेष का 6 महीने से या उसके अधिक समय से पेंडिंग था। 43% व्यक्तियों का काम एक बार में एवं 50% व्यक्तियों का काम 5 से कम बार में पूरा हो चुका था। 90% से कोई रिश्वत नहीं मांगी गई जबकि 10% से 15000 रुपए तक की रिश्वत की मांग की गई।

5. कलेक्ट्रेट कार्यालय

यहां से निकलने वाले कुल 84 व्यक्तियों से बात की गई। यहां आने वालों में 81% छात्रवृत्ति के लिए आए थे जबकि शेष भूमि विवाद अथवा वृद्धावस्था पेंशन हेतु आए थे। केवल तीन प्रतिशत ने कहा कि उनसे रिश्वत की मांग की गई, शेष से किसी प्रकार की रिश्वत की मांग नहीं की गई थी। यहां आने वाले लोगों में से 44% का काम एक बार में और 50% का पांच बार से कम समय में हो गया था। इसके बावजूद केवल 30% लोग इस कार्यालय के अनुभव से संतुष्ट थे, जबकि 70% संतुष्ट नहीं थे। इनमें भी 12% तो बहुत ही असंतुष्ट थे। यहां आने वालों में 46% का काम हो चुका था और 54 प्रतिशत का लंबित था।

निष्कर्ष :–

उपरोक्त सभी कार्यालयों से कुल मिलाकर 50% से अधिक लोग असंतुष्ट थे। असंतुष्टि का स्तर कलेक्ट्रेट के पंजीयन कार्यालय और नगर निगम के कार्यालय में अधिक था।

सर्वेक्षित लोगों में से 65% ने कहा कि उनका काम उस दिन, 6 महीने से लंबित था।

जहां रिश्वत की मांग केवल 15% प्रकरण में की गई, वहीं 17% प्रकरणों में किसी-किसी बिचौलिए के पास भेजा गया।

सभी कार्यालयों में काम के लिए बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता लगभग सभी को पड़ी ।

यह सर्वे हालांकि एक ही दिन में किया गया और कुल 347 व्यक्तियों से ही किया गया, किंतु इससे यह संकेत तो मिलता है कि जनता को इन पांच कार्यालयों से काम कराने में कितनी कठिनाई होती है। परिवहन कार्यालय में शायद अधिकांश लोग एजेंट के माध्यम से काम कराते हैं अत: वहां पर संतुष्टि का स्तर अपेक्षाकृत अधिक पाया गया । प्रश्न फिर भी यही है कि क्यों एजेंट के पास जाने की आवश्यकता होती है?


हो सकता है, कुछ विभाग, सर्वेक्षण के परिणामों को स्वीकार न करें, किंतु यह प्रबंधन के विद्यार्थियों के द्वारा बिना किसी लाग लपेट के किया गया है जिसे न मानने का कोई कारण नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि जिन कारणों से काम बहुत विलंब से होता है उनके मूल में जाया जाए। इससे यह पता लगे कि प्रक्रियाओं को सरलीकृत करने और स्पष्ट बनाने तथा प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निष्पादन करने की आवश्यकता है । जो भी लोग इसे अटकाने का काम करें अथवा एजेंट के पास भेजने का काम करें, उनकी जवाबदेही तय की जाकर उन्हें समुचित दंड दिया जाए। तब संभव है, लोगों के काम अधिक आसानी से हो पाएंगे। सरकार की छवि सामान्यतया उन्हीं विभागों के द्वारा बनाई या बिगाड़ी जाती है, जहां सामान्य जनता का संपर्क अधिक होता है। संवेदनशीलता का अभाव सामान्यत: सभी सरकारी कार्यालयों में देखा गया है ।

आशा की जाती है कि ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल, राजस्थान चैप्टर द्वारा किए गए सर्वे के परिणाम और निष्कर्ष पर सरकार विचार करेगी और इन कार्यालयों में सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाएगी। यह लिखना आवश्यक है कि सर्वे के आधार पर जो निष्कर्ष निकला है वह प्रचलित जन धारणा की तुलना में बेहतर है। उन कार्यालय का भी अध्ययन किया जाना चाहिए जहां संतुष्टि का स्तर बेहतर है। एक सामान्य निष्कर्ष तो यही निकलता है कि जहां पर भी पारदर्शिता का अभाव होता है वहां जवाबदेही तय करना कठिन होता है और वही भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होता है। सभी कार्यालयों की कार्य निष्पादन की प्रक्रिया को न केवल सरल एवं स्पष्ट किया जाए अपितु उसे सार्वजनिक भी किया जाकर सर्व सुलभ करवाया जाए । तब ही बिचौलियों का दखल इनमें कम हो पाएगा और सीधे नागरिक इन कार्यालय से अपने काम करवा पाने में सफल हो पाएंगे।

हालांकि यह सर्वे बहुत छोटे स्तर पर था और बहुत ही कम कार्यालयों का किया गया, इस प्रकार के सर्वे सामान्य जनता के हित में, बड़े स्तर पर और अनेक कार्यालयों में समय-समय पर किए जाने की आवश्यकता है ताकि तुलनात्मक रूप से होने वाले सुधार का भी समय समय पर अध्ययन किया जा कर आवश्यक कदम सरकार द्वारा उठाए जा सकें ।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेंद्र भाणावत, पूर्व आई ए एस,**
**उपाध्यक्ष, ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल इंडिया, राजस्थान चैप्टर**

# भक्तिकाल के क्रांतिकारी समाज सुधारक "संत कबीर"



डॉ. जे.के. गर्ग

अनेको मान्यताओं के अनुसार काशी के एक जुल्लाह नीरू अपनी बीबी नीमा का गोना कराकर लहरतारा तालाब से होते हुए घर आ रहे थे तो उसकी बीबी नीमा को प्यास लगने लगी तब दोनों तालाब पर पानी पीने तब उन्होंने एक टोकरी में फूल-पत्ते की शय्या पर एक नवजात शिशु को देखा। नीरू-नीमा उस शिशु को उठाकर अपने घर ले आये और उसका लालन-पालन करने लग गये। वही बालक कबीर के नाम से प्रख्यात हुआ। इस प्रकार कबीर साहेब का जन्म-स्थान काशी है। कुछ लोगों का विचार है कि नीरू-नीमा को अपने गौना के समय नहीं, किन्तु उसके कई वर्षों के बाद लहरतारा पर बालक को देखा था। सवाल उत्पन्न होता है कि शिशु लहरतारा तालाब पर कहाँ से आया? इस बारे में मान्यता है कि एक विधवा या कुमारी ब्राह्मणी की कोख से यह शिशु पैदा हुआ था वो समाज से अपमानित होने के भय से नवजात बालक को लहरतारा तालाब पर छोड़ गयी थी। इस तरह से कबीर जन्म से हिन्दू थे किन्तु उनका लालन-पालन मुस्लिम परिवार के अंदर हुआ था।

बालक कबीर की शादी बचपन में ही कर दी थी। कबीर दास जी की पत्नी का नाम लोई था कबीर दास जी के एक पुत्र और एक पुत्री भी थी पुत्र का नाम कमाल था और पुत्री का नाम कमाली था यह उनकी रचनाओं द्वारा प्रमाणित होता है। मान्यताओं के अनुसार सद्गुरु कबीर का जन्म विक्रमी संवत 1456 की जेष्ठ शुल्क पूर्णिमा को काशी में हुआ था। कबीर पंच तत्वों में विलीन माघ शुक्ल एकादशी संवत् 1575 को मगहर में हुए थे। कबीर साहेब ने 120 वर्ष तक सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश दिया था। समस्त देश के अंदर 11 जून 2025 को संत कब्बर का जन्मोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया जायगा।

कबीर दास जी काशी के गंगा घाट के किनारे रहा करते थे ऐसा कहा जाता है कि कबीर दास जी गंगा घाट के किनारे बैठे हुए थे तभी वहां पर भक्गुति काल के प्ररमुख गुरु रामानंद जी स्नान कर रहे थे रामानंद की नजर कबीर दास पर पड़ी जिसके कारण कबीर के मुंह से राम शब्द निकल पड़ा इसी राम शब्द को सुनकर गुरु रामानंद अत्यधिक प्रसन्न हुए तभी से रामानंद ने कबीर दास जी को अपना शिष्य बना लिया। उन्हें शिक्षा दी इस प्रकार कबीर दास जी के गुरु श्री रामानंद जी थे गुरु रामानंद जी ने कबीर दास को ज्ञान और भक्ति के दर्शन कराएं तथा उनके ज्ञान को विकसित करने में गुरु रामानंद जी ने भूमिका निभाई। कबीर दास जीसंत की साथ साथ दार्शनिककवि और समाज सुधारक भी थे। कबीर दास जी के मुख्य रचनाएंक रचनाएं (1) कबीर की साखियां (2) सबद (3) रमणी हैं। कबीर दास जी की सर्वोत्तम रचनाओं में उन पुस्तक सबद भी है है इस रचना में कबीर दास जी ने प्रेम और अंतरंग साधना का वर्णन खूबसूरती से किया गया है। संत कबीर की साखियां में ज्यादातर कबीर दास जी की शिक्षाओं का उल्लेख मिलता है और उसके सिद्धांतों का वर्णन इस रचना में बखूबी से किया गया है। कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन काशी में रहकर ही लोगों के कल्याण के लिए और सामाजिक बुराइयों और कुरुतियों का अंत करने के लिए लगा दिया मृत्यु के समय कबीरदास जी मगहर चले गए जो कि उत्तर प्रदेश में पड़ता है ऐसा कहा जाता है कि उस समय मगहर में रहने वाले लोगों को नर्क की प्राप्ति होती थी कबीर दास जी ने इसी अंधविश्वास को झूठा साबित करने के लिए मगहर चले गए कबीर दास जी की मृत्यु के समय मगहर चले गए ताकि समाज में फैली हुई अंधविश्वास को जड़ से रोका जा सके।

कबीर की निष्पक्षता, दो टूक कहने का ढंग और बड़े-बड़े रहस्यात्मक गुत्थियों को सरल-सहज उपमाओं के द्वारा व्यक्त करने की शैली की वजह कबीर को भक्ति काल के संतों में प्रमुख संत माना गया है। कबीर जी का मानना है कि जीवात्मा कह रही है कि 'तू है' 'तू है' कहते-कहते मेरा अहंकार समाप्त हो गया। इस तरह भगवान पर न्यौछावर होते-होते मैं पूर्णतया समर्पित हो गई। अब तो जिधर देखती हूँ उधर तू ही दिखाई देता है। संत कबीर कहा करते थे कि मेरे पास अपना कुछ भी नहीं है। मेरा यश, मेरी धन-संपत्ति, मेरी शारीरिक-मानसिक शक्ति, सब कुछ तुम्हारी ही है। जब मेरा कुछ भी नहीं है तो उसके प्रति ममता कैसी? तेरी दी हुई वस्तुओं को तुम्हें समर्पित करते हुए मेरी क्या हानि है? इसमें मेरा अपना लगता ही क्या है?

इसीलिए उन्होंने बतलाया कि मेंरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा। तेरा तुझकौं सौंपता, क्या लागै है मेरा।

कबीरजी ने उपदेश दिया की यह माया बड़ी पापिन है। यह प्राणियों को परमात्मा से विमुख कर देती है तथा उनके मुख पर दुर्बुद्धि की कुंडी लगा देती है और राम-नाम का जप नहीं करने देती। अत: संत कहते है की कबीरमाया पापर्णी, हरि सूँ करे हराम। मुखि कड़ियाली कुमति की, कहण न देई रामा।। यह माया बड़ी पापिन है। यह प्राणियों को परमात्मा से विमुख कर देती है तथा उनके मुख पर दुर्बुद्धि की कुंडी लगा देती है और राम-नाम का जप नहीं करने देती।

सारे संसारिक लोग पुस्तक पढ़ते-पढ़ते मर गए कोई भी पंडित (वास्तविक ज्ञान रखने वाला) नहीं हो सका। परंतु जो अपने प्रिय परमात्मा को सुमिरन करता है अथवा अक्षर जपता है (या प्रेम का एक अक्षर पढ़ता है) वही सच्चा ज्ञानी होता है। वही परम तत्त्व का सच्चा पारखी होता है।

**पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ।**

**एकै आखर प्रेम का, पढ़ै सो पंडित होइ।। आवन जावन व्है रहा, ज्यौं कीड़ी का नाल।**

बेटा पैदा होने पर हे प्राणी थाली बजाकर इतनी प्रसन्नता क्यों प्रकट करते हो? जीव तो चौरासी लाख योनियों में वैसे ही आता जाता रहता है जैसे जल से युक्त नाले में कीड़े आते-जाते रहते हैं। कीड़े, यह तुम्हारी मूर्खता है कि तुम पहले जाति पूछते हो, फिर उसके हाथ का पानी पीते हो। तुम जिस मिट्टी के घर में बैठे हो उसमें सारी सृष्टि समाई हुई है। छप्पन करोड़ यादव और अठासी हज़ार मुनि यहाँ डूब गए और क़दम-क़दम पर गड़े हुए पैग़म्बरों की लाशें सड़कर मिट्टी हो गई है। अरे पाँड़े, ये बर्तन उसी मिट्टी के हैं और तुम जाति पूछकर पानी पीते हो। इस पानी में मगर, कछुए और घड़ियाल बच्चे देते हैं और उनका ख़ून पानी में मिल जाता है। इस नदी के पानी में सारा नर्क (गंदी चीज़ें) बहकर आता है और जानवर और इंसान सब इसमें सड़ते हैं। जब हड्डी और गूदा गल जाता है तब दूध बनता है। इस दूध को लेकर पाँड़े भोजन करने बैठते हैं लेकिन सारी छुआछूत मिट्टी में मानते हैं। हे पाँड़े, वेद और क़ुरान सबको छोड़ दो। ये सब दिल का धोखा है। कबीर कहते हैं कि ये तुम्हारे कर्म हैं जो तुम्हारे सामने आते हैं। शाश्वत सत्य की बातें कहते हुए भी किसी परंपरा से जुड़े रहकर किसी धर्मग्रंथ, ईश्वर-अवतार, पैगंबर आदि की बैसाखी पकड़े रहे, वहाँ कबीर सारी परंपराओं से हटकर सबके सार-तत्व को स्वीकार करते हुए पक्षपात नहि बचन, सबहिं के हित की बातें कहते रहे, वह भी सरे बाजार चौराहे पर खड़े होकर एक अकेला और निद्वन्द्वी।

उनकी सत्यनिष्ठा एवं निष्पक्षता ने उनके व्यक्तित्व को ऐसा महनीय मोहक और चुम्बकीय बना दिया था कि जो उनके पास गया, उनका ही होकर रह गया।

कबीरदेव ऐसे महत्तम संत हैं जो केवल भारतीय परंपरा ही नहीं, अपितु विश्व मानवता के मूल उत्स को पकड़ते हैं और सबको वहीं ले जाना चाहते हैं, जहाँ पहुँचकर वर्ण, वर्ग एवं मत-पंथगत सारे भेदभाव निस्सार हो जाते हैं और जहाँ से प्रेम की निर्मल, स्निग्ध और शीतल धारा प्रवाहित होकर सबको सराबोर कर देती है। पूरी मानवता को आत्मसात करने वाली प्रेम की निर्मल धारा में कबीरदेव ऐसे चौराहे पर खड़े हैं, जहाँ सारे रास्ते आकर मिलते हैं। यह कहना अतिष्योक्तेकति नहीं होगी कि कबीर में पूरी मानवता का सार समाया हुआ है। कबीर पहले भारतवासी हैं, जिन्होंने सारी मानव जाति के लिए एक सामान्य धर्म का निर्भीकता के साथ उपदेश दिया। कबीर साहेब की वाणियों में आये हुए आध्यात्मिक रूपकों के रहस्य को न समझकर तथा उनका मूल रहस्य खोल कर महान काम किया है। विद्वानों ने उनको गृहस्थ सिद्ध करने की चेष्टा की है जो सर्वथा अनर्थ है।

कुछ विद्वान कबीर साहेब को आजीवन गृहस्थ बताते हैं और कुछ बताते हैं कि वे पहले गृहस्थ थे किन्तु पीछे से विरक्त हो गये थे। यह सर्वविदित है कि कबीर साहेब देश विदेशे हौं फिरा होते हुए भी जीवात्मा कह रही है कि 'तू है' 'तू है' कहते-कहते मेरा अहंकार समाप्त हो गया। इस तरह भगवान पर न्यौछावर होते-होते मैं पूर्णतया समर्पित हो गई। अब तो जिधर देखती हूँ उधर तू ही दिखाई देता है।

तूँ तूँ करता तूँ भया, मुझ मैं रही
संत कबीर के चरणो मैं कोटि कोटि नमन्।

**–डॉ. जे.के. गर्ग,**
**पूर्ण संयुक्त निदेशक कालेज शिक्षा**

# कृत्रिम बुद्धिमता क्रांति : विकसित भारत का रोडमैप



डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत

भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा एक महत्वकांक्षी दस्तावेज "इंडिया एआई क्रांति: विकसित भारत के लिए रोडमैप" जारी किया गया है जो भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनाने की दिशा में एक रणनीतिक खाका प्रस्तुत करता है। यह मिशन न केवल तकनीकी नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने पर केंद्रित है, बल्कि रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी व्यापक संभावनाएँ प्रस्तुत करता है। इस रिपोर्ट के रोजगार सृजन से संबंधित डेटा और इसके प्रभावों का विश्लेषण है साथ ही यह विश्लेषण भी है कि अगले दशक में यह भारत के आर्थिक और सामाजिक परिदृश्य को कैसे प्रभावित कर सकता है।

इंडिया एआई मिशन 2024 में 10,372 करोड़ के बजट के साथ स्वीकृत मिशन है जो अगले पांच वर्षों में भारत के एआई पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने का लक्ष्य रखता है। यह मिशन सात प्रमुख क्षेत्रों 1. कम्प्यूटिंग/एआई बुनियादी ढांचा , 2. डेटा, 3. प्रतिभा, 4. अनुसंधान और विकास, 5. पूंजी, 6.एल्गोरिदम, और 7.अनुप्रयोग पर केंद्रित है । इसके लिए डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के तहत एक स्वतंत्र व्यवसाय इकाई, 'इंडिया एआई' स्थापित की है।

इस मिशन का उद्देश्य भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना और डेटा-आधारित शासन को बढ़ावा देना है। रिपोर्ट के अनुसार, एआई भारत की अर्थव्यवस्था में 2035 तक 967 बिलियन डॉलर का योगदान दे सकता है और 2025 तक भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी लक्ष्य में 450-500 बिलियन डॉलर का योगदान दे सकता है, जो कुल जीडीपी का 10 फीसदी है। यह आर्थिक वृद्धि रोजगार सृजन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगी, विशेष रूप से तकनीकी और डेटा संचालित क्षेत्रों में।

इंडिया एआई मिशन और संबंधित रिपोर्टें रोजगार सृजन की अपार संभावनाओं की ओर इशारा करती हैं। विश्व आर्थिक मंच की फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025 के अनुसार, भारत में एआई और संबंधित प्रौद्योगिकियों के बढ़ते उपयोग से तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। लगभग 67 फीसदी भारतीय कंपनियाँ विविध प्रतिभा पूल से कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रही हैं, जो वैश्विक औसत 47 प्रतिशत से कहीं अधिक है। ईवाई इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक जेनेरेटिव एआई भारत में 38 मिलियन नौकरियों को प्रभावित कर सकती है, जिससे अर्थव्यवस्था में 2.61 फीसदी की उत्पादकता वृद्धि होगी। असंगठित क्षेत्र में जेन ए आई को अपनाने से अतिरिक्त 2.82 फीसदी उत्पादकता वृद्धि हो सकती है।

इंडियन एक्सप्रेस का अनुमान है कि 2025 तक एआई के क्षेत्र में लगभग 20 मिलियन नौकरियाँ सृजित हो सकती हैं, जो चिकित्सा, कृषि, मौसम पूर्वानुमान, शहरी नियोजन, और अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे विविध क्षेत्रों में होंगी।

एआई और मशीन लर्निंग विशेषज्ञ, डेटा वैज्ञानिक, सूचना और सुरक्षा विश्लेषक, और बिग डेटा विशेषज्ञ जैसे नए रोजगार क्षेत्र उभर रहे हैं। सेवा क्षेत्र, विशेष रूप से डिजिटल सेवाएँ, वित्तीय सेवाएँ, स्वास्थ्य सेवाएँ, और ई-कॉमर्स 2030 तक 100 मिलियन से अधिक नौकरियाँ सृजित करने की क्षमता रखते हैं।भारत में सेमीकंडक्टर और क्वांटम एन्क्रिप्शन जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ रहा है, जिससे तकनीकी नौकरियों में वृद्धि होगी। 35 फीसदी भारतीय नियोक्ता सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों को अपनाने की योजना बना रहे हैं, जो वैश्विक औसत से अधिक है।

इंडिया एआई मिशन के तहत 'फ्यूचर स्किल्स प्राइम' और 'यूवाएआई: यूथ फॉर उन्नित एंड विकास विद एआई' जैसे कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जो युवाओं को एआई-संबंधित कौशल प्रदान करने पर केंद्रित हैं।

वर्ल्ड इकोनोमिक फोर्म की रिपोर्ट के अनुसार, 2030 तक भारत के 63 फीसदी श्रमिकों को प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी, लेकिन 12 फीसदी को अपस्किलिंग में कठिनाई हो सकती है, जो लगभग 70 मिलियन श्रमिकों को प्रभावित कर सकता है।

मिशन समावेशी रोजगार सृजन पर जोर देता है। भारत में महिलाओं की कार्यबल भागीदारी दर लगभग 33 फीसदी है जो वैश्विक औसत 50 फीसदी से थोड़ा कम है। इंडिया एआई मिशन और संबंधित पहल ठाामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को लक्षित करके विविध कार्यबल निर्माण पर ध्यान दे रही हैं। भाषाई विविधता को संबोधित करने के लिए, भाशिनी जैसे प्रोजेक्ट्स के माध्यम से 500 मिलियन डिजिटल रूप से असंबद्ध भारतीयों को वॉयस-आधारित इंटरफेस के माध्यम से सेवाएँ प्रदान करने की योजना है। रोजगार सृजन की संभावनाओं के बावजूद, कुछ चुनौतियाँ हैं जो इस प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।

डब्ल्यूईएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में तकनीकी प्रतिभा की कमी नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने में बाधा डाल रही है। इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 में चेतावनी दी गई है कि एआई के कारण निम्न-कौशल वाली नौकरियाँ, जैसे प्रशासनिक और डेटा प्रविष्टि भूमिकाएँ, खतरे में पड़ सकती हैं। इसके अलावा एआई और डीपटेक में दीर्घकालिक निवेश की कमी एक चुनौती है।

ग्रामीण और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के लिए समावेशी कौशल प्रशिक्षण चुनौती से निपटने में कारगर हो सकता है साथ ही इंडिया डेटासेट्स प्रोग्राम जैसे प्लेटफॉर्म डेटा की सटीकता और गोपनीयता सुनिश्चित करेंगे। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग से तकनीकी बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है।

कुल मिलाकर इंडिया एआई मिशन भारत के लिए एक परिवर्तनकारी अवसर प्रस्तुत करता है, जो न केवल आर्थिक विकास को गति देगा, बल्कि रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। 2030 तक 38 मिलियन नौकरियों को प्रभावित करने और 2025 तक 20 मिलियन नई नौकरियाँ सृजित करने की संभावना के साथ, यह मिशन भारत को वैश्विक एआई हब बनाने की दिशा में अग्रसर है। हालांकि, कौशल विकास, समावेशी नीतियों और दीर्घकालिक निवेश की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एआई का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे। भारत सरकार की यह पहल न केवल तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देगी, बल्कि एक समावेशी और सतत आर्थिक भविष्य का निर्माण भी करेगी।

**- डॉ. सुरेंद्रसिंह शेखावत,**
**( लेखक स्वतंत्र चिंतक है।)**

## राशिफल मंगलवार 10 जून, 2025



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, चतुरदशी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2082, अनुराधो नक्षत्र सायं 6:02 तक, सिद्ध योग दिन 1:44 तक, वणिज करण दिन 11:36 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कर्क, बुध-मिथुन, गुरू-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।


आज रवियोग सायं 6:02 तक है। राजयोग दिन 11:36 से सायं 6:02 तक है। भद्रा दिन 11:36 से रात्रि 12:25 तक है। आज बुध उदय पश्चिम में दिन 12:19 पर होगा। आज चांद पूर्णिमा व्रत, चम्पक चतुरदशी है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:01 से 10:43 तक, लाभ अमृत 10:43 से 2:08 तक, शुभ 3:51 से 5:33 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:31, सूर्यास्त 7:16


### मेष


अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। नवीन कार्यों में व्यवधान हो सकता है।


### वृष

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।


### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।


### कर्क

परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।


### सिंह

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।


### कन्या

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक सफलता से आत्मविश्वास बढ़ेगा।


### तुला

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

### धनु

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अतिथियों का आगमन रहेगा। मन में असंतोष बना रहेगा।

### मकर

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

### कुंभ

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी।

### मीन

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

# "जल संरक्षण और प्रकृति" पर विशेष परिचर्चा

**जयपुर।** सम्पूर्णा संस्था द्वारा आयोजित 40 दिवसीय बाल एवं महिला संस्कार शिविर के सत्रहवें सत्र का भव्य आयोजन जयपुर स्थित सोहम फार्म में किया गया। समाज में महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण व जल संरक्षण के उद्देश्य से विगत 32 वर्षों से कार्यरत सम्पूर्णा संस्था द्वारा यह संस्कार शिविर 25 वर्षों से एक विशिष्ट परंपरा बन चुका है। इस शिविर में प्रतिभागियों को प्रार्थना, मंत्रोच्चारण, वैदिक श्लोक, शिष्टाचार तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास की दिशा में मार्गदर्शन दिया जाता है।




**बाल एवं महिला संस्कार शिविर के सत्रहवें सत्र का जयपुर स्थित सोहम फार्म में भव्य आयोजन किया।**

- **सत्र में "जल संरक्षण और प्रकृति" विषय पर परिचर्चा में पर्यावरण और समाज से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया**

इस विशेष सत्र में "जल संरक्षण और प्रकृति" विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई, जिसमें पर्यावरण और समाज से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में सम्पूर्णा की कार्यकारी अध्यक्ष आशा जैन ने सभी विशिष्ट अतिथियों का पटका पहनाकर और प्रतीकचिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। सम्पूर्णा की संस्थापिका डॉ. शोभा विजेन्द्र ने अपने वक्तव्य में संस्था द्वारा जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा, "प्रकृति के संरक्षण में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। जल संकट से बचने के लिए हमें अपने स्तर पर छोटे-छोटे कदम उठाने होंगे।"

प्रख्यात लेखिका डॉ. शिप्रा माथुर ने अपने संबोधन में कहा कि "देश के 70 प्रतिशत जल स्त्रोत वनों से जुड़े हैं, अतः वन क्षेत्रों और वनवासियों के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिए।" उन्होंने जल संरक्षण के लिए चिंतन, मनन और निदिध्यासन (गहन अनुशीलन) की आवश्यकता पर बल दिया।

दीपक पर्वतीयार, संरक्षक ग्लोबल बिहारी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "सूर्य, जल और वायु ईश्वर की अमूल्य देन हैं। इन पर किसी प्रकार का कर लगाना अन्यायपूर्ण है, क्योंकि ये संसाधन सबके लिए समान रूप से उपलब्ध हैं।"

# ऑटोरिक्शा चोरी करने वाले दम्पति गिरफ्तार

**जयपुर।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटोरिक्शा चोरी करने वाले दम्पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित सवारी बनकर किराए पर लिए ऑटोरिक्शा के मालिक को धोखे से दुकान पर भेजकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने ऑटो रिक्शा चोरी करने वाले आरोपित किशोर कुमार उर्फ सन्नी (42) और उसकी पत्नी आशा (30) निवासी पालनपुर गुजरात हाल प्रताप नगर सांगानेर को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी श्याम सुन्दर ने बताया कि आठ जून को थाने में पीड़ित मंजूर अहमद ने मामला दर्ज करवाया था कि ऑटो रिक्शा चलाता है। सात जून को रेलवे स्टेशन पर खड़ा था। इस दौरान एक व्यक्ति के साथ महिला आई। जिन्होंने स्वामी कॉलोनी चलने की कहा। इस पर पीडित ऑटोरिक्शा में बैठाकर रवाना हो गया। ऑटोरिक्शा चोरी का पता चलने पर पर पीड़ित ने मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेजों के आधार पर चोरी में शामिल दंपती को चिन्हित कर धर-दबोचा।

# सेबी के नाम पर साइबर धोखाधड़ी : पुलिस ने निवेशकों को चेताया

**जयपुर ।** साइबर अपराधी लगातार अपनी चालें बदल रहे हैं और अब उन्होंने निवेशकों को ठगने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) जैसे प्रतिष्ठित वित्तीय नियामक का नाम इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने एक गंभीर चेतावनी जारी करते हुए आम जनता और निवेशकों को इस नए धोखाधड़ी के जाल से सावधान रहने को कहा है। पुलिस ने साफ किया है कि धोखेबाज सेबी के फर्जी लेटरहेड, रिकवरी सर्टिफिकेट और यहां तक कि सील का भी इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि वे सेबी अधिकारी बनकर लोगों को ठग सकें।

कैसे बिछाया जा रहा है ये जाल

पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम शांतनु कुमार ने बताया कि साइबर अपराधी इन दिनों निवेशकों को ऐसे संदेश या आदेश भेज रहे हैं, जो देखने में बिल्कुल सेबी से जारी हुए लगते हैं। इन फर्जी दस्तावेजों में सेबी का लेटर हेड और रिकवरी सर्टिफिकेट की हूबहू नकल होती है, जिससे पहली नज़र में इन्हें पहचानना मुश्किल हो जाता है। वे खुद को सेबी का अधिकारी बताते हैं और निवेशकों को विभिन्न बहाने बनाकर झांसे में लेते हैं। उनका मकसद निवेशकों की मेहनत की कमाई को हड़पना होता है।

- **साइबर अपराधी सेबी के लेटरहेड और सर्टिफिकेट की नक़ल कर रहे इस्तेमाल**

सेबी ने इस धोखाधड़ी से बचाव के लिए कुछ महत्वपूर्ण तरीके बताए हैं, जिनकी मदद से आप किसी भी आदेश या नोटिस की प्रमाणिकता की पुष्टि कर सकते हैं। सेबी द्वारा पारित हर आदेश उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर सेक्शन में उपलब्ध होता है। अगर आपको कोई आदेश मिलता है, तो सबसे पहले उसे सेबी की वेबसाइट पर जाकर सत्यापित करें। सेबी द्वारा जारी सभी रिकवरी सर्टिफिकेट सेक्शन में देखे जा सकते हैं। किसी भी रिकवरी सर्टिफिकेट की सच्चाई जानने के लिए इस सेक्शन को ज़रूर जांचें।सेबी हर आदेश में एक "अद्वितीय दस्तावेज़ पहचान संख्या " जारी करता है। आप इस यूडीआईएन को सेबी की वेबसाइट पर पर जाकर सत्यापित कर सकते हैं। यह सबसे आसान और सुरक्षित तरीका है किसी भी दस्तावेज़ की प्रामाणिकता जांचने का यदि कोई व्यक्ति खुद को सेबी अधिकारी बताता है, तो आप उसके नाम, ईमेल आईडी और संपर्क नंबर को सेबी की वेबसाइट पर जांच सकते हैं।सेबी ने यह भी बताया कि वह केवल अपने आधिकारिक डोमेन वाले ईमेल पते से ही आदेश जारी करता है। किसी भी अनाधिकृत या संदिग्ध ईमेल से प्राप्त संदेशों पर विश्वास न करें।

राजस्थान पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि कोई इस प्रकार की धोखाधड़ी का प्रयास करता है, तो इसकी तत्काल सूचना साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर दें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही निकटतम पुलिस स्टेशन अथवा साइबर पुलिस स्टेशन में भी रिपोर्ट करें।

# मुख्यमंत्री ने जनसुनवाई में अधिकारियों को निर्देश दिए

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिला, किसान, युवा, मजदूर इन चार वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई में भी इन वर्गों की समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। परिवादियों के लिए मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही जनसुनवाई उम्मीद की किरण बन गई है। जनसुनवाई में हजारों की संख्या में परिवादी मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हैं। मुख्यमंत्री भी संवेदनशीलता के साथ मौके पर ही उनका निस्तारण कर उन्हें संबल दे रहे हैं।

- **महिला-दिव्यांग-बुजुर्ग की परिवेदनाओं को मुख्यमंत्री दे रहे प्राथमिकता, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश**

मुख्यमंत्री ने आज सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर हुई जनसुनवाई में महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों सहित विभिन्न वर्गों की परिवेदनाओं को व्यक्तिशः विस्तार से सुना तथा अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला कलक्टर नियमित रूप से जनसुनवाई कर स्थानीय लोगों की समस्याओं को हल करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिला स्तर पर ही परिवादी को राहत पहुंचाई जाए ताकि उसे अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवेदना का समय से निस्तारण किया जाए। साथ ही, अधिकारी जनता से जुड़े कामों को पूरी जिम्मेदारी से करें।

जनसुनवाई के दौरान आर्थिक तंगी से जूझ रही कैंसर पीड़िता प्रेमलता ने इलाज में आ रही समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को प्रेमलता के शीघ्र इलाज करवाने के निर्देश दिए। अब प्रेमलता कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का इलाज निःशुल्क ले सकेगी।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आमजन और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शेष रही ग्राम पंचायतों में होगा सहकारी समितियों का गठन

**जयपुर।** सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल ने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप राज्य की शेष रही सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन किया जाना है। इन समितियों के गठन से राज्य में सहकारिता का नेटवर्क मजबूत होगा तथा अधिक लोगों तक सहकारिता की योजनाओं का लाभ पहुंच पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन समितियों के गठन के कार्य में तेजी लाते हुए निर्धारित समय अवधि से पूर्व शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के प्रयास किये जाएं।

राजपाल सोमवार को शासन सचिवालय स्थित कक्ष से वीसी के माध्यम से नवीन ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना के लिए सदस्य संख्या एवं न्यूनतम हिस्सा राशि के मापदण्डों में 50 प्रतिशत का शिथिलन दिया गया है, जिससे लक्ष्यों की प्राप्ति में आसानी होगी। नवीन समिति की स्थापना के लिए अब न्यूनतम सदस्य संख्या 150 एवं न्यूनतम हिस्सा राशि 1.50 लाख रुपये होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कम जनसंख्या घनत्व वाले जिलों में प्रस्ताव मिलने पर और भी शिथिलता दिए जाने पर विचार किया जा सकता है। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि समिति गठन के मापदण्डों में दी गई शिथिलता से पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों एवं जिला परिषद् सीईओ आदि को भी पत्र लिखकर अवगत करवाया जाना चाहिए ताकि इसका अधिकाधिक लाभ मिल सके।

- **प्रस्ताव प्राप्त होने पर अतिरिक्त शिथिलता दिए जाने पर होगा विचार : प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता**

# पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालयर में महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी समाज के प्रेरणास्त्रोत भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि कर्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी रजनीश चनाना सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ताओं ने भगवान मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया। उनकी वीरता और बलिदान ने आदिवासी समाज को जागरूक किया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाया। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राठौड़ ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन हमें संघर्ष, समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी की प्रेरणा देता है।

# 'मानसून पूर्व तैयारियों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त'

**जयपुर।** आगामी मानसून पूर्व तैयारियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगा, बारिश, बारिश जनित परिस्थितियों के चलते किसी भी प्रकार का हादसा होने की स्थिति में संबंधित अधिकारी के खिलाफ व्यक्तिशः जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को जिले में बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव के समस्त आवश्यक इंतजाम समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने संबंधित विभागों की मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में नगर निगम जयपुर ग्रेटर आयुक्त रुक्मणी रियार एवं नगर निगम जयपुर हैरिटेज आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने मानसून को लेकर नगर निगम की तैयारियों एवं इंतजामों की जानकारी दी। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहते हुए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# ड्रग्स सप्लाई करने आए दो तस्कर पुलिस गिरफ्त में

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने शिवदासपुरा थाना इलाके में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए दो लाख रुपये कीमत की 30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए(ड्रग्स) सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा परिवहन में प्रयुक्त एक लग्जरी चौपहिया वाहन भी जब्त किया है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ स्मैक झालावाड़ से तस्करी कर जयपुर में स्मैक तस्कर को देता था। पुलिस गिरफ्तार तस्करो से पूछताछ कर रही है।

- **दो लाख रुपये की अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए और चौपहिया वाहन जब्त**

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने शिवदासपुरा थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए तस्करी करने वाले आरोपित तस्कर इन्द्रपाल (31) और शम्भू लाल (35) को गिरफ्तार किया गया है और दोनो ही झालावाड़ के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपितों के पास से 30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए और परिवहन में प्रयुक्त एक लग्जरी चौपहिया वाहन जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए अरबाज खान उर्फ राजू निवासी झालावाड से खरीदकर लेकर आते है और अपनी चौपहिया वाहन से जयपुर में सप्लाई करते है।

# कचरे के ढ़ेर में मिला मानव भ्रूण

**जयपुर।** लालकोठी थाना इलाके में स्थित रवींद्र रंगमंच के पास कचरे के ढेहर में सोमवार को मानव भ्रूण पड़ा होने की सूचना के बाद सनसनी फैल गई और मावन भ्रूण को देखने के लिए राहगीरों की भीड़ जमा हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मानव भ्रूण को अपने कब्जे में लेकर सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया।

पुलिस ने बताया की सोमवार को रवींद्र रंगमंच के पास खाली पड़ी जगह में कचरे के ढेहर में मानव भ्रूण पड़ा होने की जानकारी मिली थी। मानव भ्रूण को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर एसएमएस के मुर्दाघर में रखवाया है।


भारत सरकार

राष्ट्र प्रथम
निर्णायक, निर्भीक, सक्षम भारत




**ब्रह्मोस मिसाइल** की वैश्विक स्तर पर मांग – **फिलीपींस** को हुआ निर्यात

भारत के रक्षा निर्यात में **33 गुना वृद्धि**

पूंजीगत रक्षा खरीद का **75% बजट** केवल स्वदेशी उत्पादों के लिए तय

**5,000 से ज्यादा उत्पाद** रक्षा आत्मनिर्भरता सूची में शामिल हुए

iDEX स्टार्टअप्स और छोटे उद्यमों से **₹2,400+ करोड़** मूल्य की **43 वस्तुओं** की खरीद



भारत में बना एयरक्राफ्ट कैरियर **आईएनएस विक्रांत**


**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ** (CDS) के **पद का गठन** करने का ऐतिहासिक निर्णय

आर्म्ड फोर्सेज की दशकों पुरानी **वन रैंक वन पेंशन** की मांग हुई पूरी



वायुसेना में शामिल हुआ लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर **'प्रचंड'** जो **5,000 मीटर** की ऊंचाई पर भार के साथ टेक-ऑफ और लैंडिंग कर सकने में सक्षम **दुनिया का इकलौता अटैक हेलिकॉप्टर** है

ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड को अधिक प्रभावी बनाने के लिए **7 रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों** (PSUs) में बदला गया



**ऑपरेशन सिंदूर** में दिखा हमारे आर्म्ड फोर्सेज का पराक्रम; दुश्मन के घर में घुसकर सिर्फ **22 मिनट** में किए **9 आतंकी ठिकाने तबाह**

CBC 44101/13/0007/2526

विकसित भारत का अमृत काल
सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के
11 साल



# उदयपुर और डीडवाना में अलग-अलग हादसों में पांच बच्चों की दर्दनाक मौत

**उदयपुर के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में तीन बच्चे सोम नदी में डूबे, डीडवाना में पौंड में दो बच्चे डूबे, मौत**

## उदयपुर : नदी में डूबने से तीन सगे भाई-बहनों की मौत

- खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में सोम नदी की घटना, भैंस को लेने नदी पार कर रहे थे बच्चे

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर जिले के खेरवाड़ा थाना क्षेत्र में बीती शाम तीन बच्चों की सोम नदी में डूबने से मौत हो गई। तीनों बच्चे सगे भाई-बहन थे। रविवार शाम छह बजे भैंस को लेने नदी पर गए थे, नदी पार करते समय तीनों बच्चे गहरे पानी में गए और डूब गए। सोमवार सुबह तीनों के शव नदी में तैरते मिले, जिन्हें स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला।

खेरवाड़ा थानाधिकारी दलपत सिंह ने बताया कि हादसे में लराठी गांव के गवार फला निवासी दिनेश मीणा के तीन बच्चे निरमा (15), खुशबू (13) और पुत्र कल्पेश (11) की मौत हो गयी है। निरमा कक्षा दस की छात्रा थी, खुशबू सातवीं और कल्पेश छठी कक्षा में छात्र था। रविवार शाम तीनों भाई-बहन भैंस को तलाशते हुए सोम नदी पहुंचे थे। भैंस नदी के दूसरी तरफ दिखायी दी, तो तीनों बच्चों ने नदी में पानी के किनारे किनारे चलकर दूसरी तरफ जाने का प्रयास किया। इस दौरान बच्चे गहरे पानी में गिर गए और डूब गए। बच्चे लापता हुए तो परिजनों ने उनकी रातभर तलाश की, लेकिन बच्चे नहीं मिले। सोमवार सुबह ग्रामीणों ने बच्चों के शव सोम नदी में तैरते हुए देखते तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी। दर्दनाक हादसे में तीनों बच्चों की इस दर्दनाक मौत से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल पसरा हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन से कई बार यहां पुल बनाने की मांग की है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जो पुल बना है वह भी दो किमी दूर है। ऐसे में लोगों को नाव या ट्यूब के सहारे ही नदी पार करके जाना पड़ता है।

## डीडवाना : पौंड में डूबने से दो बच्चों की मौत

**डीडवाना,** (निसं)। डीडवाना जिले के मौलासर थाना क्षेत्र के खानड़ी गांव में आज उस वक्त बड़ा हादसा हो गया, जब गर्मियों की छुट्टियों में अपने ननिहाल दाऊदसर आए दो बच्चों की पानी के पौंड में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद बच्चों के परिजनों में शोक व्याप्त हो गया।

जानकारी के अनुसार बच्चे अपने ननिहाल दाऊदसर आए हुए थे। खानड़ी स्थित एक खेत में सिंचाई के लिए बनाए गए पौंड में नहाने के लिए उतरे। इसी दौरान एक बच्चे का पैर फिसल गया और वह पौंड की गहराई में डूबने लगा। इस पर वहां मौजूद दूसरे बच्चे ने भी उसे बचाने के लिए पानी में छलांग लगा दी, लेकिन वह भी पानी में डूबने लगा। इस पर वहां मौजूद तीसरे बच्चे ने तुंरत आसपास के लोगों को सूचना देकर मौके पर बुलाया, जिन्होंने दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृत बच्चों की पहचान लाडनूं निवासी 12 वर्षीय अकील पुत्र सरवर खान और लक्ष्मणगढ़ निवासी 11 वर्षीय रियान पुत्र सत्तार खान के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही मौलासर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सिंचाई पौंड की पाल तोड़कर पानी निकालकर पौंड खाली करवाया। घटना को लेकर मृत बच्चों के परिजनों ने पुलिस में कोई रिपोर्ट नहीं दी है।

## ठगी गिरोह का पर्दाफाश

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना पुलिस टीम ने लग्जरी कारों को किराये पर ले जाकर खुर्द-बुर्द कर बैचान करने के मामला का खुलासा करते हुए ठगी के दो आरोपियों को मध्यप्रदेश के भोपाल से गिरफ्तार किया है। पकड़े गये ठगों के कब्जे से पुलिस टीम ने दो कारें भी बरामद की है। शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि 7 जून को फरियादी पंकज महावर ने उद्योग नगर थाने में कारों को किराये पर ले जाकर खुर्द-बुर्द कर बैचान करने का प्रकरण दर्ज कराया। शहर एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने वाहनों में लगे जीपीएस एवं सीसीटीवी फुटेज तथा मोबाईल नम्बरों की कॉल डिटेल के आधार पर आरोपियों को ट्रेस कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो ठगी के आरोपी कृष्णा नगर बैरसिया रोड़ भोपाल निवासी सैयद नाजिस अली उर्फ नज्जू (26) एवं मालीपुरा पीरगेट थाना कोतवाली जिला भोपाल निवासी आदि मोहम्मद खान (20) को मध्यप्रदेश के भोपाल से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस टीम ने गिरफ्तार ठगों के पास से एक कार इनोवा क्रीस्टा और एक कार मारूती बेलेनो को बरामद किया।

## अवैध हथियार सहित चार जने गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर,** (पिसं)। जिला पुलिस ने फिर से हथियार तस्करी के नए नेटवर्क का खुलासा किया है। इसमें चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से तीन पिस्टल, चार मैगजीन और एक चले हुए कारतूस तथा एक स्कॉर्पियो गाड़ी सहित काबू किया। यह कार्रवाई लालगढ़ जाटान पुलिस द्वारा की गई है।

डीआईजी गौरव यादव ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के तार मध्यप्रदेश के इंदौर जिले के एक गांव से जुड़े हैं। इनमें से मास्टरमाइंड तथा उसका दोस्त वहां से हथियार खरीदकर लाए थे और यहां बेचते थे। अधिक जानकारी को आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। सीओ ग्रामीण राहुल यादव ने बताया कि लालगढ़ जाटान थाने से तीन टीमों ने अलग-अलग कार्रवाई की। पहली कार्रवाई एएसआई बलवंतसिंह की टीम ने की। गश्त के दौरान 7 जून को गोधुवाली ढाणी 14 एसपीएम निवासी रोहित सहारण से एक पिस्टल बरामद कर गिरफ्तार किया। दूसरी टीम में एएसआई साहबराम बाजिया ने नाकाबंदी के दौरान स्कॉर्पियो को रुकवाया। चालक टिब्बी थाना क्षेत्र के गांव पन्नीवाली निवासी जसकरण सिंह उर्फ जस्सी से एक पिस्टल व उसके साथी फतेहपुर ढालिया निवासी सुखचैन सिंह उर्फ सुखा रायसिख पुत्र परमजीत सिंह को एक खाली मैगजीन व एक कारतूस का खोखा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। स्कॉर्पियो जब्त की गई है। तीसरी टीम में हैड कांस्टेबल धर्मवीर सिंह ने गश्त के दौरान ताखरांवाली के निकट चक 7 टीकेडब्ल्यू ढाणी निवासी सन्नी साईं से एक पिस्टल बरामद कर गिरफ्तार किया गया है।


**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :– 2226906, फोन :– 0151-2226902, 0151-2226905
E-mail:- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site www.bikanermc.org

क्रमांक / स्वा. / 2025–26 / 9037 दिनांक :– 05.06.2025

**ई–निलामी सूचना (वर्ष 2025–2026)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम बीकानेर के नगरीय क्षेत्र में मृत पशुओं को उठानें एवं निस्तारण करने का ठेका कार्यादेश जारी होने की दिनांक से 02 वर्ष की अवधि के लिए ई–निलामी आमंत्रित की जाती है। प्रार्थना पत्र शुल्क जमा कराने की दिनांक 11.06.2025 को सांय 06:00 बजे तक तथा बोली प्रारम्भ करने की दिनांक 16.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 16.06.2025 को सांय 04.00 बजे तक का समय रहेगा। इच्छुक नीलामी दाता नीलामी कार्यक्रम ई–निविदा बिजनेस रूल्स आदि की जानकारी बेवसाईट www.bikanermc.org पर देखी जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/3872 आयुक्त


## बिजयनगर कांड : मुख्य आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**अजमेर,** (कासं)। बिजयनगर ब्लैकमेल कांड में मुख्य आरोपी अफराज उर्फ अफरान उर्फ जिब्राइल उर्फ अप्पू की जमानत याचिका सोमवार को अजमेर की पॉक्सो कोर्ट संख्या-2 के न्यायाधीश ने खारिज कर दी है। आरोपी द्वारा पीड़िताओं पर शारीरिक संबंध बनाने और धर्म बदलने का दबाव बनाया था। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि आरोपी ने हिंदू-मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच शत्रुता फैलाने का काम किया है।

मामले के अनुसार मुख्य आरोपी अफराज पर आरोप है कि उसने नाबालिग छात्राओं को मोबाइल फोन उपलब्ध कराए और अन्य सह अभियुक्तों के साथ मिलकर शारीरिक शोषण के लिए दबाव बनाया। आरोपी अपने मोबाइल फोन से सह अभियुक्तों से बातचीत करवाने के लिए भी छात्राओं पर दबाव डालता था। पुलिस द्वारा की गई जांच और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने पाया कि आरोपी का रोल घटना में अत्यंत गंभीर है। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने बताया कि अफराज ने मासूम छात्राओं को ब्लैकमेल कर उन्हें शारीरिक शोषण के जाल में फंसाया। आरोपी द्वारा की गई हरकतें न सिर्फ पीड़िताओं के मानसिक और शारीरिक शोषण किया। यह घटना समाज के लिए भी अत्यंत घातक हैं। इसी आधार पर अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# 543.50 क्विंटल नकली मूंगफली, मूंग और ग्वार के बीज जब्त

- कृषि विभाग की कार्रवाई में नकली बीज और उर्वरकों का बड़ा जखीरा पकड़ा
- भारतीय किसान संघ ने बड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत की ओर भी इशारा किया

**बीकानेर,** (निसं)। कृषि विभाग की सघन कार्रवाई के दौरान नकली बीज और उर्वरकों का बड़ा जखीरा पकड़ा गया है। 543.50 क्विंटल नकली मूंगफली, मूंग और ग्वार बीज जब्त किए गए, जबकि 29 नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। कार्रवाई के बाद भारतीय किसान संघ ने बड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत की ओर भी इशारा किया है।

बीकानेर में नकली खाद-बीज बेचने के खेल पर कृषि विभाग की ताबड़तोड़ कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि किसान किस तरह से योजनाबद्ध लूट के शिकार हो रहे हैं। वहीं 89.60 क्विंटल बीज की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। निरीक्षण के दौरान 18 क्विंटल उर्वरक भी सीज किया गया। कार्रवाई की अगुवाई कर रहे अतिरिक्त निदेशक कृषि विस्तार त्रिलोक कुमार जोशी के नेतृत्व में गठित टीमें नेशनल क्रॉप साइंस खारा, किशनलाल श्याम सुंदर करणी इंड. एरिया, जयदयाल एग्रो अनाज मंडी, लक्ष्मी एग्रो एजेंसी बीकानेर, श्री चारभुजा एग्रो इंडस्ट्रीज बीछवाल एवं हुसंगसर एवं केशरीचंद उदयचंद अनाज मंडी समेत आठ प्रतिष्ठानों पर जांच के लिए भेजी गई थी। इन प्रतिष्ठानों पर गंभीर अनियमितताएं पाई गई।

कृषि विभाग की कार्रवाई के बाद भारतीय किसान संघ ने भी मोर्चा खोलते हुए कृषि मंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि विभाग की आंखों के सामने वर्षों से यह नकली खाद-बीज का धंधा चलता रहा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। किसान संघ ने मांग की है कि न केवल दोषी व्यापारियों पर, बल्कि उन अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो जिनकी लापरवाही या मिलीभगत से यह खेल फला-फूला। ज्ञापन में बताया गया कि बीकानेर और नोखा में पूर्व में भी नकली डीएपी पकड़ी गई थी, लेकिन जांच में लीपापोती कर दोषियों को बचा लिया गया। यहां तक कि नकली डीएपी भरने में विभागीय अधिकारियों के रिश्तेदारों के नाम भी सामने आए। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि बीकानेर जिले में एक ही लाइसेंस पर कई दुकानों का संचालन हो रहा है और कई जगहों पर छापे की खानापूर्ति कर असली ठिकानों को छोड़ दिया गया।

किसान संघ ने कृषि मंत्री से मांग की है कि जयपुर या अन्य जिले की स्वतंत्र टीम से जांच करवाई जाए, ताकि सही तस्वीर सामने आ सके। साथ ही इफ्को जैसे नामी ब्रांड को भी जिम्मेदार ठहराते हुए कानूनी कार्रवाई में शामिल किया जाए। यह मामला सिर्फ नकली बीज बेचने का नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य, उनकी मेहनत और विश्वास के साथ हुए विश्वासघात का है।


**कार्यालय नगर पालिका बसवा (दौसा)**

क्रमांक :– न.पा.ब. / 2025 / 1309 दिनांक :– 04.06.2025

**BID सूचना**

समस्त पंजीकृत संवेदक / सामाजिक संस्थाओ को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका बसवा NIB Code DLB2526A2105 तथा UBN No. DLB2526WSRC06861 कार्य करवाना चाहती है अतः इच्छुक व्यक्ति नियत दिनांक 10.06.2025 को 2:00 बजे तक अपनी दर ऑफलाईन प्रस्तुत कर सकते है । निविदा आनलाईन बेबसाईट http://sppp..goverment.gov.in पर देखी जा सकती है । निविंदा से संबंधित शर्ते उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है ।

राज.संवाद / सी / 25 / 3806 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बसवा



**नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)**

क्रमांक– निविदा / 2025 / 713–15 दिनांक : 06.06.2025

**निविदा सूचना**

नगर पालिका रतनगढ़ की और से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ऑफ लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है कार्य की निविदा बेचे जाने दिनांक 17.06.2025 को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक विक्रय एंव दोपहर 12 बजे तक प्राप्त कर दिनांक 17.6.2025 को 5 बजे उपस्थित निविदादाता के समक्ष खोली जायेगी तथा शेष विवरण व निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण जानकारी विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB code- DLB2526A2147

UBN:-

| | | |
|---|---|---|
| DLB2526SSOB06978 | DLB2526WSOB06996 | DLB2526SSOB07000 |
| DLB2526SSOB07002 | DLB2526SSOB07007 | DLB2526SSOB07009 |
| DLB2526SSOB07011 | DLB2526SSOB07013 | DLB2526SSOB07015 |

राज.संवाद / सी / 25 / 3847 अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रतनगढ़


# शिक्षकों के साथ 278 डीईओ भी गर्मी की छुट्टियों पर

**बीकानेर,** (निसं)। प्रदेश में पहली बार है जब शिक्षकों और बच्चों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी भी गर्मी की छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। यह स्थिति तब है जब फील्ड में 300 से अधिक जिला शिक्षा अधिकारियों के पद रिक्त है।

जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारियों के रिक्त पदों को भरने के लिए राज्य सरकार ने 11 फरवरी को वर्ष 2023- 24 और 2024 -25 की डीपीसी करवाई। डीपीसी में पदोन्नत हुए 278 जिला शिक्षा अधिकारियों को चार महीने बाद भी नए स्थान पर पोस्टिंग नहीं मिली है। सभी पदोन्नत डीईओ आज भी स्कूलों में प्रिंसिपल के पद पर कार्यरत है। उधर, 17 मई से स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई है। छुट्टियां शुरू हुए भी लगभग तीन सप्ताह से अधिक समय बीत चुका हैं। अब एक जुलाई से वापस स्कूल शुरू हो जाएंगे। लेकिन पदोन्नत जिला शिक्षा अधिकारियों को अभी तक पदस्थापन नहीं मिला है। यही कारण है कि पदोन्नत जिला शिक्षा अधिकारी फील्ड में काम करने की बजाय छुट्टियों का लुफ्त उठा रहे हैं। विदित रहे कि डीपीसी में लगभग 329 प्रधानाचार्यों का डीईओ के पद पर चयन हुआ, लेकिन 51 प्रधानाचार्य डीईओ पद पर कार्यरत ग्रहण से पहले ही सेवानिवृत हो चुके हैं। ऐसे में अब 278 पदोन्नत प्रिंसिपलों को डीईओ के पद पर पदस्थापन मिलना है। जिला शिक्षा अधिकारियों के पदों पर लंबे समय बाद पदोन्नति होने के बाद पदस्थापन नहीं होने से अनेक अधिकारी तो सेवानिवृत्त हो गए है। राज्य सरकार को पदस्थापन मामले को गंभीरता से लेते हुए पदोन्नत हुए डीईओ के पदस्थापन आदेश जल्दी जारी करने चाहिए।

## युवती से गैंगरेप

**अजमेर,** (कासं)। क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में युवती के साथ गैंगरेप और ब्लैक मेलिंग का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि सोशल मीडिया के जरिए उसकी एक युवक से दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया और होटल में ले जाकर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने उसे बाद में अपने फ्लैट पर बुलाया जहां उसके दोस्त ने भी मदद की। इसके बाद आरोपियों ने अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी और दो साल तक ब्लैकमेल करते रहे। आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर करीब एक लाख रुपये भी हड़प लिए। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। युवती का आरोप है कि कई बार सुनसान जगहों पर ले जाकर गाड़ी में भी उसके साथ दुराचार किया गया, जबकि उसका दोस्त बाहर पहरा देता था। पीड़िता को बाद में पता चला कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और शादी की बात को लेकर टालमटोल करता रहा।

# आबादी इलाके में लेपर्ड का मूवमेंट दिखा, वन विभाग की टीम पहुंची

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर में केशवनगर स्थित एसबीआई बैंक के पास स्थित एक बंगले के गेट पर लेपर्ड नजर आया। चौकीदार के चिल्लाने पर लेपर्ड छलांग मारते हुए सड़क पर चला गया। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वहीं वन विभाग की टीम ने सोमवार सुबह आस पास सर्च अभियान चलाया लेकिन लेपर्ड नजर नहीं आया।

जानकारी के अनुसार वार्ड 64 में केशवनगर मैन रोड पर एसबीआई बैंक की ब्रांच है। इसके पास ही अभिषेक जैन का बंगला है जिसकी निगरानी के लिए चौकीदार मीठालाल को रखा गया है। बंगले में किराएदार भी रहते हैं। चौकीदार ने बताया रात करीब 11.27 बजे बंगले के गेट पर लेपर्ड को बैठा देखा था। उससे देखते ही मेरी चीख निकल गई। मेरे चिल्लाने पर लेपर्ड छलांग मारते हुए बंगले के बाहर की तरफ सड़क पर चला गया। चौकीदार ने बताया कि लेपर्ड बंगले के अंदर कूदने वाला था, लेकिन उसके चिल्लाने की आवाज पर बाहर सड़क पर छलांग लगा दी।

बंगले के मालिक अभिषेक जैन ने बताया कि वह रात को एक शादी कार्यक्रम से घर आकर सो गए थे। किराएदार अपूर्व जैन ने चौकीदार से बात की तो उसने लेपर्ड के बारे में बताया। सुबह कैमरा देखा तो लेपर्ड नजर आया। सीसीटीवी में बंगले के गेट पर लेपर्ड बैठा दिखा है। चौकीदार के चिल्लाने पर गेट से छलांग मारते हुए सडक पर चला गया। इसके बाद रोड क्रॉस करते हुए प्रेमनगर कॉलोनी में जाते दिखा। लेपर्ड का आवाजाही वाली सडक पर आने की सूचना पर सोमवार सुबह वार्ड के पूर्व पार्षद राकेश जैन मौके पर पहुंचे और डीएफओ अजय चित्तौड़ा को सूचना दी। इसके बाद क्षेत्रीय वन अधिकारी यशपाल सिंह मौके पर आए। करीब 10.35 बजे वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम लेपर्ड के रेस्क्यू के लिए टीम आस पास के खेतों में भी पहुंची। टीम ने कहा कि हम यहां चेक कर रहे हैं और किसी को भी कोई मूवमेंट को लेकर जानकारी मिले तो तुरंत सूचना उनको दें। क्षेत्रीय वन अधिकारी यशपाल सिंह ने लोगों को आश्वस्त किया कि हमारी टीम यहां निगरानी करेगी। उन्होंने कहा कि सर्च में जो भी सामने आएगा उसके अनुसार जरूरत पडी तो पिंजरा भी लगाएंगे।

पूर्व पार्षद राकेश जैन ने बताया कि ये पूरा आबादी इलाका है। आसपास कई पॉश कॉलोनियां बसी है। मुख्य सडक पर 24 घंटे गाडियों की आवाजाही रहती है। यहां पर कॉलोनियों के बच्चे खेलते है। लेपर्ड दिखने के बाद से सभी दशहत में है। जैन ने बताया लेपर्ड जब तक पकड़ में नहीं आता हैं तब तक लोग घबराए हुए है। जैन ने बताया कि इस मामले में हमने कलेक्टर नमित मेहता को भी सूचित किया है।


**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः–न.पा.नि. / निर्माण / 2025–26 / 2796 दिनांकः– 03.06.2025

**ई. बोली सूचना संख्या :– 11/2025–2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :–

| | |
|---|---|
| बोली का कार्य | NIB Code:- DLB2526A1175 (कुल 9 कार्य) |
| Unique Bid Number | DLB2526WSOB06940,06936, 06946, 06949, 06975, 06981, 06989, 06994, 06997 |
| बोली की कुल लागत | Rs 138.70 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | दिनांक 09.06.2025 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 20.06.2025 सांय 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | दिनांक 23.06.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | 120 Day |

राज.संवाद / सी / 25 / 3818 अध्यक्ष नगर पालिका निवाई अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई



**कार्यालय नगर निगम जोधपुर (दक्षिण)**

नगर निगम भवन, पोलीटेक्नीकल कॉलेज परिसर के अन्दर, गौरव पथ, जोधपुर
फोन संख्या:- 0291-2651464, फैक्स:- 0291-2641464, ई-मेल:- ceojnn@gmail.com

क्रमांकः– 4402 दिनांकः– 05.06.2025

**श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालन हेतु अभिरूचि की अभिव्यक्ति का (Expression of interest EOI) आमंत्रण**

श्री अन्नपूर्णा रसोई संचालन हेतु अभिरूचि की अभिव्यक्ति (Expression of interest EOI) का आमंत्रण निदेशालय स्थानीय निकाय राज. जयपुर की अभिरूची की अभिव्यक्ति क्रमांक एफ 15(ग) पी.डी / डीएलबी / इरयो / 20 / पार्ट–1 / 170 दिनांक 04.08.2020 की निरन्तरता में जोधपुर नगर निगम दक्षिण (DLO) के अधीन EOI में संलग्न स्थान हेतु श्री अन्नपूर्णा रसोई के संचालन के लिए प्रस्ताव दिनांक 17.06.2025 शाम 04.00 बजे तक अभिरूचि आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) नगर निगम जोधपुर दक्षिण की वेबसाइट www.lsg.rajasthan.gov.in/mcjs से प्राप्त / डाउनलोड की जा सकती है।

राज.संवाद/सी/25/3883 आयुक्त एवं संचिव जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति (श्री.अ.र.यो.) नगर निगम जोधपुर



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति जायल (नागौर)**

S. No.: 35 - 44 Date: 06/06/2025

**Notice Inviting Bid (NIB DAM2526A0148 /2025-26)**

E-Bids are invited from manufacturers/direct importers/Authorized Dealer up to 10.00 A.M. of 23/06/2025 for procurement of IT AND ASSAYING EQUIPMENTSon Tender on behalf of office of the Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti, Jayal Details may be seen in the Bidding Document at the office of the Krishi Upaj Mandi Samiti, Jayal or State Public Procurement Portal website sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in or website https://agriculture.rajasthan.gov.in/dam/ The bidding document may be downloaded from either of the above websites and uploaded duly filled in with payment of Rs. 1180/-(1000+18% GST) through banker's cheque/demand draft in favour of Secretary, Krishi Upaj Mandi Samiti, Jayal, payable at Jayal Details of bid are following :-

| S. NO. | Bid Title | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | IT AND ASSAYING EQUIPMENTS | DAM2526GLRL00222 |

Raj.Samwad/C/25/3865 सचिव



**कार्यालय नगर पालिका खाजूवाला जिला-बीकानेर (राज.)**

क्रमांकः– न.पा.खा / निविदा / निर्माण / 2025–26 / 460–61 दिनांकः– 04.06.2025

**–: ई–निविदा सूचना 03/2025–26 :–**

नगर पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्य नियमानुसार पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट WWW.SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN व WWW.EPROC.RAJASTHAN.GOV.IN पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

| S.No. | UBN No |
|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB06888 |

| क्र. सं. | निविदा ऑनलाईन डाउनलोड व अपलोड करने की दिनांक | निविदा भौतिक प्रपत्र जमा करवाने की अन्तिम दिनांक | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 05.06.2025 को सायं 06:00 बजे से दिनांक 16.06.2025 सांय 06:00 बजे तक | दिनांक 17.06.2025 को दोपहर 12:00 बजें | दिनांक 18.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे से लगातार |

राज.संवाद / सी / 25 / 3817 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, खाजूवाला


# अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम और पुलिस टीम पर हमला

- 12 से ज्यादा पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल, अधिकारियों को जान बचाकर मौके से भागना पड़ा
- पुलिस ने लोगों को तितर-बितर करने के लिए छह हवाई फायर किए, मौके पर आरएसी जाब्ता बुलाया
- अतिक्रमणकारियों ने पथराव शुरू किया, चार जेसीबी और एक कार में तोड़फोड़ की

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में सोमवार को अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम और पुलिस की टीम पर लोगों ने पथराव कर दिया। इसमें 12 से ज्यादा पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल हो गए। दो के सिर में गंभीर चोटें आईं। लोगों ने चार जेसीबी और एक कार में तोड़फोड़ की। अधिकारियों को जान बचाकर मौके से भागना पड़ा।

जानकारी के अनुसार उम्मेदसागर बांध क्षेत्र में 500 मीटर के दायरे में बड़ी संख्या में अवैध निर्माण हो गए। कई पक्के मकान बन गए। जोधपुर विकास प्राधिकरण भी पहले कई बार कार्रवाई कर चुका है, लेकिन अतिक्रमण पूरी तरह नहीं हटे। सोमवार सुबह नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम उम्मेदसागर बांध क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने पहुंची थी, लेकिन लोगों ने विरोध में पत्थर बरसाए। लोगों ने पुलिस और निगम की टीम पर पथराव किया। इसमें 12 से ज्यादा पुलिसकर्मी और निगमकर्मी घायल हो गए। सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी ने उम्मेदसागर और आसपास अतिक्रमण को देखते हुए सीएम को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी। जेडीए, पुलिस और पीएचईडी की संयुक्त कार्रवाई में पूर्व में 103 अतिक्रमण हटाए गए थे। जलदाय विभाग के ताजा सर्वे में 229 और अतिक्रमण चिह्नित किए गए। इन्हें हटाने की कार्रवाई सोमवार को शुरू की गई।

पुलिस उपायुक्त राजर्षि राज वर्मा ने बताया कि सुबह जब पुलिस और नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची, तो अतिक्रमणकारियों ने पथराव शुरू कर दिया। पुलिस पथराव करने वालों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बांध क्षेत्र को अवैध कब्जों से मुक्त कराया ही जाएगा। हिंसा में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त जानकारी के पुलिस ने लोगों को तितर-बितर करने के लिए छह हवाई फायर किए। मौके पर आरएसी जाब्ता बुलाया गया है। पथराव करने वाले बदमाशों को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि मौके पर पत्थरबाजी के घटना के बाद पुलिस, निगम और पीएचडी की टीम जान बचाकर भागना पड़ा। जेसीबी चलाने वाले सात चालक भी चोटिल हो गए। 30-40 कच्चे मकान हटाने के बाद ही लोगों ने पथराव कर दिया।

महापौर दक्षिण वनिता सेठ ने कहा कि नगर निगम के आदेश पर अतिक्रमण प्रभारी स्वरूप सिंह कार्रवाई करवा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने पथराव कर दिया, जिसमें जेबीसी ड्राइवर और निगम कर्मचारी घायल हो गए। महापौर ने कहा कि यह गलत है कि लोग अवैध कब्जे भी करें और फिर पथराव भी करें। जो अतिक्रमण हैं, वो ध्वस्त होंगे ही।

बिजली कनेक्शन के संबंध में महापौर ने बताया कि निगम समय पर पहुंच गया था और बिजली विभाग अवैध कनेक्शन काट रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग से बातचीत कर सभी अवैध कनेक्शन हटवा दिए जाएंगे। पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजर्षि राज ने बताया कि कार्रवाई में राजकार्य में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों की धरपकड़ शुरू कर दी गई है। बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस को अभियान में लगाया गया है। जब तक अतिक्रमण नहीं हट जाता तब तक पुलिस वहां तैनात रखी जाएगी। स्थिति को देखते हुए मौके पर 10 से ज्यादा थानों का जाब्ता तैनात किया गया है। 50 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं।


**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर (राज.)

क्रमांक : एफ.14( )( ) / ननिअ / उद्यान / 2025–26 / 643 दिनांक : 16.05.2025

**ई–नीलामी सूचना**

रजिस्ट्रेशन एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा कराने दिनांक व समय :– 05.06.2025 सांय 06:00 बजें से 11.06.2025 को सांय 06:00 बजें तक।
ऑनलाईन बोली की दिनांक व समय :– 12.06.2025 प्रातः 11:00 बजें से 13.06.2025 को प्रातः 11:00 बजें तक।

**नीलामी स्थल एवं समस्त भुगतान प्रक्रिया – ऑनलाईन**

नगर निगम अजमेर द्वारा निम्नांकित अवधि के लिये निम्न वर्णित पार्किंग स्थल के संचालन हेतु ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है:–

UBN-ANN2526SLOB00044

| क्र. स. | पार्किंग स्थल का नाम | ठेका अवधि | (प्रतिभूति) अमानत राशि | प्रारम्भिक सरकारी बोली (प्रथम वर्ष) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1) महादेव ढाबे के सामने पार्किंग 2) बजरंग गढ गेट के अन्दर पार्किंग 3) गोगाजी मंदिर के सामने पार्किंग सुभाष उद्यान | 3+2 वर्ष | 28,000 / – | 1400000 / – |

अतः इच्छुक व्यक्ति / फर्म / संस्था LSG E-AUCTOIN के ऑनलाईन पोर्टल https://lsgeauction.rajasthan.gov.in पर नियमानुसार रजिस्ट्रेशन कराकर ई–नीलामी में भाग ले सकते है। नियम व शर्तो की जानकारी नगर निगम अजमेर की अन्यकर शाखा में किसी भी कार्यालय दिवस व समय पर ली जा सकती है एवं नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/mcajmer व Rajasthan State public Procurement Portal पर भी सूचना उपलब्ध है।

राज.संवाद / सी / 25 / 3844 उपायुक्त



**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

संभागीय मुख्य अभियन्ता (जो.जो.) नया पावर हाउस रोड, जोधपुर-342003, दूरभाषः- (0291) 2651201

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

TNJDZ-34 " फलौदी सर्कल के अंतर्गत (ओ एंड एम) सब डिवीजन आऊ के तहत 125 नग कृषि कनेक्शन जारी करने के लिए 11 केवी लाइन 31.5 किमी और 11/0.4 केवी सब स्टेशन का निर्माण, जिसमें श्रम दर के आधार पर एस/डी स्टोर से साइट तक सामग्री का परिवहन शामिल है-2022" (UBN No JVV2526WSOB00212), TNJDZ-35 फलौदी सर्कल के अंतर्गत (ओ एंड एम) सब डिवीजन बाप के तहत 100 कृषि कनेक्शन जारी करने के लिए 11 केवी लाइन 31.5 किमी और 11/0.4 केवी सब स्टेशन का निर्माण, जिसमें श्रम दर के आधार पर एस/डी स्टोर से साइट तक सामग्री का परिवहन शामिल है-2022" (UBN NoJVV2526WSOB00213), TNJDZ-36 "फलोदी सर्कल के अंतर्गत (ओ एंड एम) सव डिवीजन देचू के तहत 150 कृषि कनेक्शन जारी करने के लिए 11 केवी लाइन 16.5 किमी और 11/0.4 केवी सब स्टेशन का निर्माण, जिसमें श्रम दर के आधार पर एस/डी स्टोर से साइट तक सामग्री का परिवहन शामिल है-2022" (UBN No JVV2526WSOB00214), TNJDZ-37 'फलोदी सर्कल के अंतर्गत (ओ एंड एम) सब डिवीजन फलोदी के तहत 114 कृषि कनेक्शन जारी करने के लिए 11 केवी लाइन 25.08 किमी और 11/0.4 केवी सब स्टेशन का निर्माण, जिसमें श्रम दर के आधार पर एस/डी स्टोर से साइट तक सामग्री का परिवहन शामिल है-2022" (UBN No. JVV2526WSO800215), TNJDZ-38 "फलोदी सर्कल के अंतर्गत (ओ एंड एम) सव डिवीजन लोहावट व् वापिनी के तहत 140 कृषि कनेक्शन जारी करने के लिए 11 केवी लाइन 23.1 किमी और 11/0.4 केवी सब स्टेशन का निर्माण, जिसमें श्रम दर के आधार पर एस/डी स्टोर से साइट तक सामग्री का परिवहन शामिल है-2022" (UBN No JVV2526WSCIB00216), TNJDZ-39 "फलोदी सर्कल के अंतर्गत (ओ एंड एम) सब डिवीजन मतोड़ा के तहत 150 कृषि कनेक्शन जारी करने के लिए 11 केवी लाइन 17.5 किमी और 11/0.4 केवी सब स्टेशन का निर्माण, जिसमें श्रम दर के आधार पर एस/डी स्टोर से साइट तक सामग्री का परिवहन शामिल है-2022" (UBN No JVV2526WSOB00217)

अन्य विवरण जैसे निविदा मुल्य, धरोहर राशि, निविदा प्रस्तुत करने/खुलने की तिथि का विवरण इत्यादि वेबसाईट www.energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं www.eproc.rajasthan.gov.in द्वारा जानी जा सकती है। निविदाकर्ताओं को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है की ऑनलाईन पर निविदा डालने से पहले निविदा दस्तावेजों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर ले।

सुचारू भविष्य में इन निविदाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन तिथि बढनें की जानकारी आदि केवल वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in, energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl पर उपलब्ध करायी जायेगी।

राज.संवाद/सी/25/3845 संभागीय मुख्य अभियंता (जो.जो.)

बिजली संबंधी शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6045

# ‘भाजपा ने नगरीय निकाय व पंचायतीराज उपचुनावों में रचाया परचम’

## 36 में से 28 सीटों पर हासिल की विजय : मदन राठौड़

- ‘डोटासरा स्वयं की विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी को नहीं दिला पाए जीत, लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका वार्ड में भाजपा प्रत्याशी की जीत’
- ‘जनता कांग्रेस के झूठ और ढकोसले को अब और नहीं करेगी बर्दाश्त’
- ‘उपचुनाव परिणाम भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व में जनता के विश्वास को करता है प्रदर्शित’

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर प्रदेश की जनता का विश्वास अर्जित करते हुए नगरीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के उपचुनावों में ऐतिहासिक विजय प्राप्त की है। पार्टी ने पूर्व में प्राप्त सीटों से लगभग दोगुनी सीटों पर विजय दर्ज करते हुए कुल 36 में से 27 सीटों पर कमल खिलाया है और एक जीत भाजपा समर्थित प्रत्याशी की हुई। इस प्रकार कुल 28 सीटें भाजपा के खाते में आई। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रिय नीतियों एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रतिफल है, जिसे जनता ने खुले मन से स्वीकारा है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पार्टी के सभी विजयी प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह जीत प्रदेश की जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता का भाजपा पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है, जो कि इस उपचुनाव में साफ तौर पर दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भाजपा के पास 36 में से केवल 15 सीटें थीं, जबकि इस बार पार्टी ने 27 सीटों पर जीत दर्ज की है।

प्रदेश कांग्रेस के लिए यह उपचुनाव निराशाजनक रहा। कांग्रेस जिन 15 सीटों पर पहले काबिज थी, उनमें से अब केवल 4 पर ही सिमट कर रह गई है। यह कांग्रेस के गिरते जनाधार और नेतृत्व की विफलता को दर्शाता है। राठौड़ ने बताया कि प्रदेश की जनता ने केंद्र और राज्य सरकार की विकासोन्मुख, पारदर्शी व जनहितकारी नीतियों पर अपनी मुहर लगाई है। भाजपा कार्यकर्ता और नेतृत्व प्रदेश की जनता के इस विश्वास को आगे भी कायम रखने हेतु कृतसंकल्पित है और हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि जिला परिषद की 6 में से 5 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसी प्रकार पंचायत समिति के 18 सीटों पर हुए उपचुनावों में भाजपा ने 12 पर विजय प्राप्त की, जबकि कांग्रेस को मात्र 3 सीटों पर संतोष करना पड़ा। शेष 3 सीटों पर अन्य दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत मिली है। नगर पालिका उपचुनावों में भी भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है। कुल 12 सीटों में से 10 पर भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत का परचम लहराया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा आए दिन अनर्गल और बेबुनियाद बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, लेकिन अब प्रदेश की जनता ने उन्हें एक बार फिर करारा जवाब दिया है। नगर निकाय चुनावों में लक्ष्मणगढ़ – जो कि स्वयं डोटासरा की विधानसभा सीट है – वहां कांग्रेस प्रत्याशी की करारी हार इस बात का सबूत है कि जनता कांग्रेस के झूठ और ढकोसले को अब और बर्दाश्त नहीं करेगी। डोटासरा अपनी ही सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार को जिताने में नाकाम रहे, जो कांग्रेस नेतृत्व की जमीनी हकीकत को उजागर करता है।

राठौड़ ने कहा कि डोटासरा भाजपा पर झूठा प्रचार करने में व्यस्त हैं, लेकिन उनके अपने क्षेत्र की जनता ने उन्हें ही आईना दिखा दिया है। यह हार सिर्फ एक सीट की नहीं, बल्कि कांग्रेस की नीतियों और ढकोसलेबाज़ी की हार है। कांग्रेस अब केवल झूठ बोलने, भ्रम फैलाने और जनता को धोखा देने वाली पार्टी बनकर रह गई है। जनता ने साफ संदेश दे दिया है कि उन्हें विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद चाहिए – और ये सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही दे सकती है। यह परिणाम न सिर्फ कांग्रेस के खोखले दावों को उजागर करता है, बल्कि भाजपा की नीति, नीयत और नेतृत्व में जनता के विश्वास को भी मजबूती से स्थापित करता है।

# रिश्वत मामले में ए.एस.पी. और डी.टी.ओ. को जमानत नहीं

- अदालत ने मामले में गिरफ्तार जिला परिवहन अधिकारी पून्याराम मीणा की जमानत अर्जी भी खारिज कर दी है

**जयपुर, 9 जून।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत क्रम 1 ने सरकारी अधिकारियों को डरा-धमकाकर मासिक बंधी के जरिए रिश्वत लेने के मामले में एसीबी के तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार शर्मा को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इसी तरह अदालत ने मामले में गिरफ्तार जिला परिवहन अधिकारी पून्याराम मीणा की जमानत अर्जी भी खारिज कर दी है। पीठासीन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि मामले में अनुसंधान लंबित है और आरोपी पर रिश्वत का गंभीर आरोप है। ऐसे में उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

आरोपी सुरेन्द्र कुमार शर्मा की ओर से कहा गया कि उसे मामले में फंसाया गया है। उसे एसीबी के जयपुर मुख्यालय पर अटैच किया गया था। वहीं उसे गिरफ्तार करते समय सवाई माधोपुर से जुडा कोई काम लंबित नहीं था। इसके अलावा उसके पास न तो कोई दस्तावेज बरामद हुए और ना ही सह आरोपी से मोबाइल पर किसी तरह की बातचीत सामने आई है।

वहीं उसे अभिरक्षा में लेने से पूर्व भारतीय सुरक्षा संहिता के जरूरी प्रावधानों की भी अवहेलना की गई है। दूसरी ओर आरोपी पून्याराम की ओर से कहा गया कि एफआईआर में उसका नाम नहीं है। वहीं उससे न तो कोई रिश्वत राशि बरामद हुई है और ना ही उसने किसी अन्य के लिए रिश्वत राशि प्राप्त की है। इसलिए उसे जमानत पर रिहा किया जाए।

जमानत अर्जियों को विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक शालिनी गौतम ने कहा कि दलाल रामराज मीणा का मोबाइल सर्विलांस पर लेने के दौरान रिश्वत के इस रैकेट का खुलासा हुआ है। आरोपियों ने आपस में षडयंत्र कर दलालों के जरिए विभिन्न लोक सेवकों के मोबाइल को रिकॉर्ड किया और उसने मासिक बंधी के रूप में भारी मात्रा में रिश्वत राशि ली है। वहीं फिलहाल प्रकरण में अनुसंधान चल रहा है। ऐसे में आरोपियों को जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने आरोपियों की जमानत अर्जियों को खारिज कर दिया है।

# महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सोमवार को वार्ड नं. 87 में सफाई व्यवस्था का दौरा किया। इस दौरान महापौर ने आमजन से सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का फीडबैक लिया। जन समस्याओं को सुना तथा मौके पर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश भी दिए। महापौर ने सभी मुख्य मार्गों का निरीक्षण किया तथा नाला सफाई का निरीक्षण करते हुए नाले से बाहर पड़े मलबे को देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। जोन उपायुक्त को उसे तुरंत उठवाने के निर्देश दिए। साथ ही महापौर ने संबंधित जोन उपायुक्त एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो इसके लिए लगातार फील्ड में जाएँ। सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें, पायी गयी खामियों को दूर करें।

# केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने अफीम और डोडा चूरा जब्त किया

**जयपुर।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) राजस्थान ने अवैध अफीम और अवैध डोडा चूरा जब्त कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने बताया कि केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की चित्तौड़गढ -2 डिविजन के अधिकारियों ने पिंड गांव के पास पिंड-कलंदर खेड़ा रोड पर एक मोटरसाइकिल को रोक कर उसके पास से 04.493 किलोग्राम अवैध अफीम के दो पैकेट सहित एक मोटरसाइकिल को जब्त किया है। साथ ही इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

बुन्देल ने बताया कि विशेष सूचना मिली कि मारवाड़ क्षेत्र का एक तस्कर छोटी सादड़ी क्षेत्र से मोटरसाइकिल पर अवैध अफीम लेकर मंगलवाड के रास्ते मारवाड़ क्षेत्र में जाएगा। इस पर केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो चित्तौड़गढ़ -2 डिविजन के अधिकारियों की एक टीम गठित कर रवाना किया गया तथा संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी गई। वाहन की पहचान करने के बाद टीम ने मोटरसाइकिल को रोका। जिसके परिणामस्वरूप 04.493 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। इसके अलावा केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) प्रतापगढ़ डिवीजन 1, 2 और प्रतापगढ़ सेल के अधिकारियों ने भी कार्रवाई करते हुए हड़मतिया जागीर और बम्बोरी, तहसील छोटी सादड़ी, जिला प्रतापगढ़ के बीच सड़क पर एक पिकअप वाहन को रोका और 138.580 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा वाहन के साथ जब्त किया तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

# 1 करोड़ 6 लाख रुपये की स्मैक सहित एक तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल जिला स्पेशल टीम (सीएसटी) ने खोह नागोरियान थाना इलाके में ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए 1 करोड़ 6 लाख रुपये कीमत की 530 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित एक तस्कर को पकड़ा है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ स्मैक झालावाड़ से स्मैक तस्करी कर लाता था और जयपुर के बडे स्मैक तस्कर को देता था। पुलिस गिरफ्तार स्मैक तस्कर से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) कुंदन कंवरिया ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने खोह नागोरियान थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ स्मैक तस्करी करने वाले आरोपित तस्कर रामरूप माली (39) निवासी बामनवास जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार किया गया है। जो झालावाड़ से स्मैक की सप्लाई लेकर जयपुर आया था। जिस पर सीएसटी और खोह नागोरियान थाना पुलिस ने स्मैक की सप्लाई देने आए आरोपित तस्कर को घेराबंदी करते हुए धर-दबोच कर उसके पास से पास 530 ग्राम स्मैक मिली। पुलिस के अनुसार जब्त की गई स्मैक की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 करोड़ 6 लाख रुपए है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित पिछले करीब तीन महीने से स्मैक की तस्करी कर रहा है। एक महीने में दो बार झालावाड़ से स्मैक की सप्लाई लेकर जयपुर के स्मैक तस्कर अशोक उर्फ टेल्या सांसी, विक्की सांसी और पिंटू सांसी को देता है। आरोपित तस्कर झालावाड़ के अकलेरा निवासी सानू खां से स्मैक खरीदता था और साथ ही स्मैक का पैसा ई-मित्र के जरिए झालावाड़ के नशा तस्कर सानू खां को भेजता है। आरोपित तस्कर स्मैक तस्करी से मिलने वाले पैसे से शौक-मौज करता है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# परिंडा महोत्सव का आयोजित

**जयपुर।** ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन व मंगल विहार विकास समिति द्वारा शिव हनुमान मंदिर मंगल विहार गोपालपुरा में परिंडा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरीश मल्होत्रा व विशिष्ट अतिथि गिरधारी अग्रवाल रहे।

कार्यक्रम संयोजक अनिल खूंटेटा रहे। इस अवसर पर स्टार हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ राकेश केदावत और उनकी टीम ने ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर व अन्य पदाधिकारियों उपाध्यक्ष आशा शर्मा, सहसचिव डॉ राज टॉक, कोषाध्यक्ष मनीषा जैन का उनके सामाजिक सेवा कार्य हेतु दुपट्टा, मेडिकल किट व पौधा देकर सम्मानित किया व सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने की अपील की। मनीषा जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष हरीश मल्होत्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना से दिनेश गुप्ता, उषा जी, प्रिया सोनी पूजा जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ‘संस्कारों से सशक्त बाल समाज की ओर एक कदम’

- मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा आयोजित 21 दिवसीय संस्कार शिविर का सफल समापन

**जयपुर।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु आयोजित 21 दिवसीय संस्कार शिविर का भव्य समापन प्रताप नगर स्थित भगवान महावीर लॉ कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के ऑडिटोरियम में हुआ। इस शिविर में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास को केंद्र में रखते हुए विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

ट्रस्ट के अध्यक्ष से.नि. आरएएस एन.एल.वर्मा ने बताया कि बालमन में संस्कार, जीवन में उद्धार की भावना से प्रेरित इस शिविर में बच्चों को योग, ध्यान, नैतिक शिक्षा, वेद पाठ, भजन कीर्तन, आत्मचिंतन, चित्रकला, नृत्य, नाटक और व्यक्तित्व विकास जैसी गतिविधियों के माध्यम से आत्मिक जागरण की ओर प्रेरित किया गया।

ट्रस्ट के मार्गदर्शक डॉ. निर्मल जैन ने सन्देश दिया कि बच्चों को केवल ज्ञान नहीं, संस्कार भी देने की आवश्यकता है। यह शिविर उसी दिशा में प्रभावशाली प्रयास रहा है।

स्वास्थ्य कल्याण होम्योपथिक मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर के चिकित्सक, वरिष्ठ आचार्य, ट्रस्ट सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने बताया कि शिविर के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और उनके माता-पिता ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह शिविर बच्चों के व्यक्तित्व और जीवन दृष्टिकोण को सकारात्मक रूप से बदलने वाला अनुभव रहा।

कार्यक्रम संयोजिका दुर्गा वर्मा ने जानकारी दी कि शिविर में प्रतिदिन प्रातःकालीन प्रार्थना, सूर्य नमस्कार, और ध्यान सत्र से दिन की शुरुआत होती थी, जिससे बच्चों के भीतर संयम, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। साथ ही, अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा जीवन मूल्यों, सेवा भाव, और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर संवाद कौशल सत्यार्थी ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा संस्कारित और रचनात्मक शिविरों के माध्यम से समाज के उज्ज्वल भविष्य – संस्कारवान, आत्मनिर्भर और सहृदय बाल समाज की रचना के लिए सतत प्रयत्नशील है।

इस अवसर पर प्रो. श्रीगोपाल मोदानी, औच्चित्य पोद्दार, रामलाल जाट, अनंत जैन, आशीष जैन, आकृषि, ख़ुशी, आकांशा, शिरीन, रिद्धिमा, मिशिका, पंकज, हर्ष वर्धन, ज्योति, मनीष, महिपाल, दिव्यांशु, हेमराज वर्मा, महेश सिंह चांदोलिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नकबजनी की वारदात करने वाले सहित दुपहिया वाहन चोर भी गिरफ्तार

**जयपुर।** हरमाडा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर नकबजन को धर-दबोचा है और उसके पास से चुराए गए जेवरात भी बरामद किए गए है। इसके अलावा दुपहिया वाहन चुराने वाले को भी पकडकर उसके पास से चोरी की एक स्कूटी जब्त की है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि हरमाडा थाना पुलिस ने नकबजनी करने वाले एक शातिर नकबजन मनीष स्वामी उर्फ मन्नू उर्फ मन्या निवासी हरमाड़ा को गिरफ्तार किया गया है जिसके पास से सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए है। आरोपी नशा करने का आदि है और नशे के शौक को पूरा करने के लिए दिन के समय कॉलोनियों में रेकी करता है और मौका मिलने पर दीवार फांद कर नकबजनी की वारदात को अंजाम देता है। नकबजनी के दौरान चुराए गए जेवरात को औने-पौने दामों में बेच कर नशा पूर्ति में खर्च कर देता है।वही दूसरी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले वाहन चोर अंकुर झा उर्फ सोनू निवासी करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी का एक दुपहिया वाहन स्कूटी जब्त की है। पुलिस जांच में सामने आया कि वाहन चोर अंकुर झा उर्फ सोनू सुनसान जगह पर रेकी करता था और फिर सुनसान जगह पर खड़े वाहनों मे से वाहन चुराकर मुख्य मार्ग को छोड़कर अंदर के मार्ग से होते हुए वाहन को ले जाकर अपने निवास स्थान से दूर खडा कर देता है व चुराये गये वाहन से अन्य वारदात को अंजाम देने की फिराक में रहता हैं।

# निर्जला एकादशी पर धार्मिक यात्रा निकाली



धार्मिक यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

**जयपुर।** सोसाइटी फॉर पब्लिक ग्रीवेंस, इंडिया/ने अपने अध्यक्ष प्रो. बी.डी. रावत और सचिव डॉ. गोविंद रावत (एडवोकेट) के नेतृत्व में निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर एक भव्य धार्मिक यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

इस आध्यात्मिक रूप से समृद्ध पहल के अंतर्गत कई प्रमुख मंदिरों के दर्शन कराए गए। की चेयरपर्सन कमेटी के सदस्यों कैलाश चंद बड़ाया और मोहिनी देवी ने जानकारी दी कि चौड़ा रास्ता स्थित पावन ताड़केश्वर नाथ मंदिर में आम, गन्ना, अनार, बेल, मीठा नींबू और फालसे के रस से छः रसों का अभिषेक किया गया इसके उपरांत राधा गोविंद मंदिर, कर्दनी में जल यात्रा और विशेष श्रृंगार तथा बाद में चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर मंदिर में दिव्य दर्शन का आयोजन किया गया। धार्मिक यात्रा का समापन चौड़ा रास्ता स्थित भरूनाथ जी मंदिर में विशेष श्रृंगार एवं दिव्य दर्शन के साथ हुआ। समन्वयक गिर्राज देवी, डॉ. गुंजन रावत, सोनल, सी.ए. प्रियांका, चित्रकला, चंद्रकांता, शेल्ला, निधि एवं राधिका ने बताया कि यह आयोजन अत्यंत सफल रहा।

# जुआ खेल रहे सात जुआरी गिरफ्तार

- साढे दस हजार रुपये की जुआ राशि जब्त

**जयपुर।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने एक ही दिन में पांच अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई करते हुए सात जुआरियों को पकड़ा है और उनके पास से साढे दस हजार रुपये की जुआराशि भी जब्त की है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने एक ही दिन में पांच अलग-अलग जगहों पर जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोहम्मद नजीर आलम, मइनुदीन, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद तनवीर, मुस्तकीम, शहाबुद्दीन और आदिल को गिरफ्तार किया है और सभी आरोपित शास्त्री नगर और भट्टा बस्ती इलाके के रहने वाले है। जिनके पास से साढ़े दस हजार रुपये की जुआ राशि बरामद की है।

# शिक्षा विभाग : राइजिंग राजस्थान के एमओयू को धरातल पर लाने पर मंथन

- भामाशाह सम्मान समारोह की पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक



समीक्षा बैठक शिक्षामंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

**जयपुर।** राज्य के शिक्षा क्षेत्र में निवेश को मूर्त रूप देने के लिए राइजिंग राजस्थान अंतर्गत हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा बैठक सोमवार को शिक्षामंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शिक्षामंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेश प्रस्तावों को शीघ्रता से धरातल पर उतारा जाए और प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। दिलावर ने भूमि आवंटन एवं चिन्हीकरण से जुड़ी अड़चनों को त्वरित हल करने और लंबित एमओयू के निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने टोंक, कुचामन व आबू रोड (सिरोही) में प्रस्तावित सैनिक स्कूलों के एमओयू की प्रगति रिपोर्ट की भी जानकारी ली।

बैठक में उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं (कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं) में 95 से अधिक परिणाम अर्जित करने वाले विद्यार्थियों तथा विभाग की अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार पर बल देने की बात भी कही।

बैठक में 29वें राज्य स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह-2025 की तैयारियों पर भी मंथन हुआ। यह आयोजन 28 जून को जयपुर में प्रस्तावित है, जिसमें ‘भामाशाह सम्मान’ एवं ‘प्रेरक सम्मान’ की दो श्रेणियों में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले भामाशाहों को राज्य व जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में प्रवासी राजस्थानी भामाशाहों का भी सम्मान किया जाएगा एवं ‘भामाशाह दिशा निदेशिका-2025’ का विमोचन प्रस्तावित है। दिलावर ने आयोजन की समुचित तैयारियों हेतु अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में शासन सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, एवं अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ. ओमप्रभा सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हथियार दिखाकर बैग छीन ले जाने वाले आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

**जयपुर।** करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बस स्टेण्डो से घर लौट रही महिलाओ को मिनिमम किराये पर घर छोड़ने के बहाने बैठा कर रास्ते में पेट्रोल भराने के लिए रास्ते में उतार कर हथियार दिखाकर बैग छीन ले जाने वाले एक आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अब तक दर्जनों वारदातों को दे अंजाम दे चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पिछले कुछ समय से गांव आदि से लौट रही बस स्टैंडों पर उतरी महिलाओ को एक अज्ञात बाइक सवार द्वारा घर छोड़ने के बहाने बैठा कर ले जाते वक्त मार्ग में पेट्रोल भरवाने के बहाने उतार कर एवं चाकू नुमा धारदार हथियार दिखाकर महिला का बैग छीन ले जाने की वारदात सामने आ रही थी। इसी कड़ी में करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया और टीम ने चौमू पुलिया, 200 फिट बाईपास, सिंधी कैम्प आदि बस स्टॉप पर मुखबिर तंत्र विकसित कर एक बाइक सवार चालक के हुलिये के आधार पर निगरानी रखी गई। टीम के सदस्यों ने महत्व आपराधिक आसूचना संकलित करते हुए इस तरह की वारदात करने वाले आरोपित को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित अधिकतर मुख्य बस स्टेण्ड चौमू पुलिया, 200 फीट बाईपास, सिन्धी कैंप आदि पर दिन के समय बाइक लेकर घूमता रहता है एवं बस से उतरने वाली महिला जिसके पास बैग हो उस पर निगरानी रखता है। महिला को बाईक से मिनिमन किराये पर घर छोडने का प्रलोभन देकर बाईक पर बैठा लेता है एवं बैग को आगे टंकी पर रख लेता है। इसके बाद कालवाड रोड के आसपास स्थित पेट्रोल पंप के सामने मोटरसाइकिल को रोककर पेट्रोल भराने का बहाना बनाकर महिला को बाईक से उतार देता है और बैग लेकर फरार हो जाता है।

# ‘मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान’ की समीक्षा बैठक सम्पन्न

- शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु 40 बिंदुओं पर आधारित चार स्तंभीय योजना



मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की प्रगति समीक्षा व आगामी कार्ययोजना को लेकर सोमवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई।

**जयपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना से प्रेरित राज्य सरकार की एक फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान की प्रगति समीक्षा व आगामी कार्ययोजना को लेकर सोमवार को एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शासन सचिव शिक्षा कृष्ण कुणाल ने की। कुणाल ने कहा कि यह अभियान शिक्षा की गुणवत्ता के नए आयाम स्थापित करने की दिशा में एक दृढ़ और समन्वित प्रयास है। योजना के अंतर्गत चार प्रमुख घटक- विद्यालय, विद्यार्थी, शिक्षक एवं शैक्षिणक परिणाम निर्धारित किए गए हैं, जिन पर आधारित कुल 40 बिंदुओं के क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई है।

बैठक में फिलहाल दो प्रमुख घटकों पर विस्तृत चर्चा हुई, जबकि अन्य घटकों पर आगामी बैठकों में मंथन किया जाएगा। कुणाल ने अभियान की प्रगति में गति लाने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए। शिक्षा सचिव ने अभियान से संबंधित कार्यों की क्रियान्विति नोडल अधिकारी द्वारा सुनिश्चित किए जाने पर जोर देते हुए स्पष्ट किया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए एनआईसी, आरएससीईआरटी, समसा एवं निदेशालय के बीच समान सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अनुपमा जोरवाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, निदेशक आरएससीईआरटी, निदेशक आरसीटीबी, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ. ओमप्रभा सहित विभागीय उपायुक्तगण और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. बैरवा अपने ससुराल के प्रत्येक बूथ से चुनाव हारे

- दूदू की जनता ने नकारना शुरू किया उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को
- इस चुनाव में मुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा लगातार कई दिनों से घर-घर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे थे

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा के विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को जनता ने नकारना शुरू कर दिया है।

उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा के विधानसभा क्षेत्र दूदू में उनके ससुराल के वार्ड में पंचायत समिति चुनाव के दौरान भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस चुनाव में मुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा लगातार कई दिनों से घर-घर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे थे। उसके बाद भी जनता ने प्रेमचंद बेरवा के चुनाव प्रचार और उनके विकास के कार्यों को नकारते हुए उनके ससुराल के वार्ड से ही उनको हार का सामना करना पड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी की जीत हुई। दूदू के पंचायत समिति फागी के वार्ड संख्या 5 में पंचायत समिति सदस्य का उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी नंदकिशोर देवनदा को 2346 में से 1456 वोट प्राप्त हुए, तथा भाजपा प्रत्याशी रामावतार को 872 मत प्राप्त हुए। इसमें कांग्रेस प्रत्याशी ने भाजपा प्रत्याशी को 584 मतों के अंतर से पराजित किया। इस चुनाव में 18 मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया।

दूदू विधानसभा के भाजपा विधायक प्रेमचंद बैरवा उपमुख्यमंत्री है उनका ससुराल इसी उप चुनाव के क्षेत्र चकवाडा ग्राम पंचायत में है, और इस ग्राम पंचायत चकवाडा के हर बूथ पर भाजपा प्रत्याशी पिछड़ गए है। चकवाडा की जनता ने डॉ. प्रेमचंद बैरवा की निरंकुशता, लापरवाही, निष्क्रियता के खिलाफ भारी उत्साह बैरवा के खिलाफ मतदान किया है।



## Let us celebrate National Herbs and Spices Day!

A day to bring tons of flavour to everyone's plates, National Herbs and Spices Day brings out the best taste in a vast array of dishes. From the daily salt and pepper to the more exotic saffron or black cardamom, herbs and spices offer the essence of seasoning to everyone's table. And National Herbs and Spices Day is the perfect time to celebrate! Observing this day involves a tempting array of foods, whether cooking them, eating them, or both. The day took its own of evolution and today, just opening a person's kitchen cabinet can introduce a collection of fragrant and flavourful spices and herbs that likely originated from all over the world!



#MADHAVI LATHA

# The Woman Behind the Steel Arc

They knew this required more than conventional engineering!





High in the rugged, unforgiving terrain of Jammu and Kashmir's Reasi district, where the Chenab River slices through deep gorges and the Himalayas loom like silent giants, a marvel of human ambition now stretches its arms, the Chenab Rail Bridge, the tallest railway bridge in the world. But behind this audacious achievement lies not just engineering brilliance but a tale of resilience, vision, and courage, that of Professor A.S. Madhavi Latha, a geotechnical expert whose quiet determination and technical genius helped make the impossible possible.

### Who is Professor Madhavi Latha

Professor A.S. Madhavi Latha is from Indian Institute of Science (IISc), Bengaluru. She is a highly respected expert in geotechnical engineering and is a distinguished academic from IISc Bengaluru and a stellar example of Indian scientific and engineering leadership. Her expertise in slope stability, soil-structure interaction, and geotechnical investigations made her a crucial advisor in several national infrastructure projects, including the Chenab Bridge. Her involvement in the Chenab Bridge project was particularly significant in terms of site assessment, foundation design, and slope stabilisation, critical components in a bridge built in one of the world's most complex geological settings.

### The Reluctant Trailblazer

Professor Madhavi Latha was never the one to chase headlines. She had already spent decades quietly pushing the boundaries of geotechnical engineering, the science of building stable structures on earth, rock, and uncertain terrain. But when the Indian Railways, under its ambitious Udhampur-Srinagar-Baramulla Rail Link (USBRL) project, envisioned a bridge soaring 359 meters above the Chenab River, taller than the Eiffel Tower, they knew this required more than conventional engineering. It needed courage, intellect, and unshakable faith in science. She was invited to join the expert panel.


### The Fearless Mind

"People kept asking, what if the terrain collapses? What if there's a landslide? What if the winds tear the bridge down? I kept asking, what if we succeed?" Professor Madhavi Latha would later recall in interviews. Her task was immense. The land near Chenab was treacherous, steep slopes, poor rock quality, high seismic activity. But she wasn't just there to advise, she led the geotechnical investigation that would determine the strength, stability, and behavior of the foundation that would anchor the bridge. Rock samples were extracted from hundreds of meters below. Wind and seismic simulations were run in labs and re-run when they didn't convince her. She wouldn't allow guesswork. Not when Indian soldiers and citizens would one day cross that bridge.

### The Teacher Who Built a Nation

Even as she worked on the Chenab Bridge, Prof. Madhavi Latha never stopped being a teacher. Her students at IISc remember how she'd take overnight flights from Kashmir to make it to morning lectures. How she'd bring real-world problems into the classroom and inspire young Indians, especially girls, to believe that engineering wasn't just about textbooks, but about shaping a nation's destiny. "I'm happy to have been part of a project to realise a century-old dream," said the rock mechanics specialist and professor of civil engineering at the Indian Institute of Science, and a consultant for the Chenab Bridge project. She studied civil engineering at NIT Warangal and obtained a PhD from IIT Madras before joining the IISc. She was assistant professor there when Afcon recruited her in 2005 as a project consultant.

The bridge required some 28,660 tonnes of steel, equivalent to nearly 4 Eiffel Towers, plus 66,000 cubic metres of concrete and 26 km of motorable roads to bring in cranes, other equipment and workers. Designed to last 120 years and handle train speeds up to 100kmph, the bridge can remain operational at 30kmph even if one of its eight piers fails! Multiple times during the construction, the engineering teams had to adopt design strategies, solutions and sequences of construction that, she said, which were not available in any textbooks or construction codes. At the end of it all, she is just happy to see the project successfully completed. Just as a matter of fact. Nothing more!



# The Chair Of Inspirations

Kapoor's commitment to meaningful storytelling was evident in his meticulous approach to filmmaking. Rawail describes him as a conductor of a symphony, orchestrating every detail, from music to editing, with an unmatched passion. His films, known for timeless songs like 'Bol Radha Bol' from *Sangam* and 'Sun Sahiba Sun' from *Ram Teri Ganga Maili*, continue to captivate audiences worldwide. Yet, it was his ability to weave social commentary into entertainment that made him a true showman.





#RAJ KAPOOR

● Geetha Sunil Pillai

On June 2, as we commemorated the death anniversary of the legendary Raj Kapoor, the showman of Indian cinema, we delve into a lesser-known facet of his life, a profound connection with Dr. B.R. Ambedkar, the architect of the Indian Constitution. Known for his cinematic masterpieces that captured the pulse of a young India, Kapoor's films like Awara, Shri 420, Jagte Raho, Jis Desh Mein Ganga Behti Hai, Mera Naam Joker, Satyam Shivam Sundaram, Prem Rog, Ram Teri Ganga Maili tackled bold themes such as casteism, hardships faced by the underprivileged, unemployment, corruption, widow remarriage, exploring societal norms resonating deeply with audiences. But did you know that this iconic filmmaker drew inspiration for his 'constructive work' from none other than Dr. Ambedkar himself?



An iconic moment with Raj Kapoor and Vyjayanthimala alongside India's first Prime Minister, Jawaharlal Nehru.

Raj Kapoor, born in 1924, was not just an actor, director, and producer but a visionary who breathed cinema. Founding R.K. Studios in 1948, he crafted films that mirrored the struggles and aspirations of post-Independence India. His collaboration with writer-director Khwaja Ahmad Abbas in the 1959 film *Char Dil Char Raahein* stands out as a bold commentary on untouchability. Featuring the extraordinary Meena Kumari as an untouchable woman, the film explored the idea of a new religion of equality that transcends caste barriers, a concept echoing Dr. Ambedkar's embrace of Buddhism to challenge social hierarchies.

According to veteran filmmaker Rahul Rawail, Kapoor's protégé and author of *Raj Kapoor: The Master at Work*, the showman had a unique ritual that reflected his reverence for Dr. Ambedkar. Rawail recounts, "In Bombay, he loved to go to town to this place called Wayside Inn. He'd always sit at the centre table there and the cooks would all come out to greet him. They would slap his back and say, 'Raj, kais ahai? Bahut time kebaad aaya.' Seeing his chemistry with them, we learnt that he had been coming there since he was a child and the cooks were the same old guys from his childhood. When I asked him why that place was dear to him, he told me, 'You know, there is a reason why I come here often and why I sit at this particular table and chair. This is the place where Dr. Ambedkar sat and wrote the Constitution of India. I sit here so that it can inspire me to do constructive work.'"





This poignant anecdote, highlighted by Dr. Spva Sairam in his article *An Unexplored Side of Dr. Ambedkar: His Quiet Relationship with Cinema, Theatre, and Music* published by The Culture Cafe, reveals how Kapoor sought to channel the spirit of Ambedkar's transformative vision into his cinematic endeavours. His visits to the Wayside Inn, a quaint restaurant with a British menu in South Bombay, were not just nostalgic trips but a deliberate act to connect with Ambedkar's legacy of social justice and equality.

Kapoor's commitment to meaningful storytelling was evident in his meticulous approach to filmmaking. Rawail describes him as a conductor of a symphony, orchestrating every detail, from music to editing, with an unmatched passion. His films, known for timeless songs like 'Bol Radha Bol' from *Sangam* and 'Sun Sahiba Sun' from *Ram Teri Ganga Maili*, continue to captivate audiences worldwide. Yet, it was his ability to weave social commentary into entertainment that made him a true showman.

As we remember Raj Kapoor on his death anniversary, his story reminds us of the power of cinema to inspire change. Sitting at that historic table at Wayside Inn, Kapoor not only honoured Dr. Ambedkar but also carried forward his ideals through films that challenged societal norms and championed equality. This June 2, let's celebrate the legacy of a filmmaker who, inspired by Baba Saheb, dared to dream of a better India through the lens of his camera.

**From the 50s to 80s: Top 7 Cult Films by Raj Kapoor That Shaped Indian Cinema and Society**

Here are seven of Raj Kapoor's most influential cult films that addressed critical issues in Indian society, each a testament to his genius as a filmmaker.





A postage stamp was released by India Post to honour Raj Kapoor on 14 December 2001.



### 1. Awara (1951)

*Awara*, directed and produced by Raj Kapoor, who also starred as the lead, explores the nature versus nurture debate through the lens of class disparity and crime. The story follows Raj, a young man driven to petty crime due to poverty and societal rejection, only to discover his connection to a privileged judge, played by Prithviraj Kapoor. The film critiques the rigid class structure and judicial biases of post-Independence India, questioning whether environment or lineage defines a person's destiny. Its iconic song, 'Awara Hoon,' became a global anthem, and the film's raw portrayal of poverty and redemption made it a cultural phenomenon in India and abroad, including the Soviet Union.




### 2. Char Dil Char Raahein (1959)

Directed by Khwaja Ahmad Abbas and starring Raj Kapoor alongside Meena Kumari, *Char Dil Char Raahein* is a bold anthology film that intertwines four stories at a crossroads, addressing the issue of untouchability and caste discrimination. Meena Kumari's portrayal of an untouchable woman challenges societal norms, advocating for a new 'religion of equality' that transcends caste, a theme echoing Dr. Ambedkar's embrace of Buddhism to combat social hierarchies. Though less commercially successful, the film's fearless commentary on casteism and its call for unity make it a cult favourite among socially conscious cinephiles.



### 3. Shree 420 (1955)

In *Shree 420*, Raj Kapoor plays Ranbir Raj, a naive graduate who arrives in Bombay with dreams of success but encounters the harsh realities of urban corruption and materialism. The film exposes the moral decay of a newly independent India, where greed and dishonesty tempt even the purest hearts. Through Raj's journey, Kapoor critiques the exploitation of the poor by the elite and the loss of ethical values in the pursuit of wealth. The song 'Mera Joota Hai Japani' became a symbol of Indian pride, while the film's exploration of honesty versus survival cemented its status as a cult classic.




### 4. Jis Desh Mein Ganga Behti Hai (1960)

Directed and produced by Raj Kapoor, who stars as Raju, a simple villager, *Jis Desh Mein Ganga Behti Hai* tackles the issue of dacoity and societal reintegration. Raju's encounter with a gang of dacoits and his efforts to reform them highlight the socio-economic factors driving crime, such as poverty and lack of opportunity. The film's message of compassion and redemption, paired with its soulful music like 'Mera Naam Raju,' reflects Kapoor's belief in constructive change, inspired by Ambedkar's vision of a just society. Its blend of social critique and optimism earned it critical acclaim and cult status.




### 5. Mera Naam Joker (1970)

Raj Kapoor's ambitious magnum opus, *Mera Naam Joker*, is a semi-autobiographical epic that explores the life of a circus clown, Raju, who hides his personal sorrows behind a smiling facade. The film delves into themes of unrequited love, societal expectations, and the struggles of an artist in a materialistic world. Though initially a commercial failure due to its lengthy runtime, its heartfelt storytelling and iconic songs like 'Jeena Yahan Marna Yahan' have since made it a beloved cult classic. The film's reflection on personal and societal alienation resonates deeply with audiences.




### 6. Prem Rog (1982)

Directed and produced by Raj Kapoor, *Prem Rog* is a powerful critique of the regressive traditions surrounding widow remarriage in Indian society. Starring Rishi Kapoor and Padmini Kolhapure, the film tells the story of Devdhar, a progressive young man, and Manorama, a young widow bound by oppressive customs. Kapoor boldly exposes the hypocrisy of societal norms that deny widows the right to love and remarry, advocating for individual freedom and dignity. With memorable songs like 'Yeh Pyar Tha Ya Kuchh Aur Tha,' Prem Rog struck a chord with audiences, becoming a cult classic for its emotional depth and social relevance.




### 7. Ram Teri Ganga Maili (1985)

Raj Kapoor's final directorial venture, *Ram Teri Ganga Maili*, is a poignant commentary on the exploitation of women and the erosion of moral values in modern India. Starring Mandakini and Rajiv Kapoor, the film follows Ganga, a pure-hearted woman from the mountains, whose journey to the city exposes her to betrayal and societal corruption. The film critiques the commodification of women and the loss of cultural purity, symbolized by the polluted Ganges River. Its iconic song 'Sun Sahiba Sun' and bold narrative made it a commercial and critical success, cementing its place as a cult classic.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#VIRAT KOHLI

# When the why walks away

A certain class of Test cricket, the kind that moved philosophers and CEOs alike, has drawn its curtain.





Published in some well known spaces and now quite viral all over the subcontinent, this is what the Pakistanis think of Virat Kohli. I've taken the liberty of publishing on this sheet, a forwarded wattsapp, it was a rarity, not a false, 'I'm a party, life is a party and rich,' but something truly rich; this universal emotion, of the few left to share between us. Read on…

Kohli didn't leave because he stopped loving the game. He left because the game stopped understanding the kind of love he gave it.

Junaid Aziz, Published June 2, 2025.

There was a time: before hashtags and hostilities, when cricket on this subcontinent belonged to purer minds. I was lucky to grow up in that Karachi. A city where cricket was not a proxy for politics but a portal into grace, grit, and genius. Our coaches didn't teach us whom to cheer based on flags; they taught us to revere Sunil Gavaskar if we wanted to learn the art of attrition, and Gordon Greenidge if we sought the fury of a square cut in full bloom. We were taught that genius bowed to no border. Which is why, today, I feel no conflict in mourning Virat Kohli's exit. In times like these, when vitriol comes easier than virtue, this piece is not written in protest or praise. It is written in remembrance. For the game we once loved. And the way we were once taught to love it.

There are English summers, and then there are English summers that contain Rohit Sharma and Virat Kohli. The former are pleasant; the latter, unforgettable. This year, the roses will still bloom, and the Barmy Army will still sing. But the air will be thinner, the echoes fainter, because this is a summer robbed of its lords. First, Rohit Sharma stepped away, quietly, gracefully. And now, so has Virat Kohli. What remains is not merely the absence of players; it is the departure of meaning. A certain class of Test cricket, the kind that moved philosophers and CEOs alike, has drawn its curtain.

The absence feels architectural. As if two marble columns were quietly removed from a historic pavilion, with the entire structure now precariously leaning towards collapse. One could still enter, but who would stand in awe?

And yes, we will watch. Ben Stokes deserves that. The man has turned trauma into leadership and chaos into a story. He will give every ounce of himself to this series, and it is only right that we show up.



But let us not pretend. Not all cricketers are made equal. Some you watch casually; others, you rearrange your life for. Across boardrooms in Zurich, Karachi, Sydney, and Palo Alto, people rescheduled earnings calls, postponed honeymoons, and stepped out of climate summits simply to witness Kohli in whites, confronting once more the fraught architecture of the fifth-stump line. A craftsman in prolonged dialogue with imperfection, he embodied what many might recognise as the Romantic Peril of Test Cricket, the very paradox that makes the long form so intellectually and emotionally compelling.

But now? With the great ones gone and the new ones still waiting to become legends, it's harder to justify the same trade-offs. With Virat absent, the return on investment for five days of Test cricket has fundamentally shifted.

India's Virat Kohli gestures towards his wife Anushka Sharma in the stands as he celebrates reaching his century (100 runs) during day three of the first Test cricket match between Australia and India at Optus Stadium in Perth.


This is not a critique of the younger players. They are brilliant, earnest, and committed. But some of us still believe that respect is not a courtesy; it is a currency. You don't give up five days of a sanctuary vacation or abandon a boardroom just to watch a rough diamond endure its necessary grind at the crease. You do it for the rare performer whose genius warrants the interruption of your own.

Which brings us, inevitably, to the question: why now? Why would Kohli walk away at the peak of his fitness, form, and fervour? There isn't one reason. It never works that way.

### The Farewell

Great careers end the way great loves do, not with one betrayal or a single heartbreak, but with the erosion of belief.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# भीषण गर्मी में बिजली कटौती की समस्या से परेशान ग्रामीणों का प्रदर्शन

## सहायक अभियंता कार्यालय पर महिलाओं ने हंगामा किया, पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई

**नारायणपुर,** (निसं)। भीषण गर्मी में बीच बिजली आपूर्ति बाधित होने से कस्बे के बास बैरिसाल मोहल्ले के पुरुषों और महिलाओं का सोमवार को गुस्सा फूट पड़ा। बिजली की बार-बार कटौती और कम वोल्टेज की समस्या से परेशान ग्रामीण व महिलाएं सोमवार सुबह सहायक अभियंता कार्यालय पहुंची और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने बताया कि रविवार शाम से ही बिजली की आपूर्ति लगातार गड़बड़ा रही है। घरों में कम वोल्टेज के कारण पंखे, कूलर, फ्रिज जैसे जरूरी उपकरण बंद पड़े हैं। इस भीषण गर्मी में छोटे बच्चों की हालत सबसे ज्यादा खराब हो रही है। लोगों को रात भर बिना पंखे के सोना पड़ा, जिससे उनका गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं की गई तो वे बिजली ग्रिड पर धरना देने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा



नारायणपुर कस्बे के बास बैरिसाल मोहल्ले के पुरुषों और महिलाओं ने सहायक अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

कि लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग की ओर से कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ट्रांसफार्मर खराब होने का असर पूरे क्षेत्र में देखने को मिला। सोमवार को बानसूर रोड, गुवारियों का मोहल्ला, मुख्य बस स्टैंड की पेयजल आपूर्ति भी बाधित रही। पानी नहीं मिलने से इन इलाकों के लोग काफी परेशान नजर आए और विभाग के प्रति नाराज़गी जताई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली और पानी जैसी आवश्यक सेवाओं में लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

ग्रामीणों ने मांग की है कि खराब ट्रांसफार्मर को तुरंत बदला जाए और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस मौके पर युवा नेता राकेश

- **रविवार शाम से ही बिजली की आपूर्ति गड़बड़ा रही है, घरों में कम वोल्टेज से उपकरण बंद पड़े हैं**

दायमा, अविनाश सेठी, पप्पू सक्सेना, गोविंद छिपी, सत्यनारायण सेठी, पूजा जांगिड़, पूजा खंडेलवाल, विद्या जांगिड़, कृष्णा देवी, पिस्ता जांगिड़, मोहित शर्मा, वेदराज छिपी, गोविंद सिंह, रामधन शर्मा, विकास प्रजापत, सुनील यादव, अशोक बागड़ी, प्रवीण धोबी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

बिजली निगम के सहायक अभियंता नितिन गुप्ता ने बताया कि बिजली संकट ट्रांसफार्मर जलने के कारण उत्पन्न हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग की ओर से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और जल्द ही बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

# हाईकोर्ट ने बैंक अधिकारी पर 50 हजार का जुर्माना लगाया

**जोधपुर,** (कासं)। न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करते हुए एक ही अनुतोष पर राजस्थान ग्रामीण बैंक के खिलाफ बार-बार रिट याचिका दायर किए जाने पर राजस्थान उच्च न्यायालय की न्यायाधीश रेखा बोराणा ने बैंक अधिकारी हरीश शर्मा पर 50 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए रिट याचिका सारहीन मानते हुए खारिज कर दी और प्रार्थी को आदेश दिया कि जुर्माना राशि वादकरण कल्याण कोष में जमा करा कर रसीद पेश करें।

बैंक अधिकारी श्रेणी द्वितीय पद पर कार्यरत शर्मा ने रिट याचिका दायर कर कहा कि बैंक की ओर से जारी आरोप पत्र 19 अक्टूबर 2023 को रद्द कर बैंक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। राजस्थान ग्रामीण बैंक की ओर से बहस करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर एन माथुर और अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि प्रार्थी न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने का आदी हो चुका

- **बार-बार रिट याचिका दायर करने पर आदेश दिया**

है और न्यायालय की खंडपीठ और एकलपीठ ने आदेशों में इसका जिक्र किया है, लेकिन शर्मा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि इसी आरोप पत्र पर बेतुके और आधारहीन तथ्यों पर 6 याचिकाएं दायर की जा चुकी है सो इस याचिका को हर्जाने के साथ खारिज की जाए। अधिवक्ता आर एन माथुर और अधिवक्ता अनिल भंडारी के तर्कों से सहमत होते हुए राजस्थान उच्च न्यायालय की न्यायाधीश रेखा बोराणा ने 50 हजार रुपए जुर्माने के साथ रिट याचिका खारिज कर दी।

उन्होंने कहा कि बैंक की प्रारंभिक आपत्ति पर प्रार्थी को रिट याचिका वापिस लेने का अवसर दिया था, जिसे उसने नकार दिया। उन्होंने कहा कि याची ने इस न्यायालय में एक के बाद एक छह से अधिक रिट याचिका और अपील इसी आरोप पत्र के बाबत दायर की और पूर्व आदेशों में उसे बैंक के अनुशासनात्मक अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्तियां 15 दिवस में दर्ज कराने का अवसर दिया, लेकिन प्रार्थी न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करने का आदी हो चुका है और बैंक के समक्ष आपत्तियां दर्ज नहीं कर फिर से एक और रिट याचिका दायर करने का दुस्साहस किया। उन्होंने कहा कि किसी भी याची को न्याय का दुरुपयोग करने की छूट नहीं दी जा सकती है। उन्होंने बेतुकी रिट याचिका करने पर प्रार्थी को आदेश दिया कि 30 दिन में जुर्माना राशि वादकरण कल्याण कोष में जमा करा न्यायालय में रसीद पेश करें। उल्लेखनीय है कि हरीश शर्मा ने राजस्थान ग्रामीण बैंक के खिलाफ पिछले सात माह में राजस्थान उच्च न्यायालय में 30 रिट याचिका दायर की, जिसमें से 25 याचिका खारिज हो चुकी है।

## युवक का शव मिला

**नदबई/भरतपुर,** (निसं)। नदबई-हलैना रोड पर शनि मन्दिर के समीप रविवार देर शाम संदिग्ध स्थिति में युवक का शव मिलने के मामले में पुलिस ने शिनाख्त होने के बाद नदबई चिकित्सालय में युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस सूत्रों की माने तो नदबई क्षेत्र के गांव बुढ़वारी खुर्द निवासी रामेश्वर सिंह पुत्र मन्होरी सिंह विगत तीन दिन पहले अपने घर से लापता हो गया, जिसका रविवार देर शाम नदबई हलैना फाटक पर शनि मन्दिर के समीप संदिग्ध स्थिति में शव मिला। संदिग्ध स्थिति में युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच करते हुए शव को चिकित्सालय के मुर्दाघर में रखवा दिया। बाद में सोमवार को शिनाख्त होने पर पुलिस ने युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया। हालांकि, इस संदर्भ में पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ।

# भरतपुर में गैंगरेप के दो आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में मथुरा गेट थाना पुलिस ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने एवं गर्भपात का प्रयास के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चार आरोपियों ने चाकू का भय दिखाकर 14 साल की नाबालिग के साथ गैंगरेप किया था। जब नाबालिग गर्भवती हो गई तो आरोपी उसका जबरन अबॉर्शन करवाने के लिए ले गए। जब नाबालिग के परिजनों को पता लगा तो नाबालिग के पिता ने मथुरा गेट थाने में चारों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

सीओ सिटी पंकज यादव ने बताया कि 31 मई को एक व्यक्ति ने एफआईआर दर्ज करवाते हुए बताया था कि 31 मार्च 2025 को मेरी नाबालिग बेटी के साथ फारुख, सदाकत, समीर,

- **जब नाबालिग गर्भवती हो गई तो आरोपी उसका जबरन अबॉर्शन करवाने ले गए**

अज्जू ने चाकू की नोक पर गैंगरेप किया, जिसके बाद व्यक्ति की नाबालिग बेटी गर्भवती को गई। जब आरोपियों को इसका पता लगा तो सभी आरोपी नाबालिग का जबरन अबॉर्शन करवाने के लिए ले गए। एफआईआर दर्ज करने के बाद नाबालिग का मेडिकल करवाया गया। जिसके बाद आरोपियों की तलाश की गई। सदाकत और फारुख नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## विवाहिता की मौत

आहोर, (निसं)। आहोर थाना क्षेत्र के चरली गांव में रविवार की रात एक विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेखा पत्नी प्रकाश मेघवाल निवासी चरली ने बीती रात अपने रहवासी मकान के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर आहोर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को फंदे से उतारकर आहोर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतका के पिता उदयराज मेघवाल सहित आहोर मेघवाल समाज ने लोगों ने विरोध जताया। मृतका के पिता उदयराज मेघवाल का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग उसकी पुत्री को पिछले एक साल से प्रताड़ित कर रहे थे। सुबह आहोर मेघवाल समाज के काफी संख्या में लोग आहोर थाने पहुंचे और थानाधिकारी करणसिंह से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक अनिल पुरोहित, थानाधिकारी करणसिंह एमओबी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और गहनता से जांच की।

# सीएम भजनलाल ने लाखावत के परिवार को ढांढस बंधाया



**नागौर/मेड़ता सिटी,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को टहला (रियां बड़ी) पहुंचे, जहां उन्होंने राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लाखावत की धर्मपत्नी रतन कंवर के निधन पर शोक प्रकट किया तथा परिवार को ढांढस बंधाते हुए स्व. रतन कंवर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर से जयपुर के लिए प्रस्थान किया।

## नाबालिग से गैंगरेप

**बीकानेर,** (निसं)। यहां एक क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोपी युवक पेट दर्द का बहाना बनाकर 15 वर्षीय किशोरी को दवाई दिलाने के नाम पर ले गया और अपनी बहन के घर में दो लोगों ने वारदात को अंजाम दिया। थानाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पीड़िता और उसका भाई ईंट भट्टे पर काम करते हैं। आरोपी युवक, जो वहीं काम करता है, लड़की को साथ ले गया। वहां आरोपी के दो बहनोइयों ने गैंगरेप किया।

# 'युवाओं की अद्वितीय क्षमता के चलते वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ रहा है भारत'

**जोधपुर,** (कासं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), जोधपुर में लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत अपने युवाओं की अद्वितीय क्षमता के चलते वैश्विक नेतृत्व की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत का युवा अब केवल रोजगार ढूंढने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बन चुका है, जो स्टार्टअप और नवाचार के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है।

- **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया**
- **भारत का युवा अब केवल रोजगार ढूंढने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बन चुका है : ओम बिरला**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि भारत आधुनिक विज्ञान और अपनी समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा की शक्तियों को समाहित करते हुए वैश्विक मंच पर एक संतुलित, नैतिक और चिरस्थायी विकास मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने छात्रों और युवाओं से आग्रह किया कि वे विकसित भारत की यात्रा में सक्रिय भागीदार बनें और तकनीक एवं ज्ञान का उपयोग समाजोत्थान के लिए करें।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भा. प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत के तकनीकी संस्थान विशेषकर आईआईटी जैसे संस्थान देश के डिजिटल इकोसिस्टम और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी से निकले युवाओं ने न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस अवसर पर बिरला ने आईआईटी जोधपुर की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान मरुस्थलीय क्षेत्र में परिवर्तन का वाहक बना है, जो युवाओं को वैश्विक गुणवत्ता की शिक्षा, शोध और नवाचार की सुविधा देकर उन्हें सशक्त बना रहा है। उन्होंने 'रिसर्च इनिशिएटिव ग्रांट' का वितरण भी किया, जिससे नवाचार संबंधी परियोजनाओं को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही संस्थान की नई वेबसाइट का शुभारंभ किया और परिसर में पौधारोपण भी किया। बिरला ने जोर दिया कि देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को पारंपरिक शिक्षा से आगे बढ़कर नवाचार और उत्कृष्टता के केंद्र बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉलेज और विश्वविद्यालयों को ऐसी सोच विकसित करनी चाहिए जिससे छात्रों में न केवल ज्ञान बल्कि समस्या सुलझाने की योग्यता, उद्यमशीलता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की तैयारी हो। इससे पहले सुबह वायुयान द्वारा लोकसभा स्पीकर सोमवार को जोधपुर पहुंचे तो एयरपोर्ट पर भाजपा पदाधिकारी ने और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए आईआईटी संस्थान के लगातार विकसित होने पर बधाई दी और कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए संस्थान की ओर से लगातार नवाचार किया जा रहे हैं।

# सीवरेज के पानी में उगाई जा रही है सब्जियां

**बीकानेर,** (निसं)। यहां वल्लभ गार्डन एवं सुदर्शना नगर में खुले नाले व सीवर लाइन के गंदे पानी से सैकड़ों बीघा जमीन में सब्जियां, धनिया, पुदीना, हरी प्याज, पालक और पशुओं को खिलाने के लिए घास उगाई जा रही है। स्थानीय निवासी इसके खिलाफ प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी संदिग्ध है। स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो चुका है।

वल्लभ गार्डन में वर्षों से सीवरेज और गंदे पानी के नालों से पानी चोरी कर सुदर्शना नगर की विवादित जमीन पर इन सब्जियों को उगाया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार खुला सीवर पानी फलों और सब्जियों में गम्भीर बैक्टीरिया, पैरासाइट और हैवी मेटल्स का स्रोत बन सकता है। इस तरह की फसलें और सब्जियां साल्मोनेला और लीव मनेरिया जैसे रोग जनकों से संक्रमित हो सकती हैं। गंभीर संक्रमण, दस्त, पेट में ऐंठन, लीवर व

- **सब्जियां खाने वाले स्थानीय लोगों में पेट की शिकायतें बढ़ी**

किडनी की समस्याएं आम हैं। सब्जियां खाने वाले स्थानीय लोगों में पेट की शिकायतें बढ़ी हैं। पशुपालकों ने बताया कि उनके पशुओं पर भी इसका असर पड़ रहा है, क्योंकि गंदे पानी की घास पशुओं को खिलाई जा रही है। इस समस्या के लिए नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, पर्यावरण विभाग और जल आपूर्ति प्राधिकरण को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। बीकानेर के तत्कालीन कलेक्टर नमित मेहता के कार्यकाल में बुलडोजर चलाकर कार्रवाई हुई थी, लेकिन नए कार्यकाल में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग (हेल्थ डिपार्टमेंट) द्वारा अब तक न तो सब्जियों के नमूने लिए गए हैं और न ही पशुओं को खिलाई जा रही घास के, यह स्थिति बेहद चिंताजनक है।

# छह दिन से रेवदर रोडवेज बुकिंग कार्यालय बंद

**रेवदर,** (निसं)। रेवदर उपखंड मुख्यालय रेवदर के एकमात्र बस स्टैंड की बुकिंग खिड़की पिछले छह दिन से बंद है। सरकारी बसों की कमी से यात्री और ग्रामीण परेशान हैं। सिरोही, आबूरोड और अन्य बड़े शहरों के लिए न टिकट मिल रहा है न बसें। मार्च-अप्रैल में 15 दिन तक बुकिंग कार्यालय बंद रहा था। तब लोगों के विरोध के बाद रोडवेज अधिकारियों ने खिड़की दोबारा शुरू की थी। शीघ्र समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। रेवदर और आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में प्रवासी रहते हैं। ये लोग अहमदाबाद, सूरत, बड़ौदा, मुंबई, पुणे जैसे शहरों में काम करते हैं। त्योहारों पर इन्हें गांव आना-जाना होता है। बसें नहीं होने से इन्हें निजी वाहनों में महंगा किराया देकर सफर करना पड रहा है।

पूर्व विधायक भाजपा जगसीराम कोली ने कहा कि मैं रोडवेज अधिकारियों से बात करूंगा। बुकिंग खिड़की शुरू करवाने और बच्चों के लिए शेड्यूल बढ़ाने की मांग करूंगा।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष आनंद जोशी ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं थी। आपने बताया तो पता चला। अब मैं आबूरोड डिपो का सब डिपो बना दिया गया। यहां से 15 बसें चलने लगी। 2013 में सब डिपो भी बंद कर दिया गया और केवल स्टॉपेज रह गया। अब सिर्फ 7-8 बसें ही चल रही हैं। इससे प्रवासी, महिलाएं, विद्यार्थी और बुजुर्ग परेशान हैं। निजी वाहनों में इन्हें रोडवेज की छूट नहीं मिलती। मजबूरी में दोगुना किराया देना पड रहा है।

रेवदर विधायक मोतीराम कोली ने कहा कि मैंने दो दिन पहले ही आबूरोड के चीफ मैनेजर से बात की है। जल्द बुकिंग कार्यालय शुरू करने को कहा है। नहीं हुआ तो बडा आंदोलन करेंगे। भाजपा की उदासीनता से बंद हुआ। विधानसभा में यह मुद्दा उठाऊंगा और डिपो शुरू करवाकर रहूंगा।

# बिलाड़ा क्षेत्र के पारम्परिक जल स्त्रोत जैव विविधता के लिये स्वर्ग बने

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान सरकार की जल संरक्षण पर आधारित दूरदर्शी नीतियों और प्रशासन की सक्रियता ने बिलाड़ा क्षेत्र के पारंपरिक जल स्त्रोतों को न केवल संजीवनी दी है, बल्कि इन्हें जैव विविधता के स्वर्ग में बदल दिया है। रामासनी और ओलवी के तालाब, नीलकंठ महादेव सरोवर, कापरडा तालाब, चंदेलाओ तालाब और आसपास के खेत आज प्रवासी और स्थानीय पक्षियों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध और सुंदर आवास बन चुके हैं। हर साल सेंट्रल एशिया, मंगोलिया जैसे दूरस्थ देशों से हजारों किलोमीटर की यात्रा कर आने वाले 10 से 12 हजार पक्षी यहां शीत ऋतु बिताते हैं।

ईथोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की संयुक्त सचिव प्रो. रेणु कोहली ने बताया कि क्षेत्र में 100 से अधिक प्रजातियों के पक्षी पंजीकृत हैं। इनमें नॉर्दर्न पिंटेल, स्पॉट-बिल्ड डक, कॉमन टील, ग्रे लग गूज, पैलिकन, शिकरा, मार्श हैरियर और दुर्लभ लाल कलगीदार पोचार्ड जैसी अनेक प्रजातियां शामिल हैं। ओलवी और रामासनी के तालाब पक्षियों को न केवल

- **रामासनी और ओलवी के तालाब, नीलकंठ महादेव सरोवर, कापरडा तालाब, चंदेलाओ तालाब और आसपास के खेत आज प्रवासी और स्थानीय पक्षियों के लिए एक सुरक्षित आवास बन चुके हैं**
- **हर साल सेंट्रल एशिया, मंगोलिया जैसे दूरस्थ देशों से हजारों किलोमीटर की यात्रा कर आने वाले 10 से 12 हजार पक्षी यहां शीत ऋतु बिताते हैं**

पानी बल्कि प्रचुर मात्रा में जलमग्न वनस्पति और कीट प्रदान करते हैं, जो इनके भोजन का मुख्य स्त्रोत हैं। यहाँ बारहेडेड गीज़, ग्रेलग गूज, नॉर्दर्न शॉवेलर जैसे जलपक्षियों की बड़ी संख्या देखने को मिलती है। ओलवी तालाब पर रफ का 1000 से अधिक पक्षियों का झुंड देखा गया है।

स्थानीय प्रशासन द्वारा जलाशयों की सफाई, वर्षा जल संग्रहण की सतत व्यवस्था और अतिक्रमण रोकने के प्रयासों ने इन पारंपरिक जल स्त्रोतों की गुणवत्ता बनाए रखी है, जिससे इन पक्षियों को एक सुरक्षित वातावरण मिल सका है। सबसे आकर्षक पक्षी में से एक है नर सैंडग्राउज, जो अपने बच्चों के लिए पंखों में पानी भरकर 20 किलोमीटर तक उड़ता है।

प्रो. कोहली बताती हैं कि इसके शरीर के निचले पंख विशेष रचना के होते हैं जो पानी सोख सकते हैं। यह पक्षी जलाशय में पंखों को डुबोकर पानी भरता है। एक बार में लगभग 25 मिलीलीटर पानी भरकर और फिर घोंसले में जाकर चूजों को पंखों से पानी पिलाता है। इस बार ओलवी तालाब पर सैंडग्राउज की असाधारण संख्या दर्ज की गई है। जो पक्षी पहले कभी-कभार दिखते थे, अब झुंड के झुंड में नजर आ रहे हैं। यह जल संरक्षण और जैव विविधता के बीच का जीवंत रिश्ता दर्शाता है। राज्य सरकार द्वारा जल जीवन मिशन, अमृत सरोवर योजना और जलाशयों के पुनर्जीवन की दिशा में उठाए गए कदमों के फलस्वरूप बिलाड़ा क्षेत्र के पारंपरिक जल स्त्रोत आज केवल पानी के भंडार नहीं, बल्कि जैविक विविधता के केंद्र बन गए हैं।

सरपंच अशोक बिश्नोई के अनुसार, कुछ संरक्षित क्षेत्र घोषित किए जाने तथा प्रशासन और स्थानीय लोगों के समर्पण ने इन जलाशयों को एक नई पहचान दी है।

उपखंड अधिकारी बिलाड़ा मृदुला शेखावत ने बताया कि क्षेत्र के ये तालाब केवल पानी के स्त्रोत नहीं, बल्कि जीव-जगत के लिए जीवनदायिनी नदियों जैसे बन चुके हैं। यह उदाहरण है कि जब सरकारी नीतियां, स्थानीय प्रशासन और समुदाय साथ मिलकर काम करें, तो परंपरागत संसाधन कैसे नए जीवन का आधार बन सकते हैं। शेखावत ने कहा कि इन जलाशयों में गूंजते पक्षियों के कलरव के साथ राजस्थान सरकार की जलदृष्टि की गूंज भी सुनाई देती है जो भविष्य को हरा-भरा बनाने की ओर एक मजबूत कदम है।

# 'कैंसर से तो में बच गया, लेकिन ये प्राचार्य अशोक आर्य तो मेरी जान जरूर ले लेंगे''

**जयपुर।** (रुक्टा डेमोक्रेटिक) ने अलवर कला कॉलेज के कैंसर पीड़ित लाइब्रेरियन प्रहलाद राम बुनकर की सकुशल सेवानिवृत्ति में सहयोग के लिए सकारात्मक पहल की उम्मीद के साथ अलवर कला कॉलेज प्राचार्य, शिक्षक संघ के पदाधिकारी, प्रोफेसर एवं अशैक्षिणक कर्मचारियों को खुला पत्र लिखकर निवेदन किया है। पत्र की प्रतिलिपि उच्च शिक्षामंत्री एवं आयुक्त कॉलेज शिक्षा को प्रेषित की है।

कॉलेज शिक्षा राजस्थान संगठन के प्रदेश संयोजक एवं अलवर कला कॉलेज में लंबे अर्से तक सेवारत रहे प्रो. रमेश बैरवा ने पत्र में लिखा है कि प्रहलाद राम बुनकर लाइब्रेरियन की सेवानिवृत्ति इसी 31 जुलाई 2025 में होने को है। बुनकर वर्ष 2015 से कैंसर पीड़ित है। आज भी उपचाराधीन है। इनका स्वास्थ्य अक्सर खराब रहता है। कुछ ही दिन पूर्व फिर से कैंसर की जांच हुई है, जिससे बुनकर बहुत चिंतित है। लाइब्रेरियन अपनी व्यथा बता रहे हैं कि ''कहीं ऐसा नहीं हो कि मेरी सेवानिवृत्ति सिर्फ कागजों में ही हो। जब मैं फिर से अस्पताल में रहूं या फिर इस दुनिया में ना रहूं।''

लाइब्रेरियन बुनकर को बहुत



प्रहलाद राम बुनकर

मेहनती, कर्मठ कार्मिक हैं। इनकी 35 वर्ष से अधिक की राजकीय सेवा में डॉ. अशोक आर्य के सिवाय किसी भी प्राचार्य से एक भी स्पष्टीकरण नहीं मिला है। कला कॉलेज अलवर की पुस्तकालय के संचालन के लिए जरूरी 10 बुक लिफ्टर में से इनके पास एक भी नहीं है। एक कैंसर पीड़ित लाइब्रेरियन करीब एक लाख धूलभरी पुस्तकों की गर्मी में एल्युमिनियम एवं शीशे के केबिन में बैठकर अमानवीय हालातों में अपने कार्य का निष्पादन करते रहे हैं। इन कैंसर पीड़ित लाइब्रेरी को कूलर तक नहीं दिया

- **(रुक्टा डेमोक्रेटिक) ने अलवर कला कॉलेज प्राचार्य, शिक्षक संघ के पदाधिकारी, प्रोफेसर एवं अशैक्षिणक कर्मचारियों को पत्र लिखा**
- **अलवर कला कॉलेज के कैंसर पीड़ित लाइब्रेरियन प्रहलाद राम बुनकर की सकुशल सेवानिवृत्ति में सहयोग के लिए सकारात्मक पहल की उम्मीद**

गया जिससे इनका स्वास्थ्य बिगड़ता रहता है। अक्सर मानसिक दबाव में रहना पड़ता है। लाइब्रेरियन बुनकर बहुत ही ज्यादा ही परेशान और चिंतित है। यहां तक कह रहे हैं कि ''कैंसर से तो मैं जैसे तैसे बच गया लेकिन प्राचार्य अशोक आर्य तो मेरी जान जरूर ले लेंगे।'' दलित प्राचार्य द्वारा एक दलित अधीनस्थ कार्मिक लाइब्रेरियन जो कि कई वर्षों से कैंसर पीड़ित है, आज भी परेशान है, को सताना तो और भी चिंता और शर्म की बात है। लाइब्रेरियन की चिंता है कि यदि इनकी सेवानिवृत्ति अटका दी गई तो उनकी आर्थिक स्थिति और बदतर हो जाएगी। स्वास्थ्य और बिगड़ जाएगा। लाइब्रेरियन की चिंता है कि प्राचार्य अशोक आर्य दुर्भावनावश इनकी सेवानिवृत्ति अटकाने पर तुले हुए हैं जिसके लिए आए दिन इन्हें स्पष्टीकरण पर स्पष्टीकरण एवं मौखिक धमकी देते रहे हैं। प्रोफेसरों, लेखाधिकारी एवं स्टाफ के अन्य कर्मचारियों को दबाव में लेकर इनके विरुद्ध दस्तावेज तैयार करते हैं। इनके विरुद्ध मिथ्या आरोप लगवाते हैं। प्राचार्य अशोक आर्य तो लाइब्रेरियन को यह भी कहते हैं कि तू तो रमेश बैरवा का आदमी है। तू उच्च अधिकारियों को मेरी शिकायत करता है। प्रो. रमेश बैरवा ने लिखा है कि यह निवेदन पत्र इसलिए भी लिख रहा हूं कि क्योंकि आज भी इनकी मूल पहचान इस अलवर कला कॉलेज से ही है। इनका कहना है कि आप मुझे चाहे जितना सता लो, लेकिन इस बेचारे कैंसर मरीज, परेशान लाइब्रेरियन को और ज्यादा मत सताओ, इनकी सेवानिवृत्ति होने दो।

## संक्षिप्त

### पटेल विधि सलाहकार पद पर नियुक्त

**पावटा।** राज्य सरकार द्वारा नगर पालिकाओं में विधिक मामलों की पैरवी एवं परामर्श के लिए स्थानीय स्तर पर अधिवक्ताओं की नियुक्ति की गई है। संबंधित आदेश के अनुसार विभिन्न नगरीय निकायों के लिए विधि सलाहकार/पैनल अधिवक्ताओं की सूची जारी करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यभार ठाहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में एडवोकेट कुलदीप पटेल व रतन सिंह शेखावत को पैनल अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया गया है। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका में एडवोकेट कुलदीप पटेल व रमेश सिंह शेखावत को पैनल अधिवक्ता के रूप में नियुक्ति से नगरपालिका में विधिक मामलों के त्वरित समाधान में सहायता मिलेगी तथा नगर निकायों को सशक्त विधिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### भेड़िए को दुष्ट क्यों कहते है का प्रभावी मंचन

**टोंक।** एक्स्ट्रा एन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में कम्युनिटी थिएटर टोंक सोसायटी द्वारा आयोजित 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला का समापन बच्चों के द्वारा नाट्य प्रस्तुति से किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा कांता ग्रेबा द्वारा लिखी कहानी भेड़िए को दुष्ट क्यों कहते हैं की प्रस्तुति एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो में रविवार को दी गई। प्रस्तुति का नाट्य रूपांतरण कार्यशाला सुगमकर्ता शुभम मेघवंशी एवं मोहित वैष्णव के द्वारा किया गया हैं। वहीं नाट्य प्रस्तुति में संगीत घनिष्ठ एवं चितरंजन नामा द्वारा किया गया हैं।

### मकान में आग लगने से लाखों का सामान जला

**किशनगढ़ बास।** किशनगढ़ बास के नजदीक के गांव कांकरा में सायं करीब 5 बजे एक मकान में बिजली शर्टसर्किट होने से आग लग गई। मकान में अंदर खडी बोलोरो व पिकअप गाड़ी सहित 35 से 40 लाख का सामान आग में सुलग गया। मौके पर तहसीलदार नरेंद्र भाटिया, डीएसपी राजेंद्र निर्वाणा, थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत, पटवारी पहुंचे और नुकसान का आकलन किया।

**खोया पाया**

मेरे आवास गृह 1क 37 विज्ञान नगर कोटा में स्थित है जिसका हाउसिंग बोर्ड से जारी आवंटनपत्र, कब्जा पत्र व उसकी इन्वेंटरी के मूल दस्तावेज कही गुम हो गए है मिलने पर संपर्क करें- हर्षनारायण शर्मा- 9414458500

आम-सूचनाः-मेरे अभिभाष्य श्री राहुल काला पुत्र स्व.श्री राकेश काला, निवासी-जे.एम.सी. -136, मेहरों का मौहल्ला, नियर बंको स्कूल, हसनपुरा-ए, जयपुर, राजस्थान की ओर से एवं निर्देशानुसार सभी को सूचित हो कि दिनांक 09.06.2025 तक श्री राहुल काला द्वारा धारित किसी भी बीमा पॉलिसी (जीवन, टर्म, स्वास्थ्य आदि) में नामांकित व्यक्ति(नॉमिनी) के तौर पर ओमप्रकाश काला पुत्र स्व. श्री राकेश काला, निवासी-जयपुर राजस्थान सम्मिलित नही है। अगर उक्त दिनांक तक राहुल काला की किसी भी प्रकार की बीमा पॉलिसी (जीवन, टर्म, स्वास्थ्य आदि) में नामांकित व्यक्ति(नॉमिनी) के तौर पर ओमप्रकाश काला का नाम सम्मिलित होना पाया जाये, तो वह मात्र एक छलपूर्वक तैयार किया गया, दस्तावेज माना जायेगा। अगर ऐसा कोई दस्तावेज अस्तित्व में हो तो वह शून्य तथा अवैध दस्तावेज होगा। कृपया सूचित रहे। राकेश सैनी (अधिवक्ता) मोबाईल-9928060150

**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-06 जयपुर महानगर द्वितीय।**
**एस.के. फाईनेंस लि.**
**बनाम**
**राज्य सरकार व अन्य**

रतन कंवर पत्नी श्री भैरों सिंह निवासी सी-167-ए, जगदम्बा नगर, अजमेर रोड, जयपुर - 302024, राजस्थान। प्रार्थी एस.के. फाईनेंस लि. द्वारा अपराध अन्तर्गत धारा 147, 148, 149, 302, 120-बी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता पुलिस थाना करधनी में जब्त वाहन कार मारूति स्वीफ्ट डिजायर रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ14CY1250 ईजन नंबर 13A2443430 चेसिस नंबर MA3FJEB1S00605865 को जब्ती अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट 1186/22 के अन्तर्गत बेचान पर लिये जाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। आपको इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो आप न्यायालय में दिनांक 17/6/25 को प्रातः 10.00 AM पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा प्रकरण में आपकी अनुपस्थिति में कार्यवाही की जावेगी।

मोहर

वरिष्ठ रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-6, जयपुर महानगर द्वितीय


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# अपहरण के आरोपियों की गिरफ्तार की मांग

■ उप अधीक्षक को व्यापार संघ ने सौपा ज्ञापन

**राजगढ।** राजगढ़ व्यापार संघ ने बसंत गुप्ता के नेतृत्व में कस्बे के कारोठ मार्ग निवासी व्यापारी नवीनसोखिया के अपहरण एवं लूटपाट के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उपाधीक्षक मनीषा मीना को ज्ञापन सौपा।

राजगढ व्यापार संघ के अध्यक्ष बसंत गुप्ता ने बताया कि व्यापारी नवीन कुमार के अपहरण से पूर्व कस्बे में बैंक से बाहर निकलते समय व्यापारी की जेब से 1लाख छीनकर ले जाने एवं अन्य चोरी की वारदातें हुई है। इन घटनाओं से व्यापारी वर्ग में रोष हैं। व्यापार संघ ने उप अधीक्षक से व्यापारी के अपहरण करने वाले आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने की मांग की है। व्यापार संघ ने सप्ताह भर में अपहरण करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उप अधीक्षक मनीषा मीना ने प्रतिनिधि मंडल को शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बसंत गुप्ता, अशोक बजाज, हर्षित गुप्ता, बंटी गुप्ता, राजेंद्र जैन, राम रतन तांबी, अनिल कुमार, नवीन कुमार, एवं अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



व्यापारी नवीनसोखिया के अपहरण करने के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उपाधीक्षक मनीषा मीना को ज्ञापन सौंपा।

## विधायक कोष से 85 लाख रूपये के विकास कार्य स्वीकृत

**टोंक।** प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने अपने निर्वाचन क्षेत्र टोंक में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 'विधायक स्थानीय विकास कोष से 85 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की है। इस दौरान पायलट ने नगर परिषद टोंक के राउमावि मोलाईपुरा में प्रार्थना स्थल पर टिन शेड निर्माण कार्य हेतु 4 लाख रूपये, पंचायत समिति टोंक की ग्रा.पं. लाम्बा के ग्राम चेतनपुरा स्थित बैरवा बस्ती में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, ग्रा.पं. मण्डावर में श्री देव डूंगरी धाम पर हाई मास्क लाईट के लिए 6 लाख रूपये, ग्रा.पं. हरचन्देड़ा के ग्राम बारेड़ी में पीपली वाले जिन्द बाबा के स्थान पर विद्युतीकरण कार्य हेतु विद्युत कनेक्शन की डिमांड राशि जमा करवाने के लिए 1.30 लाख रूपये, पं.स. टोड़ारायसिंह की ग्रा.पं. खरेड़ा के ग्राम खरेड़ा में बस स्टेण्ड यात्री प्रतिक्षालय निर्माण के लिए 20 लाख रूपये, ग्राम सेंतीवास में श्री उद्दा गुर्जर के बाड़े से श्री शंकर गुर्जर फौजी के मकान की ओर सी.सी. सड़क के लिए 10 लाख रूपये, की स्वीकृति जारी की है।

# दो महिला प्रधानाचार्य को भी मिले नोटिस, मांगा जबाव

**भरतपुर (निस)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 8 से 16 जून तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षायें आयोजित की जा रहीं हैं। परीक्षाओं के सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी सम्पन्न कराने के लिए केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं वीक्षक नियुक्त किये गये थे। केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं वीक्षक पद पर नियुक्त कार्मिक अपनी निर्धारित ड्यूटी एवं परीक्षा पूर्व बैठक से बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थिति रहे कार्मिकों की लापरवाही को गम्भीरता से लिया गया है। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 8 से 16 जून तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षायें आयोजित की जा रहीं हैं। परीक्षाओं के सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी सम्पन्न कराने के लिए केन्द्राधीक्षक, पर्यवेक्षक एवं वीक्षक नियुक्त किये गये थे। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त केन्द्राधीक्षक के रूप में तृप्ति सिंघल प्रधानाचार्य एवं पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त अर्चना कुमारी प्रधानाचार्य परीक्षा बैठक एवं परीक्षा केन्द्र पर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रही हैं।

उन्होंने बताया कि कार्मिकों द्वारा राजकार्य के प्रति उदासीनता, कत्तर्व्य के प्रति लापरवाही के साथ-साथ राज्य सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम 2022 और संशोधित अधिनियम 2023 के नियमों का उलंघ्घन किया है। उन्होंने इस सम्बन्ध में संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग भरतपुर को अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध 5 दिवस में आवश्यक कार्यवाही करते हुये सूचना भिजवाने हेतु निर्देशित किया है। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन ने बताया कि परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु वीक्षक के रूप में नियुक्त कार्मिक भी परीक्षा बैठक एवं परीक्षा केन्द्र पर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि ब्लॉक उच्चौन के सियाराम सिंह, अल्का, राजपाल सागर, मनीषा कुमारी, जोगेन्द्र सिंह, मछला कुमारी डागुर, नेहा कुमारी, सुमन मीना, विद्यादेवी, शिवदेव सिंह, रचना कुमारी, लोकेश कुमार, सरस्वती, लक्ष्मी मीना, राजन, संजय कुसुमाकर, नरेश चन्द, सुनीता देवी, अनुमिता गोयल, ओष्मा, एवं रेखा कुमारी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि ब्लॉक सेवर के दीपिका शर्मा, राकेश कुमार, मंजू, चुंकी कुमार जाट, सुनीता जिन्दल, भूपेन्द्र सिंह, मीरा चतुर्वेदी, पूनम कुमारी, राकेश कुमार, सीमा कुमारी, हरिओम, रीता कुमारी, ममता शर्मा, मोहिनी सिंघल, पुष्पा सैनी, निशा जांगिड, मंदीप सिंह, मंजूरानी, मधु कुमारी, विजय सिंह, विष्णुचंद मंगल, विनोद कुमार, सोनू सैनी, सीमा रानी एवं शकुंतला मीना परीक्षा बैठक एवं परीक्षा केन्द्र पर बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहे।

## वंदे-गंगा जल संरक्षण जन अभियान में सभी अपनी भागीदारी निभाएं : चौधरी

**टोंक।** गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रारम्भ हुए वंदे गंगा-जल संरक्षण जन अभियान के छठे दिन सोमवार को पीपलू उपखंड की ग्राम पंचायत सोहेला में हुए जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी शामिल हुए।

इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि भावी पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सभी इस अभियान में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि 'जल है तो कल है, यही मेरा संकल्प है कि भावना के साथ हमें जल संरक्षण के सामूहिक प्रयास करने है। आज जलवायु परिवर्तन के कारण हमें प्रकृति के संरक्षण के लिए गंभीरता से कार्य करने होंगे। उन्होंने किसानों को कम से कम पेस्टीसाइड को उपयोग लेने पर जोर देते हुए कहा कि आने वाला समय जैविक खेती का है, जैविक खेती कर भावी पीढ़ी को विरासत में रोग मुक्त जीवन सौंपे। कार्यक्रम में देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि पर्यावरण व प्रकृति का संरक्षण प्राचीन समय से हमारी पंरम्परा व संस्कृति का हिस्सा रहा है। उन्होंने जन-जन की भागीदारी से ही अभियान को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि प्रदेशभर में संचालित जल संरक्षण अभियान के माध्यम से लोगों में जल संरक्षण के प्रति व्यापक चेतना का संचार होगा। साथ ही, अभियान से प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को बल मिलेगा। जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्रों में पेड़ लगाएं और उसका संरक्षण करते हुए जिले को समृद्ध एवं खुशहाल बनाएं। जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने ग्रामीणों और युवाओं से आव्हान किया कि वे इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें। जल संरक्षण न केवल आज की जरूरत है, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए अमूल्य धरोहर भी है।

सतीश चंदेल ने कहा कि जल ही जीवन है और इसे बचाना हमारी जिम्मेदारी है। इससे पूर्व अतिथियों ने बोरखंडी खुर्द तालाब पर जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण संबंधी कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही, हरियालो राजस्थान के तहत पौधारोपण की तैयारियों का जायजा लिया। कार्यक्रम में सीईओ परशुराम धानका ने जिले में चल रहे अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, पूर्व कृषि मंडी चौयरमेन रामनिवास गुर्जर, अंजलि गुप्ता, नीलिमा आमेरा समेत अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

**उत्तर पश्चिम रेलवे — शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा ज्ञापित **खुली निविदा सूचना संख्या SNT-JP-23R-2024-25 (NIT-06.06.2025)** जो कि **दिनांक 30.06.2025** को खोली जानी है में निम्नलिखित संशोधित किये जाते है। **कार्य का नाम** : डीआरएम कार्यालय के बोर्ड रूम में एसपीसी वॉल पैनलिंग और फाल्स सीलिंग के प्रावधान के संबंध में दूरसंचार कार्य।

| क्रम सं. | पूर्व में जारी विज्ञप्ति | संशोधन | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | SNT-JP-23R-2024-25 | मैसर्स बालाजी इंजीनियरिंग वर्क्स-जयपुर इस कार्य में साामिल नही हो सकता है। | शुद्धि पत्र अपलोड किया गया है। |

अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

662-DR/25 — मंडल रेल प्रबन्धक (एस एण्ड टी),जयपुर

**कार्यालय नगरपालिका मालपुरा जिला टोंक (राज.)**

क्रमांक :-न.पा.मा./ 2025-26/214 — दिनांक :- 09/04/25

**सार्वजनिक आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गोपाल जाट व सुवालाल जाट पुत्र घासी जाट जाति जाट निवासी मोहल्ला जाटान, गुलाबपुरा पचेवर तहसील मालपुरा जिला टोंक (राज.) द्वारा आवासीय भूखण्ड संख्या 12 जिसकी साईज 37.6X48 कुल 200 वर्गगज जो कि आराजी खसरा नम्बर 1266/147 रकबा 5:02 बीघा वाके ग्राम बृजलालनगर तहसील मालपुरा प्रस्तावित आवासीय अग्रसेन नगर कॉलोनी मालपुरा जिला टोंक में स्थित है का पट्टा चाहने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति या उज्र हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में निम्न हस्ताक्षर कर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा बाद गुजर जाने मियाद किसी का कोई उज्र या आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहें।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका मालपुरा

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT KISHANPURA, P.S. PALSANA (SIKAR)**

No. : Proc./2025-26/19 — Date : 04-06-2025

**E-Tendar Notice No. 01/2025-26**

Bids for open tender of Procurement of Construction Material for Works in MGNREGA and Other Scheme in Gram Panchayat Kishanpura Panchayat Samiti Palsana(Sikar) are invited from Firms/ Suppliers Registered under the GST act 2017, upto 06:00 PM of 14.06.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in of state. and at Gram Panchayat Kishanpura Office in all working days.

NIB No.:- PSP2526A0041 — UBN No.:- PSP2526GLR00040

VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER, GRAM PANCHAYAT Kishanpura, PNCHAYAT SAMITI PALSANA — SARPANCH, GRAM PANCHAYAT Kishanpura, PNCHAYAT SAMITI PALSANA

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/391
चूंकि प्रार्थी श्री नरेन्द्र ढाका, फ्लैट नंबर 816 उपासना, फर्स्ट एवेन्यू बी-92, गोपाल वाडी, अजमेर रोड, सी-स्कीम, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास आह्वान ट्रस्ट, 52, हरी कृष्ण सोमानी मार्ग, हथरोई फोर्ट, जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 09-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 14/08/2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/397
चूंकि प्रार्थी श्री शशि कुमार शर्मा, मीनो का बाढ़, नायला, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास पी आर मेमोरियल ट्रस्ट, मंगलेश्वर महादेव मंदिर, प्लॉट न. 28, श्याम आँगन विस्तार, बूज रोड, रामजीपुरा, नायला, जमवारामगढ़, जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 09-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 13/08/2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/399
चूंकि प्रार्थी श्री ANANDA GAUTAMI ACHARYA, A 29 MOTHER TERESA NAGAR BEHIND NWR HEAD QUATAR NEAR MALVIYA NAGAR SECTOR 6 JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास समर्पण संस्थान, ए/29, मदर टेरेसा नगर उत्तर पश्चिम रेलवे हैडक्वार्टर के पीछे सेक्टर 6 मालवीय नगर जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 09-06-2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 12/08/2025

मोहर अदालत — सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि RHB की प्रताप नगर सांगानेर जयपुर में प्लॉट नंबर 50/22 का अलॉटमेंट लेटर (1176 दिनांक 25.06.1996) को ओटा राम मीणा पुत्र चोपा राम मीणा के नाम है वो खो गया है जिसकी रिपोर्ट LR No. 2784539/2025 दर्ज करा दी गई है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में ओटा राम मीणा पुत्र चोपा राम मीणा ने SBI में लोन हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस में सम्पर्क करें। ओटा राम मीणा 9413301020

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा**

नं० एसएनटी- जेपी-23R-2024-25
दिनांक - 06/06/2025

मंडल रेल प्रबंधक / सं० एवं दू० सं०, उ० प० रे० जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी और से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई - निविदा का ऑनलाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **1. कार्य का नाम व लोकेशन** : डीआरएम कार्यालय के बोर्ड रूम में एसपीसी वॉल पैनलिंग और फाल्स सीलिंग के प्रावधान के संबंध में दूरसंचार कार्य। **2. अनुमानित लागत** : ₹ 20,24,793.32/- **3. धरोहर राशि रूपये** : ₹ 40,500.00/- **4. वेबसाईट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय** : 30.06.2025 समय 15:00 बजे तक। **5. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन** : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मं०रे०प्र० कार्यालय, पावर हाउस रोड़ जयपुर।

659-CR/25

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

**कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, प्रा. स्वा० केन्द्र सलारपुर(तिजारा) खैरथल तिजारा**

क्रमांक :2025/25 — दिनांक-05/6/2025

**खुली निविदा सूचना**

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ०स्वा०केन्द्र सलारपुर(तिजारा) खैरथल-तिजारा द्वारा निम्न सेवायें उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | बोली प्रपत्र प्राप्ती की अंतिम तिथि व समय | बोली प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथ व समय | बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मशीन विद मैन(संविदा) कम्प्यूटर ऑपरेटर(1) | 140000/- | 14.06.2025 12.00 PM | 14.06.2025 1.00 PM | 14.06.2025 2.00 PM |
| 2 | साफ सफाई कार्य (संविदा) | 140000/- | 14.06.2025 12.00 PM | 14.06.2025 1.00 PM | 14.06.2025 2.00 PM |

**नियम एवं शर्ते-**

1. निविदाएँ दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें अमानत राशि का डीडी/बैंकर्स चैक, समस्त वांछित डॉक्युमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैंकर्स चैक राजस्थान मेडिक्येर रिलीफ सोसाइटी, सलारपुर के नाम से व तिजारा शाखा पर देय होगा। दुसरा लिफाफा (ख) वित्तीय बिड का होगा जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी। तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी।
2. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 14.06.2025 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 14.06.2025 को दोपहर 2.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध में समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

चिकित्सा अधिकारी प्रभारी
सचिव राज मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथ स्वा0 केन्द्र सलारपुर, तिजारा

**राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय, भरतपुर**
रेल्वे स्टेशन के सामने, भरतपुर- 321001 (राज.)
ई-मेल-scoutguidebtp05@gmail.com Mob-8003097151

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

क्रमांक : म.मु./भरतपुर/बोली/2025-26/809 — दिनांकः- 05/06/25

**खुली बोली आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में 01 कम्प्यूटर ऑपरेटर व 02 चौकीदार (12 घण्टे हेतु) की सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्ट पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक, जो कि राजस्थान अनुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, वस्तु एवं सेवाकर (GST) आयकर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 या इण्डियन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत हो, खुली बोली (तकनीकी व वित्तीय) आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का विवरण | कम्प्यूटर ऑपरेटरव चौकीदार |
| 2 | अनुमानित संख्या | 01 कम्प्यूटर ऑपरेटर व 02 चौकीदार (12 घण्टे हेतु) |
| 3 | बोली की अनुमानित लागत | 6.00 लाख रूपये |
| 4 | निविदा फार्म शुल्क | 200/ रूपये |
| 5 | बोली प्रतिभूति राशि | 10,000/ रूपये, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर के नाम बैंकर चैक, बैंक ड्राफ्ट |
| 6 | बोली प्रपत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि व समय | दिनांक 16.06.2025 को साय 6.00 बजे तक |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | दिनांक 17.06.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक |
| 8 | तकनीकी बिड खोलने की दिनांक एवं समय एवं स्थान | दिनांक 17.06.2025 दोपहर 2.00 बजे। |
| 9 | निविदा फार्म शुल्क जमा कराने का तरीका व निविदा फार्म प्राप्त करना | फार्म शुल्क 200/- नगद या राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर के नाम बैंकर चैक, बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराकर प्राप्त निविदा फार्म प्राप्त कर सकते है। |

01. खुली बोली आमंत्रण सूचना बोली/निविदा प्रपत्र और शर्ते राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर से फार्म प्राप्त कर सकते है।
02. निविदा जमा कराने/खोले जाने/निविदा शुल्क सहित समस्त शुल्क जमा कराने इत्यादि की समस्त कार्यवाही कार्यालय समय में की जावेगी।
03. किसी भी निविदा/बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या बोली को निरस्त करने का सचिव, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय भरतपुर का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
04. बोली द्वि-पराक्रमी बोली सिद्धान्त पर आधारित होंगी। तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली प्रथक प्रथक प्रस्तुत की जावेगी। तकनीकी बोली में असफल निविदादाता की वित्तीय बोली नहीं खोली जावेगी।

सचिव
मण्डल मुख्यालय, भरतपुर

**SBI** — भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन शाखा-।।, 11वां तल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1 टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली-110001, ईमेल : agmcl3.50950@sbi.co.in, फोन : 011-43179557

**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत कब्जा का सूचना (सांकेतिक)**
**(अचल संपत्ति के लिए)**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत **भारतीय स्टेट बैंक, एसएएम शाखा-।।, 11वीं मंजिल, जवाहर व्यापार भवन, एसटीसी बिल्डिंग, 1, टॉल्स्टॉय मार्ग, जनपथ, नई दिल्ली- 110001** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **दिनांक 17.02.2025 (भारतीय स्टेट बैंक, एसएमई विशिष्ट शाखा, सीतापुरा द्वारा जारी) (1) मैसर्स जौर्जा लैमिनेट्स प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता), पंजीकृत पता - 108, मां हिंगलाज नगर विस्तार, गांधीपथ पश्चिम, जयपुर - 302021 और फैक्टरी का पताः खसरा नंबर 946/943, 933/698, 945/930, मांडा, रीको फेस 2, ग्राम बैका बाग, डाकघर-कालाडेरा, जिला-जयपुर 303801, (2) श्री शिवांग गर्ग (व्यक्तिगत गारंटर) पता- प्लॉट नंबर 36, आनंद विहार विस्तार, गोपाल पुरा बायपास, त्रिवेणी नगर, जयपुर, पिन 302018, (3) श्रीमती उषा गर्ग (व्यक्तिगत गारंटर) पता- प्लॉट नंबर 36, आनंद विहार विस्तार, गोपाल पुरा बाय पास, त्रिवेणी नगर, जयपुर, पिन 302018, (4) मैसर्स शिवांग एंटरप्राइजेज (प्रोप्राइटरशिप कंसर्न), प्रो. श्री शिवांग गर्ग (कॉर्पोरेट गारंटर और बंधककर्ता), पता- प्लॉट नंबर 36, आनंद विहार विस्तार, गोपाल पुरा बायपास, त्रिवेणी नगर, जयपुर, पिन 302018, को नोटिस में उल्लिखित राशि रुपये 24,22,44,553/- (रुपये चौबीस करोड़ बाईस लाख चौवालीस हजार पांच सौ तिरपन मात्र) दिनांक 16.02.2025** तक तथा उक्त राशि पर **दिनांक 17.02.2025** से भविष्य का ब्याज एवं अन्य खर्चे क्रमशः, संविदात्मक दरों पर सभी आकस्मिक खर्चे, लागत शुल्क आदि सहित उक्त नोटिस के प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत **दिनांक 04.06.2025** को ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के वास्ते **रूपये 24,22,44,553/- (चौबीस करोड़ बाईस लाख चौवालीस हजार पांच सौ तिरपन रुपये मात्र) दिनांक 16.02.2025** तक प्लस उक्त राशि पर **दिनांक 17.02.2025** से ब्याज और अन्य खर्चे, क्रमशः संविदात्मक दरों पर अतिरिक्त ब्याज के साथ-साथ सभी आकस्मिक खर्चे, लागत, शुल्क आदि सहित के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल संपत्ति का विवरण**

1. फैक्टरी भूमि एवं भवन, खसरा नंबर 946/943, 933/698, 945/930 पर, मांडा, रीको फेस 2, ग्राम बैका बाग, डाकघर- कालाडेरा, जिला जयपुर 303801 **पूर्वः** खसरा नंबर 693 और 699, **पश्चिमः** खसरा नंबर 942/694 और 944/930, **उत्तरः** खसरा नंबर 929/695 और 932/698, **दक्षिणः** सड़क 18.00 मीटर चौड़ी, **मालिकः जौर्जा लैमिनेट्स प्राइवेट लिमिटेड**
2. औद्योगिक प्लॉट खसरा नंबर 950/739 पर, गांव- लालासर, मांडा औद्योगिक क्षेत्र के पास, तहसील किशनगंज-रेनवाल, जिला-जयपुर **पूर्वः** खसरा नंबर 951/739, **पश्चिमः** खसरा नंबर 957/738 और सड़क, **उत्तरः** खसरा नंबर 864/739, **दक्षिणः** सड़क और खसरा नंबर 739/2 **मालिकः शिवांग इंटरप्राइजेज**
3. औद्योगिक प्लॉट खसरा नंबर 959/861, 961/862 पर, ग्राम- लालासर, मांडा औद्योगिक क्षेत्र के पास, तहसील किशनगंज- रेनवाल, जिला-जयपुर **पूर्वः** खसरा नंबर 957/738, **पश्चिमः** खसरा नंबर 955/724, **उत्तरः** खसरा नंबर 725 और 726, **दक्षिणः** सड़क, **मालिकः शिवांग इंटरप्राइजेज**
4. औद्योगिक प्लॉट खसरा नंबर 962/953 और 955/724 पर, गांव- लालासर, मांडा औद्योगिक क्षेत्र के पास, तहसील किशनगंज-रेनवाल, जिला-जयपुर **पूर्वः** खसरा नंबर 959/861, **पश्चिमः** खसरा नंबर 963/953, **उत्तरः** खसरा नंबर 722 और 725, **दक्षिणः** रोड, **मालिकः शिवांग एंटरप्राइजेज**

**चल संपत्ति का विवरण**

कंपनी के कच्चे माल, प्रक्रिया में स्टॉक, तैयार माल, अर्ध-तैयार माल, स्टोर, स्पेयर, प्लांट, मशीनरी, फर्नीचर और अन्य विविध अचल संपत्तियां, बुक ऋण और कंपनी की अन्य चालू संपत्तियां जो फैक्ट्री परिसर में या अन्यत्र कंपनी के नाम पर वर्तमान और भविष्य में खसरा नंबर 946/943, 933/698, 945/930, मंडा, रीको फेज 2, गांव बैका बाग, पी.ओ- कालाडेरा, जिला जयपुर 303801 पर स्थित हैं। **मालिक- जौर्जा लेमिनेट्स प्राइवेट लिमिटेड**

दिनांकः 04.06.2025 स्थान : जयपुर — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

## संक्षिप्त

### पांच सड़कों के लिए 222.96 लाख की मंजूरी

**शाहपुरा ।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की अनुशंसा पर शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की पांच सडकों के लिए 222.96 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हुई। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया सह प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के खोजावाला पानी की टंकी से बावड़ी की ढाणी तक के लिए 48 लाख, खोजावाला स्कूल से बुनकर बस्ती तक के लिए 60.36 लाख, एनएच-48 से चाचावाला ढाणी होते हुए नंदा कसाना के मकान तक 38.10 लाख, नारायण दास रोड से वाया नेवग्यावाली होते हुए छीलावाली तेजा मंदिर तक के लिए 51 लाख, झिंझवाडियों की ढाणी से लेकर पूनिया की ढाणी तक सड़क निर्माण के लिए 25.50 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए सांसद राव राजेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया।

### शिविर में 142 आवेदन पत्र भरे

**राजगढ़ ।** पंचायत समिति परिसर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से सोमवार को आयोजित दिव्यांगजन सहायता शिविर में 142 आवेदन पत्र भरे गए। शिविर मंगलवार 10 जून को भी आयोजित होगा। भारी गर्मी के चलते शिविर में छाया पानी के इंतजाम नाकाफी साबित हुए। सोमवार सुबह से ही दिव्यांगजन पंजीकरण काउंटर पर लाइन में लग रहे एवं अपना पंजीकरण कराया। इस दौरान कार्यवाहक उपखंड अधिकारी हरकेश मीणा, विकास अधिकारी विक्रम सिंह गुर्जर, तहसीलदार वीपी सिंह, टहला तहसीलदार शरद राठिया, सहायक सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, एवं अन्य अधिकारियों ने दिव्यांगजन सहायता शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर के दौरान तापमान में बढ़ोतरी एवं असहज गर्मी से उपस्थित कर्मचारी भी प्रभावित रहे। शिविर में यूडीआईडी कार्ड के लिए 77 आवेदन पंजीयन में स्वावलंबन पोर्टल पर किए गए। 15 राजस्थान रोडवेज पास के लिए आवेदन एवं 50 संयुक्त सहायता उपकरण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सामाजिक सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रोजेक्ट पहचान,अलवर की पहचान के तहत पंचायत समिति परिसर में दिव्यांग जनों की सहायता शिविर का आयोजन किया गया।

### ट्रेन की चपेट से युवक की मौके

**नदबई ।** आगरा-बांदीकुई रेलमार्ग पर पिपरऊ स्टेशन के समीप मालगाडी की चपेट से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल की। बाद में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। रेलवे स्टेशन अधीक्षक की मानें तो कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव कारौली निवासी राजेश सिंह पुत्र लालसिंह की रेल पटरी पार करने दौरान मालगाडी की चपेट से मौत हो गई। बाद में पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया।

### चोरी प्रकरण में एक गिरफ्तार

टोंक। वृत्ताधिकारी राजेश कुमार विद्यार्थी के नेतृत्व में पुरानी टोंक थानाधिकारी नेमीचन्द गोयल द्वारा टीम गठित ने गेहु, सरसो, चना के कट्टे चोरी करने वाले आरोपी जमील मोहम्मद पुत्र निजाम मोहम्मद उम्र 32 साल निवासी दामोदर गोशाला के सामने जमात निवाई को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से दो गेहु के कट्टे बरामद किया गया।


**श्रद्धांजलि (षष्टम पुण्यतिथि)**



**स्व. श्रीमती शकुन्तला देवी शर्मा**

धर्मपत्नी **स्व. वैद्य श्री घनश्याम जी शर्मा** निवासी श्रीमाधोपुर की षष्टम पुण्यतिथि (10.06.2025) पर सभी परिवारजन की ओर से

*शत् शत् नमन एवं सादर श्रद्धांजलि*

कैलाश शर्मा (राष्ट्रदूत) एवं उमा शर्मा (से.नि.प्रधानाध्यापिका), नरेन्द्र शर्मा (से.नि.एयरफोर्स) एवं दीपशिखा, सत्यप्रकाश शर्मा (Govt. Supplier (M.E.S.) एवं ज्योति शर्मा (से.नि.प्रिंसिपल सी.सै.स्कूल) (पुत्र-पुत्रवधु), बीना एवं नरेन्द्र भारद्वाज (से.नि.भारतीय स्टेट बैंक) (पुत्री-दामाद), प्रशांत एवं प्रिया (पौत्र-पौत्रवधु) एवं समस्त परिवारजन

मो.नं.- 9829264308, 9829360428, 9462694531


# योग दिवस पर व्यवस्थाओं में कोई कमी नहीं रहे : कलेक्टर

- जिला कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा
- लाडो योजना की प्रगति में कमी पर जताई नाराजगी

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, सीडीपीओ बीना गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, बिजली विभाग सहायक अभियंता दिनेश भडाना, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने 21 जून को आयोजित किए जाने वाले योग दिवस की तैयारी हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने योग दिवस के दिन आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम स्थान पर योगा टीचर्स की ड्यूटी लगाने हेतु आयुर्वेद विभाग तथा पानी, मेट सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं हेतु नगर परिषद खैरथल को निर्देशित किया।



जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने खैरथल जिला सचिवालय पर अधिकारियों की बैठक ली ।

इसके अलावा जिला कलेक्टर ने विभागों को भेजे गए एमपी व एमएलए परिवादों की समीक्षा कर शेष परिवादों के जवाब भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर कलैक्टर ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने लाडो योजना की प्रगति में कमी पर गंभीरता दिखाते हुए संबंधित अधिकारी को योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए, ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नीचे तबके तक मिल सके। इसी प्रकार उन्होंने एनएफएसए के निर्धारित लक्ष्य अनुसार गरीब परिवारों को जोड़ने के निर्देश दिए साथ ही वंदे गंगा अभियान के तहत सभी सरकारी कार्यालय के वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर को सुधारने के निर्देश दिए ताकि आगामी बारिश में जल संचय हो सके। उन्होंने वंदे गंगा अभियान की प्रगति की समीक्षा कर अधिक से अधिक लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए साथ ही ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली एवं पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। सीएमएचओ अरविंद गेट को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने खैरथल जिला सचिवालय पर अधिकारियों की बैठक ली ।

## ट्रेन रोकने वालों पर एफआईआर

**भरतपुर (निस)।** गुर्जर समाज की महापंचायत के बाद भरतपुर के पीलूपुरा में ट्रेन रोकने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स (आरपीएफ) के पास ट्रेन रोकने और पटरियों-इंजन को नुकसान पहुंचाने वालों के करीब 300 वीडियो हैं। इनके आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। भरतपुर के बयाना सदर थाने में एसएचओ कृष्णवीर सिंह की ओर से सोमवार दोपहर एफआईआर दर्ज कराई गई। रिपोर्ट में ट्रेन रोकने और रेलवे ट्रैक व रेल को नुकसान पहुंचाने की बात कही गई है। रेलवे एक्ट और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। रिपोर्ट में कहा है कि काफी संख्या में रीट अभ्यर्थी ट्रेन के इंजन पर चढ़ गए। रेल पटरी को क्षितठास्त कर दिया। दरअसल, रविवार को महापंचायत खत्म होने के बाद भीड़ पटरियों पर पहुंच गई थी। मथुरा-सवाई माधोपुर पैसेंजर को रोक दिया था। दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को दो घंटे तक जाम किया। इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने पटरी उखाडने की भी कोशिश की थी। आरपीएफ थाना इंचार्ज ने कहा- हमारे पास 300 वीडियो आरपीएफ थाना भरतपुर के इंचार्ज प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया- कल बयाना क्षेत्र (भरतपुर) के करवारी और पीलूपुरा गांव के पास दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक को कुछ युवाओं ने अवरुद्ध कर दिया था। युवाओं ने मथुरा-सवाई माधोपुर पैसेंजर ट्रेन को भी रोका था। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने रेलवे ट्रैक और ट्रेन के इंजन को नुकसान पहुंचाया था। ट्रेन रोकना जुर्म है। हमारे पास 200 से 300 वीडियो हैं। सभी अधिकारी और कर्मचारी वीडियो को लगातार देख रहे हैं। आंदोलन के दौरान ट्रैक पर मौजूद लोगों की पहचान कर रहे हैं। प्रदर्शन के कारण 10 ट्रेन प्रभावित हुईं प्रदीप कुमार तिवारी ने बताया- प्रदर्शन के कारण 8 से 10 ट्रेन प्रभावित हुई थीं। युवाओं के हटने के बाद रेलवे की इंजीनियर टीम ने ट्रैक की मरम्मत की। इसके बाद रूट पर ट्रेनों का संचालन सुचारू किया जा सका। प्रदर्शनकारियों की पहचान के लिए लोगों से बात की जा रही है।

## सैनी के राजकीय अभिभाषक बनने पर स्वागत

- भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर मालियों का मोहल्ला उनियारा में माला, साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया

उनियारा/चौरु। रामकिशन सैनी एडवोकेट निवासी गाडोली को अपर जिला एवम सेसन न्यायालय उनियारा में राजकीय अभिभाषक (सरकारी वकील) नियुक्त करने पर उनियारा माली समाज के समरसता मंडल के पदाधिकारियो ने भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर मालियों का मोहल्ला उनियारा में माला, साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया



रामकिशन सैनी एडवोकेट को अपर जिला एवम सेसन न्यायालय उनियारा में राजकीय अभिभाषक नियुक्त करने पर स्वागत किया।

जिसमें माली समाज के लोगों में हर्ष है।वहीं क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र गुर्जर का आभार व्यक्त किया गया है । समरसता मंडल के अध्यक्ष के प्रहलाद सैनी, गोपाल सैनी,बिरधी चंद सैनी, युवराज सैनी ,रामकिशन सैनी, सत्यनारायण सैनी,राजेश सैनी, शंकर सैनी, सत्यनारायण सैनी,पंकज सैनी , किशन सैनी आदि कहीं समाज के लोग मौजूद थे।

## पावटा प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष नियुक्त

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के निर्देशानुसार कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा बैठक का आयोजन कर पावटा प्रागपुरा खेलना मंडल अध्यक्षों व कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान विराटनगर विधानसभा प्रभारी योगेश मेहता, ब्लॉक कांठोस कमेटी पावटा अध्यक्ष महादेव यादव, पी सी सी सचिव जगदीश मीणा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि खुशवीर गुर्जर, पावटा मंडल अध्यक्ष सुनील बिडला, पांचूडाला मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश बाकोलिया, दशरथ यादव, पार्षद राजेश यादव, रतिराम यादव, बीएल आर्य, करण पंसारी, शिंभू हाडिया, विकास वर्मा, रामस्वरूप



पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के निर्देशानुसार कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा बैठक का आयोजन कर अध्यक्षों व कार्यकारिणी का गठन किया ।

अधाना, मनीष निमोरिया, अजय सैनी, सीताराम सिंघल सहित कांठोस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि मनोनीत सदस्य आने वाले समय में कांठोस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

## दिव्यांगजनों का चिन्हिकरण

**अलवर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला के निर्देश पर जिले में दिव्यांगजनों को पात्रातानुसार योजनाओं से जोडकर आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोजेक्ट पहचान (अलवर की पहचान आत्मनिर्भर दिव्यांग) के तहत आज पंचायत समिति राजगढ में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया।

उन्होंने बताया कि शिविर में 50 दिव्यांग उपकरण, 15 रोडवेज पास एवं 77 यूडीआईडी कार्ड हेतु रजिस्ट्रेशन किए गए। उन्होंने बताया कि शेष रहे दिव्यांगजन पंचायत समिति राजगढ में ही 10 जून को आयोजित शिविर में उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन कराकर उपकरण एवं अन्य योजनाओं का लाभ उठावे। शिविर में उपखण्ड प्रशासन, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, संचार विभाग व राज्य परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि 11 से 12 जून तक पंचायत समिति परिसर कठूमर, 16 से 17 जून तक पंचायत समिति परिसर रामगढ, 18 से 19 जून तक पंचायत समिति परिसर लक्ष्मणगढ, 23 से 24 जून तक पंचायत समिति परिसर मालाखेडा, 25 से 26 जून तक पंचायत समिति परिसर गोविन्दगढ एवं 30 जून से 1 जुलाई तक पंचायत समिति परिसर थानागाजी में शिविर आयोजित होंगे तथा व 3 जुलाई को राजीव गांधी राजकीय सामान्य चिकित्सालय में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक होगा।

## निर्दलीय प्रत्याशी की जीत

अलवर। पंचायती राज उपचुनाव के नतीजे सोमवार को घोषित कर दिए गए। कठूमर जिला परिषद सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत दर्ज की, जबकि मालाखेडा पंचायत समिति के वार्ड 16 में निर्दलीय प्रत्याशी ने भाजपा को शिकस्त दी।

कठूमर सीट पर भाजपा का कब्जा कठूमर निर्वाचन क्षेत्र संख्या 29 की जिला परिषद सदस्य सीट पर भाजपा प्रत्याशी मुन्नी बाई ने 1280 वोटों से जीत हासिल की। उन्हें कुल 6437 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांठोस के चेतराम को 5157 वोट प्राप्त हुए। यह सीट सांसद संजना जाटव के निर्वाचित होने के कारण खाली हुई थी। यहां रविवार को हुए उपचुनाव में मतदाताओं का उत्साह काफी कम देखने को मिला था। इस सीट पर महज 24.58 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

मालाखेडा में निर्दलीय प्रत्याशी का परचम वहीं, मालाखेडा पंचायत समिति के वार्ड 16 में निर्दलीय प्रत्याशी भोमराज ने भाजपा उम्मीदवार भारत सिंह जाट को करारी शिकस्त दी। भोमराज को कुल 1132 वोट मिले जबकि भाजपा प्रत्याशी को 522 वोट ही मिले। भोमराज ने 610 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। इस वार्ड में मतदान प्रतिशत कठूमर के मुकाबले बेहतर रहा और 45.73 प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। शांतिपूर्ण रहा मतदान गौरतलब है कि यह पंचायती राज उपचुनाव 8 जून को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ था। दोनों ही क्षेत्रों में चुनाव प्रक्रिया के दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह का जन्म दिन सादगी से मनेगा : मिश्रा

**अलवर ।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की एक आवश्यक मिटिंग आयोजित की गई। मीटिंग के मुख्य अतिथि पी सी सी उपाध्यक्ष, संभाग प्रभारी एवं पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल एवं अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने की।

जिला प्रवक्ता रिपु दमन गुप्ता ने बताया कि मौजपुर हॉउस पर आयोजित मीटिंग में कांठोसजनों ने संविधान बचाओ रैली, जय हिंद सभा और एआईसीसी महासचिव, असम प्रभारी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह के 12 जून को जन्मदिन के अवसर पर कार्यक्रमों के बारे में विचार विमर्श किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि भंवर जितेन्द्र सिंह हम सब के सर्वमान्य नेता है, उन्होंने विश्व पटल पर अलवर को पहचान दिलवाई है, हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि हम उनका जन्मदिन सादगी के साथ बनाये। उन्होंने बताया कि जन्मदिन के अवसर पर प्रातः 7-30 बजे भवानी तोप के पास स्थित गौशाला में गौसवामनी, प्रातः 8-00 बजे मोती डूंगरी के पास स्थित युवरानी महेंद्र कुमारी पार्क मेँ पौधारोपण, प्रातः 8-30 बजे राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय में फल वितरण एवं काली मोरी पुलिया के पास स्थित मौजपुर हाउस में प्रातः 9-00



जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की बैठक में जितेन्द्र सिंह के जन्मदिन मनाने पर चर्चा की।

बजे से विशाल रक्तदान शिविर, प्रातः 10.00 बजे मदर टेरेसा होम मे आवासित बच्चों को भोजन वितरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों में अलवर की 11 विधानसभा क्षेत्र से कांठोस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन शामिल रहेंगे।

मिटिंग में रमेश खंडेलवाल, पी सी सी उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी, कांठोस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा अजीत यादव, गोपालदास खटीक, रोहिताश चौधरी, गफूर खान, संजय यादव, अनिल जैन, बलगम यादव, रिपुदमन गुप्ता, चंद्रभान गुर्जर, उमरदीन खान,जीत कौर सांगवान,लीली यादव, बसमीना, हरिशंकर रावत, चौथमल सैनी, बनवारी लाल शर्मा,अनवर साजिद, इम्तियाज हुसैन, दशरथ सिंह शेखावत, मूलचन्द गुर्जर, रमन सैनी, अनूप शर्मा, भीम गुर्जर, शिव सहाय मीणा, डाल चन्द वर्मा, मनीष कोली, राजेश सिद्ध, हुकम सिंह, के के खंडेलवाल, गौरी शंकर, गोपाल जायसवाल, राहुल खान, अजहर खान, मोहनलाल वर्मा, सुबे सिंह यादव, रामसहाय, गब्बर सिंह, इंद्र कुमार ,कप्तान सिंह, नरेंद्र मिश्रा, डॉ.तस्लीम, नवाब, ,शहजाद खान, हरकेश मीणा,अनिल कुमार ,अशोक नंदा ,अजीत, जसमाल , सुबे सिंह, मुकेश सैनी, राजेंद्र प्रसाद, संजय शुक्ला, लोकेश कुमार, अनिल दुबे, दुलीचंद कोली, सत्यनारायण शर्मा, रामगोपाल सोनी सहित कांठोस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### शीतला माता मंदिर में सद्बुद्धि यज्ञ

**अलवर।** सिलीसेढ़ क्षेत्र में प्रस्तावित 35 बोरिंगों के खिलाफ झील बचाओ- किसान बचाओ संघर्ष समिति का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को धरने का 12वां दिन रहा, जहां सिलीसेढ़ तिराहा के पास दर्जनों ग्रामीण और किसान डटे रहे। सोमवार सुबह धरना स्थल से डीजे के साथ लोगों ने एक यात्रा निकाली जो शीतला माता मंदिर तक पहुंची। वहां श्रद्धालुओं और प्रदर्शनकारियों ने सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया और भंडारे में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस मौके पर क्षेत्र में बोरिंग रुकवाने के लिए एकजुटता का संदेश दिया गया। संघर्ष समिति से जुड़े प्रेम पटेल ने बताया कि सिलीसेढ़ में होने वाली बोरिंगों के खिलाफ ठामीण और किसान लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। आज हमने शीतला माता मंदिर में हवन किया ताकि प्रशासन को सदबुद्धि मिले और वह इस क्षेत्र की झील और भूमिगत जल स्त्रोतों को बचाने के लिए कदम उठाए। भीषण गर्मी में भी हम धरना स्थल पर डटे हुए हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई बातचीत के लिए सामने नहीं आया है। हमारा संकल्प है कि सिलीसेढ में किसी भी सूरत में बोरिंग नहीं होने देंगे। उल्लेखनीय है कि ठामीणों का आरोप है कि प्रस्तावित बोरिंग से क्षेत्र का जलस्तर और झील का पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित होगा, जिससे किसान और आमजन को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इसी के विरोध में आंदोलन चलाया जा रहा है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### ई-वेस्ट संग्रहण वाहन रवाना

**अलवर ।** राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में अलवर शहर में 11 जून तक ई-वेस्ट जागरूकता एवं संग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज कलक्ट्रेट परिसर से ई-वेस्ट संठाहण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विभाग, उद्योग, चिकित्सा संस्थान एवं आमजन अपना ई-वेस्ट अधिकृत रिसाईकल्र्स को देकर उसका उचित मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा मैसर्स रामदास ट्रेडिंग कंपनी एवं ठीनस्केप ईको मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड रिसाईकल्स को अधिकृत किया गया है। अभियान के दौरान ई-वेस्ट को सुरक्षित और जिम्मेदारी से निस्तारण कर पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए जागरूक भी किया जाएगा। अभियान में घरों एवं दुकानों से निकलने वाले ई-वेस्ट को कलेक्शन करने हेतु व्हीकल चलाए जाएंगे एवं कलेक्शन सेंट्रो पर आमजन पुराने मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन, फ्रिज, एलइडी मॉनिटर, घरेलू उपकरण और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा करवा सकते हैं।

### 6 आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के द्वारा चलाये गये अवैध गतिविधयों की रोकथाम एवं लॉकल एवं माईनर एक्ट की कार्यवाही अभियान के तहत पुलिस उप-अधीक्षक निवाई मृत्युन्जय मिश्रा व थानाधिकारी रामजीलाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने मुखबीर की सूचना पर दौराने गश्त कार्यवाही करते हुए निर्माणाधीन कन्या महाविधालय कैरोद मोड के पास से तीन व्यक्तियों को रूपये-पैसों का दांव लगाकर ताशपति खेलते हुए गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से ताशपति एवं दांव पर लगे 11200 रूपये को जब्त किया गया। इसी प्रकार दत्तवास थाने में परिवादी के द्वारा रिपोर्ट पेश कर बताया कि शाहरूख सायर, वाहिद ने वाट्सअप, इस्टाग्राम, फेसबुक आईडी से परिवादी की पत्नि की निवस्त्र फोटो तथा पुत्री की फोटोऐं वायरल की, ओर जान से मारने की धमकीयां दी जिस पर आरोपियो के खिलाफ थाना दतवास में प्रकरण दर्ज किया गया। जिस पर थानाधिकारी निवाई द्वारा टीम गठित कर मुल्जिमान की तलाश हेतु कार्यवाही की गई। इस दौरान टीम द्वारा आरोपियो की तलाश हेतु चौथ का बरवाडा सवाईमाधोपुर पहुंचकर जगह-जगह संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर तथा तकनिकी सहायता से शाहरुख खान पुत्र जमाल खाँ उम्र 29 साल निवासी रहमानपुरा, साहिर खान पुत्र जमाल खाँ उम्र 35 साल एवं वाहिद खान पुत्र रहीमा खान जाति पठान मुसलमान उम्र 54 साल निवासी रहमानपुरा थाना चौथ का बरवाडा को डिटेन कर पूछताछ के दौरान जुर्म कारित करना पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया।

### अधिवेशन कार्यक्रम सम्पन्न

**टोंक।** राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ टोंक के तत्वाधान में जिला स्तरीय अधिवेशन सेन्ट जोसफ स्कूल के ऑडोटोरियम हॉल में सम्पन्न हुआ, जिसमें जिला कार्यकारिणी, तहसील अध्यक्ष, उनकी कार्यकारिणी, जिले के समाज के जनप्रतिनिधि गण, प्रबुद्ध नागरीक गणों एवं अधिकारी, कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अधिवेशन में मुख्य अतिथि आईएएस के.आर. कमलेश रहें एवं अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष शिवजीराम मीणा ने की। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने सामाजिक एकता एवं समाज सुधार पर चर्चा की। इस दौरान सामाजिक संगठन में समाज में एकता, शिक्षा एवं आरक्षण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर के.आर. कमलेश, कार्तिक मीणा, प्रो. चन्द्रशेखर मीणा, सुवालाल मीणा, रामदयाल मीणा, मुखराम मीणा, प्रहलाद मीणा, रंगलाल मीणा, तुलसीराम मीणा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, प्रभुलाल मीणा रानीपुरा, रमेश मीना निवाई, बंशीलाल मीणा उनियारा, जयकिशन मीणा देवली, यादराम मीणा देवली आदि लोगों ने सम्बोधित किया। सभी लोगों ने बालिक शिक्षा पर जो दिया। समाज में पिछडे/गरीब/असहाय बच्चे/बच्चियों की शिक्षा-समाज द्वारा वहन करने पर जोर दिया।

## श्रीरामकथा में हजारों श्रद्धालु पंहुचे

**श्रीमाधोपुर ।** बालसंत बालकदास जी महाराज के पावन धाम लिसाडिया के श्रीराम टेकडी आश्रम में पिछले पांच दिनों से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रीधाम अयोध्या के कथा वाचक आशीष पाण्डे की संगीतमय श्रीरामकथा का आनंद उठाने के लिए रोजाना हजारों श्रोता पांडाल में हाजिरी लगा रहे हैं। इस कथा के मुख्य यजमान रामेश्वर खोजी, रामेश्वर बापू, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, महिपाल सिंह शेखावत, राजू बोहरा एवं प्रभात यादव करीला बताए जा रहे हैं। श्री रामकथा में भारद्वाज मिलन, शिव विवाह उत्सव, रामजन्म, बाल लीला, विश्वामित्र याचना, धनुष भंग, राम विवाह, राम वन गमन, केवट चरित, शबरी प्रसंग, सुठीव भेंट, सीता खोज, रावण वध, राम राज्याभिषेक जैसे प्रसंग श्रोताओं को सुनने एवं देखने को मिल रहे हैं। रोजाना प्रसंग के अनुसार संजीव झांकियां सजाई जा रही हैं जिन्हें देखकर भक्तगण खासे प्रसन्निचत एवं प्रफ्फुलित हो रहे हैं। श्रीरामकथा में भक्तगणों , श्रृद्धालुओं, ग्रामीणजनों , संत- महात्माओं, जनप्रतिनिधियों , मीडियाकर्मियों का अच्छा खासा जमावडा देखने को मिल रहा है। दानदाताओं एवं भामाशाहों में होड़सी लगी हुई है। लगभग 80 वर्ष पुराने इस पवित्र धार्मिक स्थल पर जैसे रौनक सी छाई हुई है। हर कोई जय- सियाराम - जय- सियाराम की रट लगाता ही दिख रहा है। क्या स्त्री क्या पुरुष ,क्या बच्चे क्या बुद्धे सभी श्रीराम टेकड़ी पंहुचने के लिए उतावले दिखाई देते हैं। अपराह्न 3 से शाम 7.15 बजे तक लिसाडिया में केवल संगीतमय श्रीरामकथा की ही धुन सुनाई दे रही है। धाम पर संगीतमय श्रीरामकथा के साथ-साथ श्रीरामचरितमानस ज्ञानयज्ञ महोत्सव भी चल रहा है जिसमें विद्वान पण्डितों द्वारा पूजा , अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ हवन, पूजा ,धूप ,दीप एवं आहुतियां लग रही हैं। यजमान जोड़े विद्वान पण्डितों के मार्गदर्शन एवं दिशा, निर्देशन में आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। अगले पांच दिन बाद इस आयोजन की पूर्णाहुति हो जाएगी तथा भण्डारा , पंगत, महाप्रसादी का विशाल भव्य आयोजन होगा जिसमें भी हजारों की संख्या में भक्तगणों, श्रृद्धालुगणों, ग्रामीणजनों , संत- महात्माओं, जनप्रतिनिधियों , मीडियाकर्मियों के पंहुचने की प्रबल संभावना व्यक्त की जा रही है।



होप 90 रन के स्कोर पर आउट हुए। उन्होंने 38 गेंदों का सामना कर 49 रन बनाए। होप के आउट होने के बाद एविन लुईस, शेरफेन रदरफोर्ड और जॉनसन चार्ल्स भी जल्दी आउट हो गए और वेस्टइंडीज ने 117 रन पर 4 विकेट खो दिए।

वेस्टइंडीज बल्लेबाज, 90 रन की पारी खेलने के बाद।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — **संजय मांजरेकर**



**भारत** के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की टेस्ट क्रिकेट में कोई तुलना नहीं। रेड बॉल फॉर्मेट में कोहली का करियर रोहित से बहुत ज्यादा आगे है। रोहित अगर इंग्लैंड में ज्यादा टेस्ट खेलते तो उनका बैटिंग औसत 30 का भी नहीं रहता। लेकिन टेस्ट में दोनों के बीच बहुत बड़ा अंतर रहा। रोहित को विराट से जोड़ना गलत संजय मांजरेकर ने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा, भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा, उन्हें रोहित शर्मा और विराट कोहली की कमी महसूस होगी, लेकिन उन पर इस बात का दबाव नहीं है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज जब इंग्लैंड में आयोजित होती है, तब इसे पटौदी ट्रॉफी कहा जाता था। जब ये ट्रॉफी भारत में खेली जाती है तो इसे एंथनी डी मेलो ट्रॉफी कहा जाता था।

# इंग्लैंड ने दूसरा टी-20 चार विकेट से जीता, वेस्टइंडीज से सीरीज भी जीती



नई दिल्ली, 9 जून ।इंग्लैंड ने ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही इंग्लैंड तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है।

वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 196 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया इंग्लैंड ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। इंडीज की खराब शुरुआत रही। पहली ही गेंद पर एविन लुईस आउट हो गए। हालांकि, उसके बाद कप्तान शाई होप और दूसरे ओपनर जॉनसन चार्ल्स ने पारी को संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 66 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी की।

होप 90 रन के स्कोर पर आउट हुए। उन्होंने 38 गेंदों का सामना कर 49 रन बनाए। होप के आउट होने के बाद एविन लुईस, शेरफेन रदरफोर्ड और जॉनसन चार्ल्स भी जल्दी आउट हो गए और वेस्टइंडीज ने 117 रन पर 4 विकेट खो दिए। जॉनसन चार्ल्स ने 39 गेंदों का सामना कर 47 रन बनाए। रोमारियो शेफर्ड और रोवमैन पॉवेल के बीच 13 गेंदों पर 31 रन की साझेदारी पांचवें विकेट के लिए रोमारियो शेफर्ड और रोवमैन पॉवेल के बीच 13 गेंदों पर 31 रन की साझेदारी हुई। पॉवेल 34 रन बना कर आउट हुए। छठे विकेट के लिए शेफर्ड ने जेसन होल्डर के साथ 14 गेंदों पर 42 की साझेदारी कर स्कोर 190 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। होल्डर ने 9 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए।

इंग्लैंड के लिए ल्यूक वुड ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए इंग्लैंड के लिए वुड ने 4 ओवर में 25 रन खर्च करते हुए 2 विकेट लिए। ब्रायडन कार्स ने 42 रन देकर 1 सफलता हासिल की। जेकब बेथल ने 3 ओवर में 24 रन देकर 1 विकेट लिया।

आदिल राशिद महंगे साबित हुए। उन्होंने 4 ओवर में 59 रन खर्च किए। 19वें ओवर में उन्होंने 31 रन दे दिए। इंग्लैंड की भी शुरुआत खराब 197 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की भी खराब शुरुआत रही। 9 के स्कोर पर जेमी स्मिथ पवेलियन लौट गए। उसके बाद जोस बटलर और बेन डकेट ने दूसरे विकेट के लिए 37 गेंदों पर 63 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। बटलर ने तीसरे विकेट के लिए हैरी ब्रूक के साथ 29 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी की। छठे विकेट के लिए टॉम बेंटन ने जैकब बेथेल के साथ 15 गेंदों पर 43 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई।

अल्जारी जोसेफ वेस्टइंडीज के सफल गेंदबाज रहे वेस्टइंडीज के लिए अल्जारी जोसेफ ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। उन्होंने 4 ओवर में 45 रन खर्च किए। उनके अलावा अकील हुसैन ने 4 ओवर में 33 रन देकर 1 विकेट लिया।होल्डर की गेंदबाजी भी अच्छी रही और उन्होंने 3.3 ओवर में 30 रन देकर 1 सफलता अपने नाम की। रोमारियो शेफर्ड और रोस्टन चेज को भी 1-1 सफलता मिली।

**विग्ने कप मैच में 78 रनों की पारी के बाद हुआ विवाद**

# जिम्बाब्वे क्रिकेटर सिकंदर रजा ने लगाया नस्लीय दुर्व्यवाह का आरोप



नई दिल्ली, 9 जून। जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने स्थानीय कोच पर नस्लीय दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। यह घटना 1 जून को विग्ने कप मैच के दौरान की है। वह अपनी टीम ओल्ड हरारियंस की तरफ से रेनबो क्रिकेट क्लब के खिलाफ खेल रहे थे। हरारे मेट्रोपॉलिटन क्रिकेट एसोसिएशन में शिकायत दी उन्होंने इसकी शिकायत हरारे मेट्रोपॉलिटन क्रिकेट एसोसिएशन में दी है। क्रिकेट की वेबसाइट क्रिक इन्फो के मुताबिक रजा ने आरोप लगाया है कि वह ओल्ड हरारियंस क्लब में ओल्ड हरारियंस और रेनबो क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए मैच के दौरान जब ग्राउंड से बाहर जा रहे थे, तब कोच ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की।

रजा ने कहा, ''मैं इस घटना की पूरी जांच की मांग करता हूं। अगर कोच दोषी पाया जाता है, तो उन्हें ऐसा सबक सिखाया जाना चाहिए कि भविष्य में किसी के साथ ऐसी घटना न हो।'' मैच के दौरान रजा ने 56 गेंदों में 78 रन बनाए, जिससे उनकी टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 402 रन बनाए। जवाब में रेनबो क्रिकेट क्लब ने 39 ओवर में 8 विकेट पर 225 रन बनाए और पद्धित से 142 रनों से मैच हार गई। में लाहौर कलंदर्स को खिताब जिताने में अहम रोल निभाया था

रजा ने में लाहौर कलंदर्स को खिताब जिताने में अहम रोल निभाया था। उन्होंने लाहौर में खेले गए फाइनल में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के खिलाफ विजयी रन बनाए थे। उन्होंने 7 गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए थे। साथ ही एक विकेट भी लिया था। यह 2025 में रजा का दूसरा टी20 फ्रेंचाइजी ट्रॉफी रहा। इससे पहले उन्होंने 20 भी जीता था। दूसरे टी-20 में इंग्लैंड 4 विकेट से जीत:वेस्टइंडीज से सीरीज भी जीती; बटलर-डकेट की 63 रन की साझेदारी, बेंटन-बेथेल ने दिलाई जीत

इंग्लैंड ने ब्रिस्टल में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में वेस्टइंडीज को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही इंग्लैंड तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाने के साथ ही सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया है। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 196 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 6 विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

# दौसा ने जालोर को छह विकेट से हराया

**कोलिन शील्ड प्रतियोगिता में अपने पहले मैच में दौसा ने जालोर को 6 विकेट से हराया**



जयपुर, 9 जून। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि कोलिन शील्ड प्रतियोगिता में दौसा टीम ने जालौर की टीम को 6 विकेट से करारी शिकस्त दी है। दौसा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी को चुना और दौसा ने जालोर को 50 ओवर में 243 रनो पर रोक दिया।

दौसा की ओर से करन मीना ने 56 रन देकर 3 विकेट, पृथ्वी नागरवाल ने 34 रन देकर 2 विकेट लिए और सभी गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी और बेहतरीन छेत्र रक्षण कर जालोर को 243 रन पर रोक दिया । दौसा की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआती साझेदारी में देवकृत शर्मा ने 38 बॉल पर 50 रन ,दिव्याशु ने 106 बॉल पर 83 रन और सचिन शर्मा ने 51 बॉल पर 68 रन की ताबड़तोड़ बैटिंग की सहायता से 38.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 247 रन बना दिए और मिराज खेल मैदान पर 6 विकेट से जीत दर्ज की । सचिव बृजकिशोर उपाध्याय द्वारा टीम के सभी सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी गई साथ ही अगले मैचों में टीम के खिलाड़ियों को इस मैच में अपनी कमजोरियों को दूरकर शानदार खेलने हेतु प्रेरित किया।

## केपीएल टूर्नामेंट : राजघराना टाइगर्स ने जीता कप अल्टीमो डेयरडेविल्स बनी उपविजेता

जयपुर, 9 जून। पिंकसिटी के एसएमएस स्टेडियम में वैश्य समाज द्वारा पिछले चार दिनों से चल रही केपीएल लीग में राजघराना टाइगर्स ने जीता कप, अल्टीमो डेयरडेविल्स बनी उपविजेता। मीडिया इंचार्ज अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि केपीएल में डे नाइट फाइनल मुकाबला अल्टीमो डेयरडेविल्स और राजघराना टाइगर्स के बीच हुआ।टॉस हारकर पहले खेलते हुए अल्टीमो डेयरडेविल्स ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 112 रन बनाए जिसमें मोहित लाहोटी ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 32 रनों का योगदान दिया और टाइगर्स के ध्रुव बाकलीवाल ने 3 विकेट लिए थे। लगातार विकेट गिरने के चलते एक वक्त 87 रनों पर 7 विकट गिर गए थे, किंतु ध्रुव 41 रन नाबाद बना राजघराना टाइगर्स को लगातार तीसरी बार कप जितवाया। फाइनल के बेस्ट प्लेयर धुव्र बाकलीवाल रहे। और दूसरा आकर्षण का केंद्र बॉलीवुड एक्टर्स सोनाली राऊत रही। इस दौरान जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खण्डेलवाल, विधायक बालमुकुन्दाचार्य, विधायक प्रत्याशी रवि नैयर, पूर्व महापौर ज्योति शरद खण्डेलवाल, भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल, विख्यात समाज सेवी सुरेश पाटोदिया, शिव कुमार मकराना, पवन गोयल, राजेन्द्र मित्तल, जेके जैन, सुधीर गोधा, तरुण जैन इत्यादि मौजूद रहे।

## करौली क्रिकेट एसोसिएशन की हाईकोर्ट में याचिका जस्टिस आनंद शर्मा की कोर्ट में होगी सुनवाई आज

जयपुर, 9 जून। अवकाश क़ालीन न्यायाधीश जस्टिस आनंद शर्मा की अदालत में होगी सुनवाई। स्वदीप सिंह होरा की ओर से दायर की गई याचिका। करोली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शिवचरण माली की है याचिका। हाईकोर्ट में खेल सचिव नीरज के पवन के आदेश के ख़िलाफ़ हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका। करोली क्रिकेट संघ के सचिव शिवचरण माली को अपदस्थ करने के ख़िलाफ़ रजिस्ट्रार सहकारिता और नीरज के पवन के आदेश को दी गई हाई कोर्ट में चुनौती।

## पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है : अल्फारो

साओ पाउलो, 9 जून। पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा, यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा, ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है।

# टीम इंडिया के होम सीरीज के वेन्यू शिफ्ट हुए

**वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट कोलकाता से दिल्ली शिफ्ट हुआ**



नई दिल्ली, 9 जून। इंटरनेशनल होम सीजन और साउथ अफ्रीका ए के भारत दौरे के लिए वेन्यू में बदलाव किए हैं। टीम इंडिया अक्टूबर से दिसंबर के बीच वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से सीरीज खेलेगी। भारत और वेस्टइंडीज के बीच 2 टेस्ट की सीरीज अक्टूबर में होगी। जबकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज नवंबर-दिसंबर में खेलेगी।

वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट जो पहले कोलकाता में होना था, अब नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बीच, 14 नवंबर से शुरू होने वाले साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहला टेस्ट नई दिल्ली से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शिफ्ट कर दिया गया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद और दिल्ली में 2 टेस्ट टीम इंडिया का होम सीजन वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज से शुरू होगा। 2 अक्टूबर से दोनों टीमों के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहला टेस्ट खेला जाएगा। 10 अक्टूबर से दूसरा टेस्ट कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन अब ये दिल्ली में खेला जाएगा।

वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप ( ) का हिस्सा हैं। इसके बाद टीम इंडिया 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। फिर 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया में 5 टी-20 की सीरीज भी होगी। साउथ अफ्रीका से पहला टेस्ट दिल्ली से कोलकाता शिफ्ट हुआ ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीनों फॉर्मेट की सीरीज खेलनी है।

18 नवंबर से कोलकाता में पहला टेस्ट और 26 नवंबर से गुवाहाटी में दूसरा टेस्ट शुरू होगा। पहला टेस्ट पहले दिल्ली में खेला जाना था। बरसापारा स्टेडियम में पहली बार रेड बॉल से इंटरनेशनल मैच होगा। इससे पहले यहां वनडे और टी-20 के 12 इंटरनेशनल मैच खेले जा चुके हैं।

# आरडी बाहेती जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता शुरू, डॉ. नीरज के. पवन ने उद्घाटन किया



जयपुर, 9 जून। सवाई मानसिंह स्टेडियम इंडौर बैडमिंटन हॉल पर आरडी बाहेती चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का उद्घाटन प्रमुख खेल सचिव डॉक्टर नीरज के पवन (खेल व युवा मामलात) आरडी बाहेती तथा प्रदीप बाहेती द्वारा किया गया। डॉ नीरज के पवन व प्रदीप बाहेती ने प्रथम शटल कॉक फेंक कर शुरूआत की। डॉ नीरज के. पवन ने इस मौके पर सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। जिला सचिव मनोज दसोत ने बताया प्रतियोगिता में लगभग 700 खिलाड़ी भाग लेंगे।

ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री अतुल गुप्ता के अनुसार आज खेले गए लगभग 350 मैच, जिसमें अंडर 15 वर्ग के क्वालीफाई राउंड में, जिन्हें जीत यह 16 खिलाड़ी अभिषेक समी चौधरी, लक्ष्य देवंद, विकास कुमार, आरव, अर्शदीप मिश्रा, यशराज, युवराज सिंह, काव्य मनवानी देव चौधरी, दिवांशु गगन, साक्षात बीजारणिया, अभिनव चौधरी, कीर्तिराज, अर्जुन विजयवर्गीय तथा सिद्धांत जीतकर मेन राउंड में पहुंचे। वही अंदर 15 लड़कियों में दो राउंड जीतने के बाद सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अगले राउंड में पहुंचे। अतुल गुप्ता ने बताया उद्घाटन समारोह राजस्थान बैडमिंटन जगत के अशोक कॉलोनी, वीरेंद्र भार्गव, अलका बत्रा, रितु लोहिया, जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के पैटर्न राजीव नागोरी, राजेंद्र पाटनी, जगदीश खत्री, विकास माथुर, अमन कुमावत, आदि उपस्थित रहे। मंगलवार को अंडर 15, अंडर 17 व सीनियर वर्ग के महिला व पुरुष वर्ग के एकल मैच खेले जाएंगे ।

## कोटियान और काम्बोज के नाबाद अर्द्धशतक, मुकाबला रहा ड्रॉ

नार्थम्पटन, 9 जून। तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन सोमवार को ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी। इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाये जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिये और तुषार देशपांडे ने एक बल्लेबाज को आउट



## राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता

जयपुर, 9 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्माने बतायाकि बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26की पूर्व तैयारियों की लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीप बिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वाराबीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफीक्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रहीराज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता में आज नागौर, चूरू, टोंक, चित्तौड़, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, हनुमानगढ़, धौलपुर, बारां, दौसा, राजसमंद वपाली जीते। आज के मैचों में हिमांशु पुजारी, मिलिंद पाटीदार, प्रदीप बारेसा, रामेश्वर लाल गायरी, रोहित बंजारा, अभिषेक प्रताप सिंह, सिद्धार्थ गौतम, सचिन शर्मा, महिपाल लोमरोर, दीपक गौर, भगवत सिंह, शोएब खान, आदित्य वाधवा, रमन घारू, दिव्यांशु सिंह का शानदार प्रदर्शन रहा।

**65वां केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर आबू पर्वत का समापन आज**

# खेल राज्यमंत्री के.के. विश्नोई होंगे मुख्य अतिथि

जयपुर, 9 जून। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद की ओर से आयोजित 65वां केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर आबू पर्वत का समापन मंगलवार को होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खेल राज्य मंत्री के. के. विश्नाई होगें। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि आबू पर्वत में 65वां केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का समापन कल होगा। खेल राज्य मंत्री के.के. विश्नोई मुख्य अतिथि होगें। जबकि समारोह की अध्यक्षता जिला कलक्टर सिरोही व आईएएस अल्पा चैधरी करेगी। समारोह के विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सिरोही व आईपीएस अनिल कुमार बेनीवाल, उपखंड अधिकारी व आईएएस डॉ. अन्शु प्रिया, वित्तीय सलाहकार खेल परिषद महावीर मीणा और द्रोणाचार्य अवार्डी व खेल परिषद के मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया होंगे। मुख्य शिविर निदेशक और राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया ने बताया कि आबू पर्वत शिविर 6 खेलों में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में हैंडबाल, वॉलीबाल, बास्केटबाल, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स और तीरंदाजी शामिल है। 80 बालक और 80 बालिकाओं सहित कुल 160 खिलाडी शिविर में भाग ले रहे है। शिविर 21 मई से शुरू हुआ था।

## सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्रप्रदेश के लिए खेलेंगे

लखनऊ, 9 जून। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के 32 वर्षीय स्पिन गेंदबाज सौरभ कुमार नए घरेलू सत्र में आंध्रा की ओर से खेलेंगे। सौरभ ने बताया कि उसे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल चुका है और वह इस नई पारी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। सौरभ ने कहा, मैं कुछ नए मौके तलाश में था और पिछले कुछ दिनों से मेरी दो-तीन टीमों से बात हो थी। अंततः मैंने आंध्रप्रदेश का चयन किया, क्योंकि वह एक बेहतर टीम है और एलीट ग्रुप में खेलती है।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को पुष्कर में ''वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान'' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने राजीविका से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार इको फ्रेंडली प्रोडक्ट्स की स्टॉल्स का अवलोकन किया और महिलाओं को तुलसी के पौधे भी भेंट किए।*

# सरकारी शिक्षक ने मंत्री मदन दिलावर को रिश्वत देने का प्रयास किया

## जनसुनवाई के दौरान यह शिक्षक मिठाई का डिब्बा व लिफाफे में पाँच हजार रूपये लेकर पहुँचा

■ **बाँसवाड़ा के घाटोल ब्लॉक में कार्यरत चंद्रकांत वैष्णव को शिक्षा मंत्री की सूचना पर हिरासत में ले लिया गया।**

जयपुर, 9 जून। शहर के सोडाला थाना इलाके के सिविल लाइंस स्थित एक सरकारी शिक्षक ने मंत्री के आवास पहुंचकर रिश्वत देने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि आरोपित शिक्षक पाठ्यक्रम समिति में शामिल होने के लिए जनसुनवाई के दौरान प्रार्थना पत्र लेकर आया था। इसके साथ एक लिफाफा और मिठाई का डिब्बा भी था। लिफाफे में पांच हजार रुपए थे। मामले की जानकारी मिलने पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोडाला थाना पुलिस को सूचना दे दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित शिक्षक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

पुलिस के अनुसार, रुपयों का लिफाफा देने वाले युवक का नाम चंद्रकांत वैष्णव है और वह बांसवाड़ा के घाटोल ब्लॉक में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बुधा में कार्यरत है। पुस्तक लेखन का काम राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद करती है। उसी लेखन प्रक्रिया में आरोपित शिक्षक स्वयं को शामिल करवाना चाहता है। इसी मंशा के साथ सोमवार सुबह चंद्रकांत मंत्री के जयपुर के सिविल लाइंस स्थित आवास पर पहुंचा था।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि वे सोमवार सुबह जनसुनवाई कर रहे थे। उसी दौरान, सरकारी शिक्षक चंद्रकांत वैष्णव पाठ्यक्रम समिति में शामिल करने की मांग के लिए प्रार्थना पत्र लेकर आया। इसके साथ, शिक्षक एक लिफाफा और मिठाई का डिब्बा भी लाया था। लिफाफे में पांच हजार रुपए थे तो उन्होंने सामान्य लिफाफा समझ कर रख लिया, क्योंकि रोज सिफारिश के पत्र के साथ कई लिफाफे आते हैं। जब लिफाफा संदिग्ध दिखा तो उसे खोलने पर, उसमें पांच हजार रुपए थे। इस पर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस अपने स्तर पर पूछताछ कर रही है तो वहीं, विभाग की एक अलग टीम भी जांच में जुटी है।

आरोपित टीचर एबीवीपी और संघ की विचारधारा से जुड़ा होना बताया गया है।

सरकारी शिक्षक ने पत्र में लिखा कि 'वह छात्र जीवन से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और संघ की विचारधारा से जुड़ा है। वह भारतीय मजदूर संघ जैसे संगठन से जुड़ा है तथा इसके अलावा, शिक्षा विभाग में विभागीय गतिविधियों में कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुका है। वर्तमान सरकार की मंशानुसार नई पाठ्यपुस्तक निर्माण समिति कक्षा 6-8 विज्ञान विषय में लेखक के रूप में शामिल करने की अनुशंसा करवाने का श्रम करें।

मंत्री दिलावर ने कहा कि यह मेरे जीवन की पहली घटना है। उनको लगभग 35 - 36 साल राजनीति में हो गए। लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ, जब किसी को ये लगा हो कि शिक्षा मंत्री पैसे देकर काम करते हैं।

पहले परंपराएं रही होंगी। इसलिए आरोपित शिक्षक ने हिम्मत की है। ये दुखद बात है कि लोगों की सोच ये है कि शिक्षा मंत्री पैसे लेते हैं।

# 'जल संरक्षण हमारी जिम्मेदारी, प्रदेश को ''हरियालो राजस्थान'' बनायेंगे

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने अजमेर में विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया, ब्रह्मा मंदिर में पूजा की

■ **मुख्यमंत्री ने कहा, पुष्कर को धार्मिक व सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार पहले चरण में 127 करोड़ रूपये तथा दूसरे चरण में 38 करोड़ रूपये खर्च कर रही है।**

पुष्कर/जयपुर, 9 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, जल का कोई विकल्प नहीं है, जल है तो कल है। ऐसे में आने वाली पीढ़ी को पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के लिए जल संरक्षण हम सबकी महती जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने जल की आवश्यकता को समझते हुए प्रदेशभर में विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान की शुरूआत की है। उन्होंने आ ान किया कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से जुड़ें, जिससे राजस्थान में पानी की कमी नहीं रहे तथा हमारा प्रदेश हरियालो राजस्थान बने।

शर्मा सोमवार को पुष्कर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीर्थराज पुष्कर की इस पावन धरा पर पूरी दुनिया से पर्यटक आते हैं। यहां स्थित ब्रह्मा जी का मंदिर और सावित्री माता का मंदिर विश्वभर में प्रसिद्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राजस्थान की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को समझते हुए डेढ़ साल में पानी की निर्बाध आपूर्ति के लिए लगातार निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए देशभर में 'कैच द रेन' अभियान प्रारंभ किया था। इस अभियान से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान का शुभारंभ किया।

शर्मा ने कहा कि पुष्कर को एक भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर एवं परिसर के विकास के लिए विभिन्न कार्य चरणबद्ध रूप से करवाए जा रहे हैं। पहले चरण में लगभग 127 करोड़ रु. की लागत से घाट नवीनीकरण, सावित्री वाटिका, ब्रह्मा मंदिर से ब्रह्मा घाट तक कॉरिडोर, ब्रह्मा चौक से वराह घाट तक कॉरिडोर सहित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। दूसरे चरण में कुल 38 करोड़ की लागत से नया मेला मैदान, प्रवेश और सूचना केंद्र का निर्माण किया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने आमजन से इस अभियान में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने की अपील की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अजमेर जिले में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के प्रथम चरण के अंतर्गत 13.51 करोड़ रुपये के 553 जल संग्रहण संरचनाओं तथा द्वितीय चरण के अंतर्गत 9 करोड़ 61 लाख रुपये की 176 जल संग्रहण संरचनाओं का वर्चुअली लोकार्पण किया। शर्मा ने अजमेर जिले के बंदिया एवं मुहामी गांव के कॉजवे एवं फीडर मरम्मत कार्य, फूल सागर बीर जलाशय का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सभा स्थल पर राजीविका से जुड़ी महिलाओं द्वारा तैयार इको फ्रेंडली प्रोडक्ट्स की स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा महिलाओं को तुलसी के पौधे भी भेंट किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ब्रह्मा घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तीर्थराज पुष्कर का पूजन तथा जलाभिषेक किया तथा ब्रह्मा मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके अलावा, मंदिर परिसर में स्थित ब्रह्म वाटिका में सिंदूर का पौधरोपण भी किया।

## पाक बमबारी में क्षतिग्रस्त घरों का अतिरिक्त मुआवजा मिलेगा

नयी दिल्ली, 09 जून। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गृह मंत्रालय से पाकिस्तान की गोलाबारी में क्षितग्रस्त हुए 2060 मकानों के लिए केंद्र सरकार के मुआवजे के अतिरिक्त 25 करोड़ रुपए का प्रावधान करने को कहा है।

■ **केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा पूर्ण क्षतिग्रस्त मकान के लिए 2 लाख रु. और आंशिक रुप से क्षतिग्रस्त मकान के लिए एक लाख रु. मुआवजा दिया जाएगा।**

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद जम्मू और कश्मीर के सीमावर्ती जिलों में पाकिस्तानी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त हुए घरों के लिए हाल ही में मुआवजा राशि दिए जाने की घोषणा की थी। गृह मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त प्रत्येक घर के लिए दो लाख रुपये और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त प्रत्येक घर के लिए एक लाख रुपये की अतिरिक्त मुआवजा राशि की घोषणा का त्वरित अनुपालन सुनिश्चित कराया गया है।

# ग्रैटा थनबर्ग के जहाज पर इज़रायल ने कब्जा किया

## जानी मानी जलवायु एक्टिविस्ट ग्रैटा थनबर्ग 12 मानवाधिकारवादियों के साथ पानी के जहाज़ से गाज़ा पट्टी के लोगों के लिए सहायता ले जा रही थी

■ **इज़रायल की तमाम चेतावनियों के बाद भी जब ''फ्रीडम फ्लोटिला'' संगठन का जहाज मैडलीन नहीं रुका तो इज़रायल ने बीच समंदर में ही जहाज पर कब्जा कर लिया।**

■ **फ्रीडम फ्लोटिला की स्थापना गाज़ा के लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए गई थी।**

तेल अवीव, 9 जून। फिलीस्तीन के गाज़ा पट्टी में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए ग्रैटा थनबर्ग (जानीमानी क्लाइमेट एक्टिविस्ट) सहित, 12 ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट्स के समूह के जहाज को इज़रायली सैनिकों ने अपने कब्जे में ले लिया है। उसपर बीच समंदर इज़रायली सैनिक सवार हो गए हैं। इस जहाज का नाम मैडलीन है और फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन अभियान समूह ने टेलीग्राम ऐप पर कहा है कि जहाज से ''कनैक्शन टूट गया है''। इसके साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की गई जिसमें लाइफ जैकेट पहने लोग हाथ ऊपर करके बैठे दिख रहे हैं। ट्विटर पर वीडियो पोस्ट करके एक्टिविस्ट्स ने दावा किया है कि उन्हें इज़रायली सेना ने किडनैप कर लिया है।

इज़रायल के रक्षा मंत्री इज़रायल काट्ज ने पहले ही अपनी सेना को आदेश दिया था कि जहाज को गाज़ा की नाकाबंदी तोड़ने से पहले ही रोक दिया जाए। इज़रायल का दावा है कि वह नहीं चाहता कि हथियार हमास तक पहुंचें और उन्हें ही रोकने के लिए नाकाबंदी जरूरी है। इज़रायल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मैडलीन ''सुरक्षित रूप से इज़रायल के तटों की ओर बढ़ रहा है।''

फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन का हिस्सा, मैडलीन गाज़ा पर इज़रायल के किए नाकाबंदी को तोड़ने के लिए राहत सामग्री के साथ पिछले हफ्ते सिसली से रवाना हुआ था। गाज़ा युद्ध 7 अक्टूबर, 2023 को इज़रायल पर हमास के हमले से शुरू हुआ था। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि हमास के हमले में इज़रायली पक्ष के 1,218 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर नागरिक थे। वहीं, रविवार को, हमास द्वारा संचालित गाज़ा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाज़ा में मरने वालों की कुल संख्या 54,880 तक पहुंच गई है, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं।

हमास के हमले से पहले से ही इज़रायल ने गाज़ा पर नौसैनिक नाकाबंदी लागू कर रखी है। यानी समुद्र के रास्ते वो गाज़ा में कुछ नहीं आने देता। इस नाकाबंदी का विरोध करने और मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए 2010 में फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन की स्थापना की गई थी।

## एसआई पेपर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि उसके बेटे का जल्दी ही विवाह होने वाला है। इसके साथ ही उसकी बेटी का गौना भी होना है। इसलिए उसे अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए। जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक अनुराग शर्मा ने कहा कि आरोपी जेल के अस्पताल से उचित चिकित्सा सुविधा हासिल कर रही है। ऐसे में केवल इस आधार पर उसे अंतरिम जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता। इसके अलावा, आरोपी श्रवण का बेटा नाबालिग है। इसलिए उसकी शादी भी संभव नहीं है। अदालत ने सभी पक्षों की बहस सुनने के बाद, मामले की सुनवाई 2 जुलाई को तय की है।

## '11 साल का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जानकारी लेने के लिए भी आमंत्रित किया। मोदी ने अपने पोस्ट में कहा, ''सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान! 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी के बल पर भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर, एनडीए सरकार ने तेजी से और संवेदनशीलता के साथ युगांतकारी परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, जन-केन्द्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही, हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं!''

## मेघालय के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनके पर्यटन पर असर पड़ता है।

अब सरकार इस बात से राहत महसूस कर रही है कि यह मामला व्यक्तिगत था और ''वो उत्तर भारतीय'' ही इसके लिए जिम्मेवार थे।

जांच जारी है और जहाँ साजिशों की अनेक ''कॉन्स्पिरेसी थ्योरी'' चल रही हैं, तथ्य यह है कि यह मामला पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया है और हर जगह इसी की बात हो रही है!!

# देश भर में करोना के 6491 एक्टिव केस

## राहत की बात है कि गत 24 घंटों में करोना संक्रमण से कोई मौत नहीं हुई

■ **करोना के सबसे ज्यादा एक्टिव केस (1957) केरल में हैं। राजस्थान में भी करोना पैर पसार रहा है, यहां 128 एक्टिव केस हैं।**

नयी दिल्ली, 09 जून। देशभर में कोराना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या सोमवार सुबह तक 6491 पहुंच गयी और राहत की बता यह है कि इसके संक्रमण से पिछले 24 घंटों के दौरान किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक 358 नए संक्रमण के मामले सामने आए, जिससे कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 6,491 हो गई। राहत की बात यह है कि पिछले 24 घंटों में कोरोना से संबंधित किसी अन्य मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों की संख्या 65 पर स्थिर है।

कोरोना संक्रमण के मामले में केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य बना हुआ है, जहां आज सुबह सक्रिय मामलों की संख्या 1957 तक पहुंच गई और दिल्ली में लगभग 42 नए मामले सामने आए, जिससे कुल मामलों की संख्या 728 हो गई।

इसके अलावा गुजरात में 980, पश्चिम बंगाल में 747, महाराष्ट्र में 607, कर्नाटक में 423, तमिलनाडु में 219, उत्तर प्रदेश में 225, राजस्थान में 128, हरियाणा में 100, आंध्र प्रदेश में 85, पुडुचेरी में 11, सिक्किम में 31, मध्य प्रदेश में 43, झारखंड में चार, छत्तीसगढ में 41, बिहार में 50, ओडिशा में 34, जम्मू-कश्मीर में नौ, पंजाब में 35, असम में चार, गोवा में नौ, तेलंगाना में नौ, उत्तराखंड में छह, चंड़ीगढ़ में दो, हिमाचल प्रदेश तीन, त्रिपुरा में एक सक्रिय मामले हैं। मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश में कोरोना संक्रमण को कोई मामला सामने नहीं आया है।

कोरोना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार आज सुबह तक देश भर से 624 मरीजों के स्वस्थ्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है।

इस बीच, कोविड-19 के लिए जिम्मेदार वायरस सार्स-सीओवी-2 खत्म नहीं हुआ है, लेकिन यह अब अप्रत्याशित आपातकाल की तरह व्यवहार नहीं करता है - बल्कि, यह फ्लू की तरह बीमारियों के आवर्ती चक्र का हिस्सा बन गया है।

मंत्रालय के अनुसार हाल ही में हुई वृद्धि के जवाब में, केंद्र सरकार ने अस्पताल की तैयारियों और ऑक्सीजन, आइसोलेशन बेड, वेंटिलेटर और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता का मूल्यांकन करने के लिए विभिन्न राज्यों में मॉक ड्रिल शुरू की है।

## शिक्षा मद के 2291 करोड़ रु. रोकने के मामले में तत्काल सुनवाई जरुरी नहीं

नयी दिल्ली, 09 जून। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार पर समग्र शिक्षा योजना (एसएसएस) की 2291.30 करोड़ रुपए की धनराशि रोकने का आरोप लगाते हुए उसका भुगतान करने का निर्देश देने की तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र तत्काल सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मामले का विशेष उल्लेख करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता पी विल्सन की तत्काल सुनवाई की दलीलें सुनने के बाद कहा,इसमें कोई जल्दबाजी नहीं है, ग्रीष्मकालीन के बाद इस पर सुनवाई की जा सकती है।

तमिलनाडु सरकार ने लाखों बच्चों के पढ़ाई संबंधित नुकसान का का हवाला देते हुए अपनी याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया था।

राज्य की द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपनी मूल याचिका में उसने केंद्र सरकार को 2,291.30 करोड़ रुपये का भुगतान करने का निर्देश देने की मांग की, जिसमें एक मई, 2025 से लेकर डिक्री की प्राप्ति तक 2,151.59 करोड़ रुपये की मूल राशि पर छह फीसदी प्रति वर्ष ब्याज शामिल है।

## मोदी जी ने, 11 जून ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यह मुद्दा अभी भी अनसुलझा बना हुआ है। इसी कारण से मंत्रिमंडल में फेरबदल रुका हुआ है। अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप के साथ समस्याओं ने प्रधानमंत्री मोदी और उनकी छवि तथा प्रधानमंत्री पद पर गहरा प्रभाव डाला है।

वे ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए किसी भी आरोप का उत्तर देने में असमर्थ रहे हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धिवराम का श्रेय उन्होंने (ट्रंप ने) लिया। इस बिन्दु पर, प्रधानमंत्री मोदी की ओर से चुप्पी और लगातार चुप्पी बनी हुई है। भाजपा और आरएसएस दोनों के भीतर आगामी दिशा को लेकर बेचैनी और असंतोष है, और यह समझ नहीं आ रहा कि भारतीय नेतृत्व को अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कैसे और क्यों पीछे धकेल दिया गया।

यह तो पक्का है कि राष्ट्रपति ट्रंप, युद्धिवराम, भाजपा अध्यक्ष पद और कई अन्य मुद्दों पर सवाल उठेंगे, इसलिए बेहतर है कि सरकार को परेशान कर रहे इन विवादित मुद्दों से दूर रहा जाए और किसी और को इनका सामना करने दिया जाए।

## टाइगर के हमले ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के कोई इंतजाम नहीं कर रहा है।

मंदिर चौकीदार की मौत से गुस्साए ग्रामीण गणेश धाम पर बैठ गए और निर्णय लिया कि जब तक प्रशासन द्वारा मांगों को लेकर सहमति नहीं बनती, तब तक धरने से नहीं उठेंगे। उधर अगले आदेश तक रणथंभौर का गणेश मंदिर मार्ग बंद कर दिया गया। मुख्य वन संरक्षक अनूप के आर ने बताया कि रणथंभौर दुर्ग स्थित गणेश मंदिर के पास ही जैन मंदिर है। जैन मंदिर में तीन चौकीदार हैं। इनमें एक राधेश्याम माली (60) सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे शौच करने निकला, तभी टाइगर ने उस पर हमला कर दिया। उसकी चीख सुनकर दोनों साथी चौकीदारों ने वन विभाग को सूचना दी। विभाग की टीम ने मंदिर के निकट खून के छींटे देखकर राधेश्याम की तलाश की। खून के निशानों के पीछे-पीछे करीब 30 मीटर दूर गए तो चौकीदार का शव मिल गया। शव के पास राधेश्याम की लाठी व टॉर्च मिलीं। वन कर्मचारियों ने शव सामान्य चिकित्सालय की मोर्चरी पहुंचाया। तथापि, किस टाइगर ने हमला किया, यह अभी पता नहीं चल सका है।

## महागठबंधन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। राजनैतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि राहुल गांधी की जनसामान्य, खासतौर से उपेक्षित समुदायों एवं महिलाओं, तक पहुँच का गहरा असर हुआ है। हाल ही में हुई जातिगत जनगणना की घोषणा, जिसकी अधिसूचना 16 जून को की जायेगी, से जातिगत सक्रियता एवं लामबंदी में बहुत वृद्धि हुई है। बताया जाता है कि ओबीसी, एमबीसी तथा मुस्लिम वोट बैंक जदयू-भाजपा से दूर हो रहे हैं।

भाजपा की परेशानियों को बढ़ाने वाला एक बड़ा कारण यह भी है कि उसके पास कोई ऐसा प्रभावी स्थानीय नेता नहीं है, जो तेजस्वी यादव की बढ़ती लोकप्रियता का मुकाबला कर सके। बिहार में भाजपा का कोई ऐसा नेता न होना, जो प्रचार को नेतृत्व दे सके तथा कार्यकर्ताओं को एकजुट कर सके, भाजपा की एक कमज़ोरी एवं कमी रही है। इसके अलावा, वक्फ के मुद्दे को विवादास्पद तरीके से हैंडल करने से बहुत से मुस्लिम मतदाता भाजपा से दूर हो गये हैं। वे अब आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन के पीछे इकट्ठे होते दिखाई दे रहे हैं।

राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर वर्तमान स्थिति बनी रहती है तो महागठबंधन दो-तिहाई सीटें हासिल कर सकता है। ठाकुर ने कहा, ''बिहार में एनडीए की स्थिति तेजी से खराब हो रही है। अगर एनडीए अपने आंतरिक मतभेदों एव टकरावों का समाधान नहीं करता है तथा नेतृत्व का कोई विश्वसनीय विकल्प प्रस्तुत नहीं करता है, तो पटना जाने वाली सड़क उसके लिये ब्लॉक होती जा रही है।''

बिहार की चुनावी लड़ाई जैसे-जैसे गति पकड़ रही है, सबकी नज़रें इस बात पर लगी हुई हैं कि भाजपा अपनी रणनीति को कैसे सुधारती है या फिर एक नई शक्ति से परिपूर्ण विपक्षी मोर्चे द्वारा सत्ता से बाहर कर दिये जाने का खतरा उठाने की स्थिति में पहुँचती है।

## मुंबई में लोकल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने दुर्घटना का मुख्य कारण अत्यधिक भीड़ बताया है, कथित तौर पर उस समय कई यात्री ट्रेन के दरवाजों पर लटके हुए थे।

घटना की सूचना मिलने के बाद रेलवे अधिकारी और पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया। दुर्घटना की परिस्थितियों की जांच अभी चल रही है।

इस दुर्घटना से प्रभावित मार्ग पर लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित हो गयी हैं। शुरुआती रिपोर्टों से पता चलता है कि पांच लोगों की मौत हो गई है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी भी लंबित है। बचाव और जांच के प्रयास जारी रहने के कारण आगे के विवरण की प्रतीक्षा है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि रेलवे ने लोकल ट्रेन से गिरकर पांच ट्रेन यात्रियों की मौत की दुर्घटना मामले के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# ''बाहरी'' व्यक्तियों को खदेड़ने...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सरकारी और निजी संपत्ति को हुए कुछ नुकसान के साथ-साथ सड़कों पर हुई हिंसा के लिए वास्तव में इतनी कठोर कार्रवाई की जरुरत है। अर्धसैनिक बलों की तैनाती, कथित रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी के, लॉस एंजलिस के गवर्नर की इच्छा के विरुद्ध की गई है।

राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप, इस बीच इससे भी आगे बढ़ चुके हैं तथा उन्होंने और अधिक बल भेजने की बात कही है। उनके विदेश मंत्री, पीट हेगसेथ, ने चेतावनी दी है कि सक्रिय ड्यूटी वाले मरीन सैनिकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और अशांत इलाकों में तैनाती के लिए सैनिक पूरी तरह तैयार हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ट्रंप प्रशासन और स्वयं राष्ट्रपति इस प्रदर्शन को एक अवसर के रूप में लेना चाहते हैं, ताकि वे घरेलू अशांति को दबाने के लिए सैनिकों की तैनाती की अपनी तत्परता दिखा सकें। अमेरिका में यह बात दुर्लभ मानी जाती है कि एक डैमोक्रैटिक व लिबरल सोसाइटी में किसी नागरिक विरोध को बल प्रयोग से दबाया जाए।

लेकिन ट्रंप के दो उद्देश्य हैं, पहला, अपने सख्त नेता की छवि को दर्शाना, और दूसरा, प्रशासन के लिए जो घटनाएं बहुत हानिकारक हैं, उनसे ध्यान हटाना, जैसे कि ट्रंप का तथाकथित ''बिग एंड ब्यूटीफुल बिल,'' जिसका तात्पर्य है कि वे खर्च और घाटे में वृद्धि के साथ-साथ अपने परम मित्र एलन मस्क के साथ खुले आम झगड़ा कर रहे हैं।

उदार विचारधारा वाले लोगों का मानना है कि यह एक ध्यान भटकाने की रणनीति है, जिसका खतरनाक सामाजिक प्रभाव हो सकता है। राष्ट्रपति जानबूझकर हिंसा और अशांति के दृश्य को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, ताकि अमेरिका की धरती पर नियमित सैनिकों की तैनाती के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें। यहां तक कि पूर्व सैनिकों के कुछ संगठन भी, राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए विरोध प्रदर्शन को बढ़ाने की ट्रंप की कोशिशों का विरोध कर रहे हैं।

जिस तरह से देश अप्रवासियों और रंगभेद के खिलाफ कड़े रुख की ओर बढ़ रहा है, उसके कारण उच्च शिक्षा या नौकरी की तलाश के लिए अमेरिका एक खतरनाक जगह बनता जा रहा है। भारतीय छात्रों के साथ, जिनके वीज़ा वैध थे, गंभीर दुर्व्यवहार की खबरें भी सामने आई हैं।

विदेशी छात्रों में, चीनी छात्रों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया है और कई के वीज़ा रद्द कर दिए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप, चीनी छात्रों के आवेदन में भारी गिरावट आई है।

ये घटनाक्रम अमेरिका को बहुत महंगे पड़ने वाले हैं। कई विदेशी छात्रों ने अमेरिका में काम करना जारी रखा है और देश के विकास में बहुत योगदान दिया है तथा दे रहे हैं। लेकिन डॉनल्ड ट्रंप और उनकी अमेरिका फर्स्ट नीति के बाद विदेशी प्रतिभाओं का प्रवाह अब बहुत कम हो जाएगा।

## राजा हत्याकांड ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पुलिस को सूचना मिली कि सोनम रघुवंशी को उत्तरप्रदेश के गाजीपुर में बरामद किया गया है। इसके बाद मेघालय पुलिस और इंदौर पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। इसमें तीन संदिग्धों को राउंड अप कर लिया गया है। तीनों आरोपी राज कुशवाह, विशाल चौहान और आकाश राजपूत इंदौर के हैं। मेघालय पुलिस इन तीनों से आगे की पूछताछ कर रही है। एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। दो आरोपियों को इंदौर से और एक को इंदौर के पास से हिरासत में लिया गया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908